दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी कोरोना के लिए पैसे नहीं, इनके...
4 अभिव्यक्ति हे राम, नेपाल के ओली को ...
9 मनोरंजन/खेल सुशांत को याद कर भावुक...
11 व्यापार कोरोना संकट बाजार पर भारी,...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2020, श्रावण कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-155 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

चीन की गोद में बैठकर भारत से पंगा लेने की मूर्खता करने वाले नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली बेवकूफ नहीं बल्कि नीम पागल है। उन्होंने पागलपंती दिखाते हुए बयान दिया है कि भारत की अयोध्या नकली हैं। असली अयोध्या नेपाल में है और भगवान श्री राम भारतीय नहीं बल्कि नेपाली थे। डर है कि ये बुड़बक ओली कही ये दावा न कर दे कि खुद को देश का चौकीदार बताने वाले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्वज भी नेपाली है क्योंकि चौकीदारी के काम पर नेपालियों का एकाधिकार रहा है। इसे ही कहते है विनाश काले विपरीत बुद्धि।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेली की अध्यक्षता में केबिनेट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

'गोधन न्याय योजना' अनुमोदित, हरेली पर्व से होगी शुरुआत

- गोबर क्रय की दर परिवहन व्यय समेत 2 रुपए निर्धारित
- गांव में 2408 और शहरों में 377 गोठानों से होगी योजना प्रारंभ
- अविवाहित कर्मी के भाई-बहन को भी अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। गोधन न्याय योजना राज्य के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी के स्वीकृत गोठानों को रोजगारोन्मुख बनाने हेतु ''गोधन न्याय योजना'' का अनुमोदन किया गया। प्रदेश में हरेली पर्व से इस योजना की शुरूआत होगी। प्रदेश में अब तक 5300 गोठान स्वीकृत किए जा चुकें है जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 2408 और शहरी क्षेत्रों में 377 गोठान बन चुकें है। जहां से इस योजना की शुरूआत की जाएगी।

प्रदेश में स्थापित गोठान में गोवंशीय और भैसवंशीय पशुपालक से गोठान समितियों के माध्यम से गोबर क्रय कर उससे वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद तैयार किया जाएगा। इससे जैविक खेती को बढ़ावा के साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर, गौपालन एवं गौ-सुरक्षा को प्रोत्साहन, खुली चराई पर रोक, द्विफसली क्षेत्र के विस्तार के साथ ही पशुपालको को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। मंत्रिमण्डलीय समिति द्वारा गोठान ग्राम में पशुपालकों से 1.50 रूपए प्रति किलो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भूपेश केबिनेट के ये अहम फैसले

संविलियन एक नवंबर 2020 से

- *दो वर्ष एवं उससे अधिक की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शेष बचे पंचायत और नगरीय निकाय संवर्ग के शिक्षकों का संविलियन एक नवंबर 2020 से स्कूल शिक्षा विभाग में किए जाने का अनुमोदन किया गया। इसका लाभ 16 हजार 278 शिक्षकों को मिलेगा।*

अनुकंपा नियुक्ति

- *अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र 14.06.2013 में संशोधन करते हुए निर्णय लिया गया कि - यदि भाई/बहन अवयस्क हो तो, नियोक्ता द्वारा इस संबंध में अविवाहित दिवंगत शासकीय सेवक के माता/पिता से अंतरिम आवेदन पत्र प्राप्त कर अवयस्क सदस्य (भाई/बहन) के वयस्क होने पर उसे उसकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय/चतुर्थ श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी।*

छत्तीसगढ़ मोटरयान शिथिल

- *छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 21 के तहत यात्री बसों के माह-जून के देय मासिक कर में पूर्णतः छूट प्रदान करने एवं दो माह तक की कालावधि के लिए वाहन अथवा अनुज्ञा पत्र निष्प्रयोग में रखे जाने पर अग्रिम देय मासिक कर जमा करने संबंधी प्रावधान को अस्थाई रूप से शिथिल करने का निर्णय लिया गया।*

स्टाम्प शुल्क/पंजीयन शुल्क में छूट

- *नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन, गैर रियायती एवं रियायती दरों पर आबंटित नजूल पट्टों को भूमि स्वामी अधिकार में परिवर्तन विलेखों में देय स्टाम्प शुल्क/पंजीयन शुल्क में छूट देने का निर्णय लिया गया।*

मुख्यमंत्री ने दिलाई 15 विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ

छत्तीसगढ़ी, संस्कृत और हिंदी में ली माननीयों ने शपथ

3 महिलाओं समेत 12 विधायक मंत्रियों संग अटैच

- राजकीय गीत अरपा-पैरी के बाद शुरु हुआ समारोह
- प्रदेश में पहली बार बनें 15 विधायक संसदीय सचिव

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। आखिरकार संसदीय सचिवों की नियुक्ति आज शपथ ग्रहण के साथ ही पूरी हो गई। मंगलवार की शाम चार बजे मुख्यमंत्री निवास में 12 विधायकों को संसदीय सचिव की शपथ दिलाई गई। इनमें तीन महिला विधायक हैं। शपथग्रहण सादे समारोह में पूर्व में ही तय फार्मूले से किया गया है। उसके अनुसार जिन जिलों से मंत्री नहीं है उन इलाकों से प्रतिनिधित्व दिया जाना तय था। इस के तहत विधायकों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- विनोद चंद्राकर को टीएस सिंह देव के साथ संलग्न किया गया है
- द्वारकाधीश यादव स्कूल शिक्षा विभाग आदिम जाति अनुसूचित जाति विभाग में संबद्ध
- शकुंतला साहू को कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के साथ किया गया संबद्ध
- चंद्र देव राय को मोहम्मद अकबर के साथ परिवहन आवास एवं पर्यावरण विभाग में संबद्ध
- विकास उपाध्याय को पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ संबद्ध
- अंबिका सिंह देव को गुरु रूद्र कुमार के साथ किया गया संबद्ध
- चिंतामणि महाराज को ताम्रध्वज साहू के साथ पीडब्ल्यूडी विभाग में संबद्ध
- पारसनाथ राजवाड़े को उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के साथ किया गया संबद्ध
- यूडी मिंज को आबकारी मंत्री कवासी लखमा के साथ किया गया संबद्ध
- कुंवर सिंह निषाद को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत के साथ किया गया संबद्ध
- इंदर सा मंडावी को राजेश मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ किया गया संबद्ध
- गुरदयाल सिंह बंजारे को स्वास्थ्य मंत्री डीएसपी देव के साथ किया गया संबद्ध
- रश्मि आशीष सिंह को महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया के साथ किया गया संबद्ध
- रेख चंद जैन नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के साथ होंगे संबद्ध
- शिशुपाल शोरी को वन मंत्री मोहम्मद अकबर के साथ किया गया संबद्ध।

अच्छी खबर

कोरोना वायरस जांच डब्ल्यूएचओ मानकों के अनुरूप : मंत्रालय

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में कोरोना वायरस'कोविड-19' की जांच कम नहीं हो रही हैं और यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही की जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) राजेश भूषण ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में इन बातों को गलत करार दिया कि देश में कोरोना वायरस की जांच आबादी के अनुपात में नहीं हो रही हैं।

दुबे मुठभेड़ : सुको ने जांच समिति गठन के दिये संकेत

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के दुर्दांत अपराधी विकास दुबे एवं उसके गुर्गो की मुठभेड़ की विशेष जांच संबंधी याचिका पर राज्य सरकार से मंगलवार को जवाब तलब किया। मुख्य न्यायाधीश बोबडे, न्यायमूर्ति रेड्डी और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की खंडपीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल और याचिकाकर्ता वकीलों- घनश्याम उपाध्याय और अनूप अवस्थी- की दलीलें सुनने के बाद हैदराबाद मुठभेड़ की तर्ज पर तथ्यान्वेषी समिति गठित करने के संकेत दिये।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	889,397	23,335
अमेरिका	3,481,680	138,291
ब्राजील	1,888,889	72,950
ब्रिटेन	290,133	44,830
इटली	243,230	34,967
मैक्सिको	304,435	35,491
फ्रांस	172,377	30,029
स्पेन	303,033	28,406
ईरान	262,173	13,211
रूस	739,947	11,614

सचिन पायलट पर ऐक्शन लेकर बोले सीएम अशोक गहलोत-

'दुखी हूं, लेकिन 6 माह से चल रहे षडयंत्र के बाद यह फैसला लिया'

जयपुर (ए.)। राजस्थान में चले पॉलिटिकल ड्रामे में सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से भी हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल कलराज मिश्र के पास जाकर उन्हें इसकी जानकारी दे दी। इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पिछले छह महीने से षडयंत्र चल रहा था। हमारे कुछ साथी गुमराह होकर दिल्ली चले गए। हम सबको जानकारी थी कि हॉर्स ट्रेडिंग चल रही है।

ये चलता रहा, चलता रहा और ये स्थिति आज इसलिए पहुंची है क्योंकि हमारे कुछ साथी गुमराह होकर दिल्ली चले गए। लेकिन बीजेपी का मंसूबा पूरा नहीं हुआ। बीजेपी ने धन-बल के आधार पर जो खेल खेला है पहले कर्नाटक, मध्य प्रदेश वही राजस्थान में करना चाहते थे। ये बीजेपी का खुला खेल था। जो लोग उधर गए हैं, वे भी समझ रहे हैं कि उनपर जनता का प्रेशर है। सचिन पायलट पर गहलोत ने कहा कि हमने उन्हें कल भी मौका दिया था। उनकी वजह से हमने आज फिर मीटिंग रखी थी, लगा था उनको सद्बुद्धि आ जाएगी, लेकिन वे नहीं आए। उनकी तरफसे आठ-10 लोग और आना चाहते हैं। जो लोग गए हैं वे बीजेपी के हाथों में खेल रहे हैं।

पायलट ने ट्वीट कर रखी अपनी बात

सचिन पायलट ने ट्वीट कर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि 'सत्य को परेशान किया जा सकता है पराजित नहीं।' यही नहीं सचिन पायलट ने अपने ट्विटर अकाउंट का बायो भी चेंज कर लिया है। इसके अलावा इस पूरे मसले पर सचिन पायलट खेमे से बयान सामने आया है। दीपेंद्र सिंह, विश्वेंद्र सिंह और रमेश मीणा ने बयान जारी किया है। तीनों ने सचिन पायलट को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। सचिन पायलट और हमें एसओजी के जरिए नोटिस भिजवाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। सचिन पायलट के समर्थक विधायक भंवरलाल शर्मा ने बताया कि मैं पहली बार का विधायक नहीं हूं, 7 बार का विधायक हूं। इस प्रस्ताव में कोई दम नहीं है। विप का कोई उल्लंघन नहीं है। हम तो विकास के मुद्दे पर नाराज हैं। उन्होंने कहा कि 22 हमारे साथ हैं और 30 से ज्यादा विधायक हमारे खेमे में हैं। हम बीजेपी में नहीं जाएंगे। सोनिया गांधी, राहुल को पहले हमारी याद नहीं आई, आज याद आई है।

बिहार सरकार का बड़ा फैसला,16 से 31 जुलाई तक पूरे प्रदेश में कंप्लीट लॉकडाउन

पटना। बिहार में कोरोना के बिगड़ते हालात के मद्देनजर नीतीश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने पूरे प्रदेश में फिर से 15 दिनों के लिए पूर्ण लॉकडाउन का ऐलान कर दिया है। इस बार कंप्लीट लॉकडाउन की अवधि 16 से 31 जुलाई तक की होगी। राज्य के उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निकाय, जिला मुख्यालय, अनुमंडल और प्रखंड मुख्यालय 15 दिनों के लिए लॉकडाउन रहेगा।

सेना में 89 ऐप्स बैन : हाईकोर्ट की लेफ्टिनेंट कर्नल को दो टूक-

फेसबुक अकाउंट बंद कीजिए या नौकरी छोड़िए

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हाई कोर्ट ने सेना में 89 ऐप्स पर बैन लगाए जाने के खिलाफ याचिका दायर कर फेसबुक यूज की अनुमति मांगने वाले एक लेफ्टिनेंट कर्नल पर बेहद कड़ी टिप्पणी की। हाई कोर्ट ने साफ कहा कि जब बात देश की सुरक्षा की है तो वहां किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा सकती है। उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय खंडपीठ ने लेफ्टिनेंट कर्नल पी. के. चौधरी से यहां तक कह दिया कि अगर वो फेसबुक नहीं छोड़ सकते तो नौकरी छोड़ दें। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा- आपके पास विकल्प हैहाई कोर्ट ने सेना के इस वरिष्ठ अधिकारी को अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि या तो संगठन के आदेश का पालन कीजिए या इस्तीफा दे दीजिए। लेफ्टिनेंट कर्नल पी. के. चौधरी ने हाल में फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल नेटवर्किंग साइट का इस्तेमाल सशस्त्र बल के कर्मियों के लिए प्रतिबंधित किए जाने को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने कहा कि उनके पास विकल्प है। लेफ्टिनेंट कर्नल ने सेना के आदेश के खिलाफ कोर्ट में यह दलील दी थी कि जब अकाउंट बंद कर देंगे तो उनके फेसबुक अकाउंट में सभी डेटा, संपर्क और दोस्तों से संपर्क टूट जाएगा जिसे फिर बहाल करना मुश्किल होगा। इस पर पीठ ने कहा, 'नहीं, नहीं।

सेना ने 6 जून को फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत कुल 89 ऐप के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया

कोंडागांव जिला अस्पताल बन सकता है कोरोना हॉटस्पॉट

पिता-पुत्री दोनों डाक्टर, पति आईटीबीपी में, संक्रमित

- पूरे परिवार ने नहीं किया क्वारेंटाइन का पालन

नवप्रदेश संवादाता

कोंडागांव। जिला अस्पताल में पदस्थ महिला डॉक्टर व उसके पिता कोरोना जांच में पॉजिटिव आये हैं । कुछ दिनों पहले ही महिला डॉक्टर के पिता हैदराबाद से लौटे थे। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ काव्या रेड्डी नाक ,कान, गाला रोग विशेषज्ञ के रूप में ओपीडी में मरीजों को देखती हैं। महिला डॉक्टर की लापरवाही से कोंडागांव जिला मुख्यालय कोरोना हॉटस्पॉट बन सकता है। कोरोना पॉज़िटिव महिला डॉक्टर लगातार ओ पी डी में मरीजों को चिकित्सा दे रहीं थीं। वही महिला चिकित्सक व उनके हैदराबाद से लौटे पिता ने होम कोरेन्टाइन का पालन नही किया था ■ शेष पृष्ठ 8 पर

झांसी से लौटे प्रवासी कामगार को क्वारेंटाइन सेंटर में काटा सांप, मौत

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोविड-19 के चक्कर में कई तरह की दुश्वारियों से लोगों का पीछा छूटता नहीं दिख रहा है। लैंगी के क्वारेंटाइन सेंटर में सांप का निशाना बने एक प्रवासी कामगार को नहीं बचाया जा सका। जानकारी मिलने पर पीड़ित को तत्काल पेंड्रा के सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहर के असर से आखिरकार उसकी मौत हो गई। पसान पुलिस मर्ग डायरी आने पर आगे की कार्यवाही करेगी। जिला मुख्यालय से 96 किलोमीटर दूर विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा और पसान थाना के अंतर्गत आने वाले लैंगी गांव के क्वारेंटाइन सेंटर में बीती रात 12 बजे यह घटना हुई। जिसमें 25 वर्षीय धन सिंह की जान चली गई। यह व्यक्ति लैंगी का ही निवासी था। कामकाज ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जंगल के पास स्कूल में रखे गए हैं पांच लोग

सौगात — ओबीसी वर्ग में छाई खुशी की लहर, 27% आरक्षण पर जताया भारत सरकार का आभार

27 % ओबीसी आरक्षण के साथ केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने जारी की एडमिशन की गाइडलाइन

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली/नवप्रदेश। केन्द्रीय तथा नवोदय विद्यालयों के प्रवेश में 27 फीसदी ओबीस आरक्षण की मांग अब पुरी होने जा रही है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने आज (मंगलवार) सत्र 2020-21 के प्रवेश देने 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित एडमिशन गाइड लाइन 2020 जारी कर दी है। जिसकी प्रति दैनिक नवप्रदेश के पास उपलब्ध है।

ज्ञात हो कि केंद्रीय व नवोदय विद्यालयों में 27% आरक्षण का निर्णय सतना के भाजपा सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता वाली अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण की संसदीय समिति की अनुशंसा पर भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा दिसंबर 2019 में लिया गया था। जिसके फ्लस्वरूप जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने तो कक्षा छठवीं में प्रवेश देने 31 मार्च 2020 को अधिसूचना जारी कर दी थी। वहीं केन्द्रीय विद्यालय संगठन कोरोना संकट के बाद कक्षा पहली में 2020-21 सत्र के प्रवेश की अधिसूचना जारी करने वाला था। जो अन्ततः आज 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण का प्रावधान जोड़ते हुए जारी हो गई है। जिससे ओबीसी समाज में हर्ष व्याप्त है। वहीं यह आरक्षण दिलाने के लिए बरसों से प्रयासरत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के देश में 1225 विद्यालय

1963 में स्थापित केन्द्रीय विद्यालय संगठन के तहत क्रियाशील देश के 1225 व विदेश के 3 विद्यालयों में कुल 13,15,157 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। जहां सीबीएसई से संबद्ध कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी विषय पढ़ाये जाते हैं। जिनमें से कई केन्द्रीय विद्यालय देश के महानगरों, उपनगरों व प्रोजेक्ट स्कूल के नाम से फौज, आई.टी.बी.पी., रेलवे, कोयला खदान आदि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थापित हैं।

जवाहर नवोदय के 661 स्कूल

वहीं 1986 में स्थापित जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के तहत देश में क्रियाशील 661 निःशुल्क आवासीय विद्यालयों में कुल 2,73,759 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। जहाँ सी.बी.एस.ई. से संबद्ध कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के सभी विषय पढ़ाये जाते हैं. ये भारत के प्रत्येक जिले में 1-1 किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैं। वैज्ञानिक पद्धति से बनाये गए पाठ्यक्रमों व उच्च शिक्षित सुयोग्य अध्यापकों की उपलब्धता के चलते इन विद्यालयों की शिक्षा जगत में अपनी एक अलग साख व प्रतिष्ठा है। वहीं दिल्ली, मुंबई, कोलकोता, चेन्नई भोपाल, रायपुर, नागपुर आदि महानगरों व छोटे नगरों में संचालित केन्द्रीय विद्यालयों व जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश प्राप्ति हेतु अभिभावकों में घोर स्पर्धा रहती है।

चीन से महाडील के बाद ईरान ने भारत को दिया बड़ा झटका

तेहरान (ए.)। ईरान-चीन के बीच होने जा रही 400 अरब डॉलर की महाडील से ठीक पहले ही भारत पर इसके दुष्प्रभाव दिखने लगे हैं। ईरान ने भारत को चाबहार रेल परियोजना से बाहर कर दिया है। ईरान ने कहा है कि समझौते के 4 साल बीत जाने के बाद भी भारत इस परियोजना के लिए फंड नहीं दे रहा है, इसलिए वह अब खुद ही चाबहार रेल परियोजना को पूरा करेगा। ईरान के इस ऐलान से भारत को बड़ा कूटनीतिक झटका लगा है।

यह रेल परियोजना चाबहार पोर्ट से जहेदान के बीच बनाई जानी है। पिछले सप्ताह ईरान के ट्रांसपोर्ट और शहरी विकास मंत्री मोहम्मद इस्लामी ने 628 किमी लंबे रेलवे ट्रैक को बनाने का उद्घाटन किया था। इस रेलवे लाइन को अफगानिस्तान के जरांज सीमा तक बढ़ाया जाना है। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरी परियोजना को मार्च 2022 तक पूरा किया जाना है।

'बिना भारत की मदद के ही इस परियोजना पर आगे बढ़ेंगे'

ईरान के रेलवे ने कहा है कि वह बिना भारत की मदद के ही इस परियोजना पर आगे बढ़ेगा। इसके लिए वह ईरान के नैशनल डिवेलपमेंट फंड 40 करोड़ डॉलर की धनराशि का इस्तेमाल करेगा। इससे पहले भारत की सरकारी रेलवे कंपनी इरकान इस परियोजना को पूरा करने वाली थी।

यह परियोजना भारत के अफगानिस्तान और अन्य मध्य एशियाई देशों तक एक वैकल्पिक मार्ग मुहैया कराने की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए बनाई जानी थी। इसके लिए ईरान, भारत और अफगानिस्तान के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईरान यात्रा के दौरान चाबहार समझौते पर हस्ताक्षर हुआ था। पूरी परियोजना पर करीब 1.6 अरब डॉलर का निवेश होना था।

इस परियोजना को पूरा करने के लिए इरकान के इंजिनियर ईरान गए भी थे लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के डर से भारत ने रेल परियोजना पर काम को शुरू नहीं किया। अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह के लिए छूट दे रखी है लेकिन उपकरणों के सप्लायर नहीं मिल रहे हैं। भारत पहले ही ईरान से तेल का आयात बहुत कम कर चुका है।

पेइचिंग ईरान में 400 अरब डॉलर का निवेश

पश्चिम एशिया में अमेरिका के साथ चल रही तनातनी के बीच ईरान और चीन जल्द ही एक महाडील पर समझौता कर सकते हैं। इसके तहत चीन ईरान से बेहद सस्?ती दरों पर तेल खरीदेगा, वहीं इसके बदले में पेइचिंग ईरान में 400 अरब डॉलर का निवेश करने जा रहा है। यही नहीं ड्रैगन ईरान की सुरक्षा और घातक आधुनिक हथियार देने में भी मदद करेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान और चीन के बीच 25 साल के रणनीतिक समझौते पर बातचीत पूरी हो गई है। भारत ने ईरान के बंदरगाह चाबहार के विकास पर अरबों रुपये खर्च किए हैं। अमेरिका के दबाव की वजह से ईरान के साथ भारत के रिश्ते नाजुक दौर में हैं। चाबहार व्यापारिक के साथ-साथ रणनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण है। यह चीन की मदद से विकसित किए गए पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट से महज 100 किलोमीटर दूर है। भारत को भी अमेरिका, सऊदी अरब, इजरायल बनाम ईरान में से किसी एक देश को चुनना पड़ सकता है।

क्या राजस्थान में बीजेपी सरकार बनाने जा रही है?

'हम कोई साधू की जमात से नहीं हैं': राजेंद्र

जयपुर (ए.)। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट में मचे घमासान के बीच बीजेपी सक्रिय दिख रही है। राजस्थान बीजेपी मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे मीटिंग करने जा रही है। इस मीटिंग को लेकर जब बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात पर बातचीत के लिए नेता जुट रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीजेपी सरकार बनाने की कोशिश करेगी, इसपर उन्होंने कहा कि वे कोई साधू नहीं हैं, मौका मिलेगा तो उसे जरूर अपने पक्ष में करेंगे। बीजेपी की इस बैठक में सतीश पूनिया, गुलाबचंद कटारिया, राजेंद्र राठौड़, चंद्रशेखर समेत अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। इस बैठक के साथ पहली बार ऐसा मौका है जब बीजेपी राजस्थान के सियासी घमासान में साधे तौर से शामिल हो रही है। सूत्रों ने कहा कि राजस्थान राज्य नेतृत्व लगातार केंद्रीय नेताओं को सारी बातें बता रहे हैं।

बीजेपी नेता गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि हम शुरू से कह रहे हैं कि ये कांग्रेस का आपसी विवाद हैं। हमें जब भी लगेगा कि हमारी भूमिका की जरूरत है तो हम आपस में बातचीत करके एक्शन करेंगे। अभी जो कुछ चल रहा है उसपर हमें आपस में बातचीत करना जरूरी है, इसलिए हम इसपर विचार करने के लिए जुट रहे हैं।

कटारिया ने कहा कि अगर कांग्रेस को लगता है कि बीजेपी उनकी सरकार को अस्थिर कर रही है तो जांच कराएं और सजा दिलाएं, बेमतलब की बातें करने से क्या फायदा। उन्होंने कहा कि हमारी कांग्रेस के किसी भी विधायक से कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन निर्दलीय विधायकों से हम जरूर बात कर रहे हैं। हम राज्यसभा चुनाव के दौरान से ही बात कर रहे हैं, इसमें पाप क्या है। एसओजी के जितने भी नोटिस मिले हैं वे कांग्रेस के लोगों को मिले हैं। इससे साफ है कि ये लोग आपस में एक दूसरे को डरा रहे हैं।

वहीं बीजेपी की इस बैठक पर राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने एक नौजवान नेता को नजरअंदाज कर दिया है। इस वजह से कांग्रेस में विवाद है। कांग्रेस ने ऐसे नेता को मुख्यमंत्री बना दिया जो पांच साल कहीं नहीं दिखे। ये विवाद कांग्रेस बनाम कांग्रेस का है। इस विवाद में बीजेपी की संभावना पर राजेंद्र ने कहा कि हम वेट एंड वॉच की स्थिति में हैं।

कांग्रेस भी कर रही है बैठक

सीएम अशोक गहलोत रिजॉर्ट फेयरमोंट में अपने समर्थक विधायकों के साथ बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में कांग्रेस की केंद्रीय टीम के नेता भी मौजूद हैं। उसी वक्त बीजेपी राजस्थान ईकाई के कद्दावर नेता भी मीटिंग कर रहे हैं। गहलोत खेमे का दावा है कि उनके पास 107 से ज्यादा विधायकों का समर्थन प्राप्त है। वहीं सचिन पायलट खेमे का दावा है कि उनके साथ 30 से ज्यादा विधायक हैं। दावा किया जा रहा है कि फिलहाल अशोक गहलोत सरकार के साथ मौजूद विधायकों में से करीब 8-10 विधायक बहुमत परीक्षण के वक्त पायलट का सपोर्ट करेंगे।

पायलट की विदाई के बाद अब गहलोत ऐसे बचाएंगे सरकार

- राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात करने राजभवन पहुंचे गहलोत
- अशोक गहलोत ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार की स्थित की साफ

जयपुर (ए.)। राजस्थान के डिप्टी सीएम सचिन पायलट को सरकार और संगठन के सभी पदों से बर्खास्त करने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी सरकार बचाने में जुट गए हैं। इसी सिलसिल में मुख्यमंत्री राजभवन पहुंच कर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की है। राज्यपाल के समक्ष सरकार की स्थिति स्पष्ट करके लौटे गहलोत ने कहा है कि पिछले 6 महीने से बीजेपी का षड़यंत्र चल रहा है। हमारे कुछ साथी गुमराह होकर चले गए। बीजेपी ने जो भी खेल खेला था वो हमने कामयाब नहीं होने दिया। उन्होंने कहा लोकतंत्र खतरे में है। सरकारें बदली है लेकिन लोकतंत्र मजबूत हुआ। लेकिन पहली बार धनबल के आधार पर करोड़ों रुपए की हॉर्स ट्रेडिंग की जा रही है। बीजेपी की ओर से ही रिजॉट बुक कराया गया है। एमपी की तरह ही यहां खेल खेला गया।

अब राजभवन में हो सकती है परेड

गहलोत ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात के बाद कहा है कि उनके पास पूर्ण बहुमत है। उनकी सरकार ने बीजेपी की साजिश को नाकाम किया है। अब मुख्यमंत्री कांग्रेस विधायकों की परेड करवा सकते हैं। इससे पहले राजस्थान कांग्रेस ने बागी हुए डिप्टी सीएम सचिन पायलट और उनके समर्थित मंत्रियों और विधायकों के खिलाफसख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें उप मुख्यमंत्री और मंत्री पदों से हटा दिया है।

बीजेपी की साजिश में शामिल हुए

कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने पार्टी के फैसला का एलान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने षड़यंत्र के तहत संपूर्ण बहुतम से चुनी गई कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश की है। धन और सत्ता बल से, ईडी और इनकम टैक्स के जरिए दबाव बनाकर सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें की गई।

कानपुर: 'विभीषणों' की तलाश में एसआईटी

शिवली थाने में 1990 से तैनात पुलिसकर्मियों का मांगा ब्योरा

- विकास दुबे के एनकाउंटर के बाद पुलिस और अपराधियों के गठजोड़ की जांच में लगी एसआईटी
- पुलिस विभाग के विभीषणों की तलाश, 1990 से शिवली थाने में तैनात कर्मियों का मांगा ब्योरा
- विकास दुबे पर शिवली थाने में दर्ज सभी मुकदमों के बारे में भी स्ढ्ढञ्ज ने मांगी पूरी जानकारी

कानपुर(ए.)। कुख्यात अपराधी विकास दुबे के एनकाउंटर के बाद भी उत्तर प्रदेश के कानपुर के बिकरू गांव में दहशत बरकरार है। ग्रामीणों के मन से विकास के खौफको बाहर निकालने के लिए बिकरू गांव में अस्थायी पुलिस चौकी खोली जा रही है। इसके बाद ग्रामीणों को शिकायत लेकर 18 किलोमीटर दूर चौबेपुर थाना नहीं जाना पड़ेगा। वहीं एसआईटी कानपुर एनकाउंटर की जांच में लग गई है।

मंगलवार को जांच टीम ने शिवली थाने में 1990 से अब तक तैनात रहे पुलिसकर्मियों का ब्यौरा मांगा है। हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे ने साल 1990 में ही अपराध की दुनिया में एंट्री की थी। विकास को राजनीतिक संरक्षण और पुलिसकर्मियों की हमदर्दी ने प्रदेश का सबसे बड़ा अपराधी बना दिया था। इसका खामियाजा 3 अप्रैल को 8 पुलिसकर्मियों को अपनी जान गवां कर भरना पड़ा। दुबे के सबसे बड़े मददगार पुलिस महकमें के 'विभीषण' थे। विभाग के विभीषण ही उसे बचाने का काम करते रहे। इसके साथ ही विभाग से जुड़ी हर एक गतिविधियों की जानकारी देते रहे। विकास को पकड़ने के लिए पुलिस जब कभी भी दबिश देने की तैयारी करती थी, पुलिस विभाग के 'विभीषण' विकास दुबे तक जानकारी पहुंचा देते।

विकास दुबे और पुलिस के कनेक्शन की जांच

एसआइटी की टीम ने बीते रविवार को शिवली थाने पहुंचकर विकास दुबे से संबधित फाइलों को खंगाला। विकास दुबे और पुलिस विभाग के विभीषणों के कनेक्शन का पता लगाने के लिए एसआइटी ने 1990 से 2020 तक शिवली थाने में तैनात रहे थानाप्रभारी, दरोगा, सीओ और सिपाहियों का मोबाइल नंबर समेत ब्योरा मांगा है। इसके साथ ही एसआईटी ने विकास दुबे के मुकदमों में क्या प्रगति रही, उनमें क्या रिपोर्ट लगाई गई और विकास के गुर्गो के खिलाफ क्या कार्रवाई गई, इसकी रिपोर्ट भी पेश करने को कहा है।

शिवली थाने में दर्ज है 27 मुकदमे

हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे का गढ़ शिवली रहा है। शिवली थाने में विकास दुबे पर 27 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से चार मुकदमे हत्या के हैं। चौबेपुर और बर्रा थाने में हत्या के एक-एक मुकदमों में उसका नाम है। विकास दुबे पर चौबेपुर थाने में 15 से अधिक एफआइआर दर्ज है। कल्यानपुर थाने में 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। विकास दुबे ने साल 2001 में तत्कालीन दर्जा प्राप्त मंत्री संतोष शुक्ला की शिवली थाने में घुसकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड के बाद विकास दुबे के बिकरू गांव को कानपुर नगर के चौबेपुर थाने से जोड़ दिया गया था। साल 2001 से पहले विकास दुबे का बिकरू गांव कानपुर देहात के शिवली थाना अंतर्गत आता था।

बिकरू गांव में खुलेगी चौकी

बिकरू गांव के ग्रामीणों के मन से विकास दुबे के नाम खौफनिकालने के लिए गांव में चौकी खोली जाएगी। विकास दुबे का एनकाउंटर हो गया है। इसके बाद भी उसकी दहशत कायम है। आज भी ग्रामीण उसके खिलाफखुलकर बोलने में घबराते हैं। ग्रामीणों का कहना है जब तक उसके गुर्गे जिंदा हैं, हमे खतरा है। बिकरू समेत आसपास के ग्रामीणों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए 18 किलोमीटर दूर चौबेपुर थाने जाना पड़ता था। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि गांव में ग्रामीणों के मन से डर निकालने के लिए गांव में चौकी बनाई जाएगी। चौकी प्रभारी समेत स्टाफतैनात किया जाएगा।

हांगकांग के रास्ते माल भेज रहा चीन! जांच की मांग

- कैट ने हांगकांग से आयात में अप्रत्याशित बढ़ोतरी पर चिंता जताई
- विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौतों की हो समीक्षा

नई दिल्ली (ए.)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने हांगकांग से भारत में हो रहे आयात में अप्रत्याशित बढ़ोतरी पर चिंता जताई है। उसका कहना है कि भारतीय बाजार में चीनी सामान की बढ़त को बनाए रखने के लिए चीन हांगकांग के रास्ते अपना माल भारत भेज रहा है। सरकार को चीन की इस साजिश की जांच करनी चाहिए। कैट ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को भेजे एक पत्र में हांगकांग से होने वाले आयात की जांच करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है कि जिन देशों को ट्रांसशिपमेंट हब बनाकर चीन अपना सामान भारत भेज सकता है, उनके साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते, संधियों और व्यापार से संबंधित अन्य समझौते की समीक्षा की जानी चाहिए। अगर उनमें कोई खामियां हैं तो तुरंत उसका समाधान किया जाना चाहिए। कैट का कहना है कि भारत चीन के साथ अपने व्यापार के अंतर को कम करने में सफल हुआ है लेकिन पिछले तीन वर्षों में हांगकांग के साथ व्यापारिक संबंध में व्यापार संतुलन अधिशेष से घाटे में बदल गया है। पिछले वित्त वर्ष में हांगकांग से भारत का आयात 17 बिलियन डॉलर था जबकि 2017-18 में यह 10.67 बिलियन डॉलर था।

चीन से घटा, हांगकांग से बढ़ा आयात

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि हांगकांग से आयात के आंकड़ों का एक करीबी विश्लेषण स्पष्ट रूप से बताता है कि जिन सभी प्रमुख वस्तुओं में चीन से आयात में गिरावट आई है लगभग उन्हीं सब वस्तुओं में हांगकांग के साथ हुए व्यापार में वृद्धि आई है। ये वस्तुएं मुख्य रूप से विद्युत मशीनरी और उपकरण, फल, खनिज और लोहा और अन्य सामान हैं। साफ है कि चीन से भारत को कम निर्यात और इसी अवधि के दौरान हांगकांग से भारत में व्यापार वृद्धि चीन की एक साजिश है।

एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने की मांग

भरतिया और खंडेलवाल ने गोयल से आग्रह किया है की चीन की इस साजिश को रोकने के लिए हांगकांग से आयात होने वाली वस्तुओं पर पैनी निगाह रखते हुए जरूरत पड़ने पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी को लगाने की आवश्यकता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए हांगकांग और अन्य दक्षिण एशियाई देशों से होना वाले आयात पर नजर रख तात्कालिक उपाय करते हुए चीन के मंसूबों को ध्वस्त किया जाना जरूरी है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा- शहीद सीओ को लगी थी 4 गोली, सभी नजदीक से मारी गईं

कानपुर (ए.)। उत्तर प्रदेश के कानपुर के बिकरू गांव में बीते 3 जुलाई को विकास दुबे और उसकी गैंग द्वारा मारे गए पुलिसकर्मियों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि पुलिसकर्मियों को मारने के लिए बंदूकों के अलावा धारदार हथियार का भी इस्तेमाल किया गया था।

सर्किल ऑफिसर देवेंद्र मिश्र को चार बुलेट लगी थी। इसके अलावा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि सभी पुलिसकर्मियों को पॉइंट ब्लैंक रेंज यानी कि बहुत नजदीक से गोली मारी गई थी। वहीं, कानपुर एनकाउंटर को लेकर मंगलवार को विकास दुबे के घर में एक बार फिर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने उसके घर से एके-47 रायफल और एक इंसास रायफल बरामद की है। मामले में गिरफ्तार एक अन्य आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने यह बरामदगी की है। एडीजी लॉ ऐंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने मंगलवार को कानपुर पहुंचकर इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने कानपुर शूटआउट मामले में एक और 50 हजार का इमामी शशिकांत उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। शशिकांत भी बिकरू गांव का रहने वाला है। उसे पुलिस ने चौबेपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने कुबूल किया है कि घटना के दिन वह विकास दुबे के साथ उसके घर पर था। इतना ही नहीं, उसने पूछताछ में अन्य लोगों के नाम के साथ उनकी भी घटना में संलिप्तता बताई है।

आरोपी की निशानदेही पर छापेमारी

एडीजी ने बताया कि लूटे गए असलहा के बारे में शशिकांत ने बताया कि उसे विकास के घर पर ही छिपा दिया गया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस की टीम बिकरू स्थित विकास के घर पहुंची और यहां पर जांच के बाद मकान के अंदर से एक एके 47 रायफल, 17 जिंदा कारतूस बरामद किया। वहीं शशिकांत के घर से इंसास रायफल और 20 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

शर्मनाक: मारे गए सैनिकों के शव को दफनाने नहीं दे रहा चीन

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका के एक खुफिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि चीन ने अपनी गलतियों को छिपाने के लिए गलवान घाटी में मारे गए अपने सैनिकों के शीर्ष बलिदान को स्?वीकार करने से बच रहा है। यही नहीं चीन गलवान घाटी में मारे गए अपने सैनिकों के परिवार वालों पर भी दबाव डाल रहा है कि वे शवों को दफनाएं नहीं और कोई कार्यक्रम भी आयोजित नहीं करें।

गत 15 जून की रात को चीन और भारत के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प में भारत के 20 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। वहीं चीन के भी 43 जवानों के हताहत होने की खबर है। भारत में जहां शहीद जवानों के शव का हीरो की तरह से स्वागत किया गया, वहीं चीन ने अपने मारे गए सैनिकों की घोषणा तक नहीं की। अमेरिकी रिपोर्ट के मुताबिक गलवान घाटी में मारे गए चीनी सैनिकों के परिवार वालों के साथ भी चीन सरकार ने बुरा बर्ताव किया है। चीन अब इन सैनिकों के शव को दफनाने भी नहीं दे रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन इस वजह से अपने सैनिकों के मारे जाने को स्वीकार नहीं कर रहा है क्योंकि वह अपनी इस बड़ी गलती को छिपाना चाहता है।

वास्तविक नियंत्रण रेखा को बदलने का प्रयास

दरअसल, चीन ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए लद्दाख में भारतीय इलाके में घुसपैठ की कोशिश की और वास्तविक नियंत्रण रेखा को बदलने का प्रयास किया। भारत ने कहा कि अगर चीन के शीर्ष नेताओं स्तर पर एक समझौता हो गया तो इस झड़प से बचा जा सकता था। चीन ने अब तक केवल यह माना है कि उसके कुछ अधिकारी मारे गए हैं। अमेरिकी खुफिया सूत्रों का मानना है कि 35 चीनी सैनिक इस कार्रवाई में मारे गए थे।

अमेरिकी सूत्रों ने बताया कि चीन के सिविल अफेयर्स मंत्रालय ने मारे गए सैनिकों के परिवारों से कहा है कि उन्हें परंपरागत तरीके से इन सैनिकों को नहीं दफनाना होगा बल्कि उनका अंतिम संस्कार करना होगा। अंतिम संस्कार समारोह में कोई शामिल नहीं होगा और उसे दूर से किया जाए। चीन ने कोरोना वायरस का नाम देकर ऐसा करने के लिए कहा है। चीन की कोशिश की है कि गलवान संघर्ष के बारे में कम से कम लोगों को पता चले।

चीन सरकार के इस फैसले से मारे गए चीनी सैनिकों के परिवार वाले गुस्से में हैं। चीन सरकार अब इन परिवार को शांत कराने में जूझ रही है। ये लोग वीबो और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल करके अपना दुख साझा कर रहे हैं। चीन को डर सता रहा है कि अगर मारे गए सैनिकों के कब्र की फोटो सोशल मीडिया अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आ गई तो उसकी छवि को गहरा धक्का लगेगा। एक सूत्र ने कहा, 'चीन शहीद सैनिक नहीं पैदा करना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने कार्यक्रम पर रोक लगाया है।'

■ न्यूज गैलरी

गांजा पीने की बात पर युवक से मारपीट, मौत

रायपुर। राजधानी रायपुर के काशीराम नगर में सार्वजनिक जगह पर गांजा पीने की बात पर हाथ-मुक्का से मारपीट में एक युवक की जान चली गई। तेलीबांधा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काशीरामनगर में 13 जुलाई को दोपहर 02:30 बजे मृतक प्रवीण साहू पिता गणेशराम 34 वर्ष निवासी काशीरामनगर मोहल्ले में अन्य लोगों के साथ सार्वजनिक जगह पर गांजा पी रहा था। इसी दौरान आरोपी शेख सद्दाम पिता अकरम 20 वर्ष और देवराज यादव पिता हरिबंधु 20 वर्ष वहां पहुंचे और प्रवीण साहू को तुम यहां गांजा पीते हो कहकर उससे विवाद कर हाथ-मुक्का से उसकी पिटाई कर दी।

आयुर्वेद औषधालय दतान ने स्कूली छात्र छात्राओं को ऋतुचर्या की जानकारी दी

रायपुर। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर एवं उसके अनुशांगिक संगठनों द्वारा हर वर्ष ऋतु परिवर्तन होने पर आम लोगों को स्वस्थ एवं तंदुस्त रहने की जानकारी दी जाती है। इसी क्रम में शासकीय आयुर्वेद औषधालय की ओर से आज स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई ऋतु चर्या से संबंधित जानकारी पांपलेट वितरण कर दी गई। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि पांपलेट में वर्षा ऋतु के दौरान व्याधियों से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की जानकारी से बच्चों को अवगत कराया गया है।

बंदी मृत्यु मामले में दावा आपत्ति 22 जुलाई तक

दुर्ग। केन्द्रीय जेल दुर्ग में दण्डित बंदी शिवाकर उर्फ शिवा योगी पिता करणनाथ द्वारा 20 जून को जेल अस्पताल, केन्द्रीय जेल दुर्ग में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के संबंध में दण्डाधिकारी जांच की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व दुर्ग शहर श्री खेमलाल वर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उनके द्धारा बंदी की मृत्यु के संबंध में जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

घरेलु विवाद पर पिता ने बेटे पर किया हसिया से हमला, घायल

रायपुर। घरेलु विवाद पर एक पिता ने अपने बेटे पर हसिया से हमला कर घायल कर दिया। घटना राजधानी से लगे खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोडापार की है। मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को रात करीब 8 बजे ग्राम कोडापार निवासी आरोपी कृपाराम ओग्रे का घरेलु किसी बात को लेकर अपने बेटे रवि 30 वर्ष के साथ विवाद हो गया। दोनों के बीच विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि गुस्से में आकर कृपाराम ने अपने बेटे रवि पर हसिया से वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई है। घटना के बाद बेटे की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

संसदीय सचिवों की नियुक्ति पर बीजेपी की भड़ास

कोरोना के लिए पैसे नहीं, इनके लिए खजाने में कहा से आएगा पैसा : भाजपा

■ **क्या हाईकोर्ट ने नियुक्ति करने कहा है : डॉ. रमन सिंह**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। संसदीय सचिवों की नियुक्ति पर बीजेपी एक बार फिर राज्य सरकार पर भड़ास निकाल रही है। प्रदेश भाजपा का कहना है कि कांग्रेस को प्रदेश से माफी मांगनी चाहिए। पिछली सरकार में संसदीय सचिवों की नियुक्ति पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस आज खुद नियुक्ति कर रही है। यह दोहरा मापदंड है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार द्वारा संसदीय सचिवों की नियुक्ति पर कहा कि क्या हाईकोर्ट ने सरकार को नियुक्ति करने कहा है? कांग्रेस अपनी मर्जी से संसदीय सचिवों की नियुक्ति कर रही और हाईकोर्ट पर थोप रही है। बता दें कि बीते दिनों मंत्री अकबर ने इन नियुक्तियों पर व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था जैसे पूर्व सरकार में संसदीय सचीवों की नियुक्ति पर कोर्ट ने फैसला दिया था हम उसका सम्मान कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने संसदीय सचिवों की नियुक्ति के

खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद कांग्रेस में मचे घमासान को शांत करने सरकार संसदीय सचिवों की नियुक्ति कर रही है. उन्होंने कहा कि सरकार की यह फितरत हो गई है कि जिन मुद्दों पर विपक्ष में रहते विरोध करते थे, सत्ता में आने के बाद वह सारे काम किए जा रहे हैं. शराबबंदी के वादे से मुकरकर घर-घर शराब पहुंचाने वाली सरकार ने संसदीय सचिवों की नियुक्ति करके यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की राजनीति में उनके जैसा और कोई आडंबरवादी नहीं है। राजेश मूणत ने कहा कि सरकार में न तो लोकतांत्रिक परंपराओं की समझ से कोई वास्ता है और न ही संसदीय प्रक्रियाओं की सूझबूझ है. सरकार में 13 मंत्री है, लेकिन 15 संसदीय सचिवों की नियुक्ति यह बयां कर रही है।

मूणत ने कहा कि पिछले 18 महीने से प्रदेश सरकार को संसदीय सचिवों और निगम-मंडलों में नियुक्ति करने की सुध नहीं आई और उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था, लेकिन मध्यप्रदेश के बाद अब राजस्थान की कांग्रेस सरकार की चलाचली की बेला में आनन-फानन में ये नियुक्तियां की जा रही है. यह कांग्रेस के भीतर पनप रहे असंतोष और गुटबाजी को दूर करने की कवायद है. दलीय असंतोष से उपजा यह डर प्रदेश के लिए शुभ संकेत प्रतीत हो रहा है।

पार्टी में कोई असंतुष्ट नहीं-मरकाम

पीसीसी चीफ मरकाम ने कहा कि हम 90 में 69 सीटों के साथ जीते हैं, तो पहले प्राधिकरण में मुख्यमंत्री के पास चाहे एसटी, एससी हो या ओबीसी प्राधिकरण हो पहले मुख्यमंत्री के पास जाता था, लेकिन हमने कैबिनेट मंत्री और राज्यमंत्री का दर्जा देकर उनको मौका दिया। बीजेपी सरकार में 15 साल प्राधिकरण मुख्यमंत्री के पास था. भूपेश बघेल ने प्राधिकरण में विधायकों को भी मौका दिया है. काम करने का अवसर दिया है. कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं। रही बात संतुष्टि की तो ऐसा कोई नहीं होगा जो असंतुष्ट हो।

सबसे ज्यादा गरियाबंद के कुरूसकेरा रेत घाट में एनजीटी को ताक में रखकर अवैध उत्खनन

भंडारण कहीं और मगर चैनमोंटिंग मशीन डाल कर खनन

■ **जिला खनिज विभाग की अनदेखी से माफिया बेखौफ**

■ **भंडारण के लिए पीटपास के उलट पीटपास से संदेह**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर/गरियाबंद। एक तरफ शासन ने रेत खनन और उसके परिवहन पर सख्ती बरतने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में किसके इशारे पर प्रदेश के सर्वाधिक अवैध उत्खनन का मामला गरियाबंद से सामने आ रहा है। रेत माफियाओं ने पैरी नदी तट को अपना अड्डा बना लिया है। गरियाबंद जिला के कुरुसकेरा रेट घाट से आज भी रात के अंधेरे में सैकड़ो हाईवा रोज़ रेत लेकर फुर्र हो जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने रेत खनन को लेकर शिकायत भी किया है। लेकिन शिकायतकर्ता ग्रामीणों को अब रेत माफियाओं के द्वारा धमकाने की खबर है। रेत माफियाओं की गुंडागर्दी से गांव के लोग भयभीत है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पंचायत भी अब तक मूकदर्शक बने है। आरंग में रेत माफियाओं व्दारा बेरहमी से मारपीट की घटना हो चुकी है। कुरुसकेरा घाट का टेंडर प्रक्रिया से कुल रकबा लगभग 12 एकड़ नदी जमीन पर लगभग 23000 घनमीटर रेत उत्खनन के लिए घाट संचालित किया है। जिसमें विभाग द्वारा एक साल के लिए पीटपास जारी किया जाता है। मगर उसी पीटपास के लिए आवश्यक दस्तावेजों को जमा कर 15 जून से पहले जो भंडारण का अनुमति मिला है उसी को खनिज विभाग के द्वारा भंडारण अनुबंध कर पीटपास जारी कर रेत परिवहन किया जाना चाहिए मगर कुरुसकेरा घाट पर ट्रेक्टरों से बेसरम और झाड़ियों से रेंप का निर्माण कर सैंकड़ों हाइवा गाड़ियों नदी से चैनमोंटिंग से लोडिंग कर अवैध रुप से खनन कर रेत परिवहन जारी है। विभाग मौन धारण कर एनजीटी के नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं और रेत माफियाओं के द्वारा डंके के चोट पर अवैध खनन कर रहे हैं वह भी विभागीय साठगांठ होने का इशारा कर रही है। 15 जून से 15 अक्टूबर तक सभी गौंण खनन प्रतिबंधित है फिर भी रेत खनन जारी है। अब अगर प्रशासन के द्वारा इस तरह का कृत करने में संकल्पित है तो आम जनता मुकदर्शक बनने में मजबूर हो जाता है। लगभग रेत माफियाओं का स्थानीय दलालों और विभागीय अधिकारियों से साठगांठ कर अवैध खनन परिवहन को अंजाम देते आ रहे हैं।

भाजपा नेता प्रीतम सिन्हा का आरोप

रेत खनन व परिवहन को लेकर जिला प्रशासन मुकदर्शक बने हुए है। कुरुसकेरा रेत घाट में अवैध रूप से खनन कर रेत परिवहन किया जा रहा है भंडारण को मात्र दिखाने के लिए रखा गया है, जबकि भंडारण नियम में भी जिला प्रशासन सांठगांठ कर बिना डायवर्सन जमीन पर भी भंडारण की अनुमति दिया गया है। विभाग के द्वारा रेत भंडारण जो 15 जून के पूर्व किया गया था और आज की स्थिति में कितनी मात्रा में भंडारित रेत मौजूद है और विभाग द्वारा कितनी उल्ट पीटपास जारी किया गया है जाँच की जाये तो स्थिति स्पष्ट हो जायेगा। विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ को नहीं नकारा जा सकता।

पूर्व विधायक श्रीचंद ने कहा किसके इशारे पर हो रहा उत्खनन

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने धमतरी जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव को बेदर्दी से मारने व जानलेवा हमला करने वाले रेत माफिया के आज भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर होने पर तंज कसते हुए कहा है कि अपराधियों को 24 घंटों में जेल की सींखचों में डालने का दावा करने वाली प्रदेश सरकार एक जनप्रतिनिधि पर जानलेवा हमला करने वाले रेत माफिया को 24 दिन में भी गिरफ़्तार नहीं कर सकी है! 18 माह के कांग्रेस शासन में छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बनाने के लिए प्रदेश सरकार को दोषी बताते हुए श्री सुंदरानी ने सवाल किया कि आख़िर इस अपराधी रेत माफिया को कौन संरक्षण देकर बचा रहा है? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्री सुंदरानी ने कहा कि अपराधियों को 24 घंटे में गिरफ़्तार करने में नाकाम सरकार को जगाने और अपने न्याय की गुहार लगाने खुद पीड़ित ध्रुव को प्रेस के सामने आकर अपनी पीड़ा साझा करनी पड़ी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्री सुंदरानी ने कहा कि कोरोना काल में लॉकडाउन के चलते जहाँ पूरा भारत बंद था और रेत खदानें भी बंद थी तो ऐसे समय में रेत का अवैध उत्खनन किसके इशारों पर

24 दिन बाद भी आदिवासी पर हमला करने वाला रेत माफिया नहीं पकड़ा गया

घरेलू औषधी का असर : कोरोना संक्रमित पर परिवार के अन्य सदस्य संक्रमण से रहे मुक्त

रायपुर। राजधानी रायपुर में कोरोना संक्रमण तेजी से अपना पांव पसार रहा है। लेकिन नागरिकों की जागरूकता के चलते कोरोना संक्रमण कई जगहों पर बेअसर भी साबित हो रहा है। कुछ ऐसा ही प्रकरण राजधानी रायपुर के घनी आबादी वाले इलाके में सामने आया है, जहां एक परिवार ने पूरी सजगता के साथ कोरोना संक्रमण के खिलाफ सावधानी बरती और कोरोना संक्रमण को मात दे दी। राजधानी के घनी आबादी वाले क्षेत्र में निवासरत इस परिवार में करीब 12 से 15 सदस्य हैं। एक युवा सदस्य की जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आई, इसके बाद से ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त युवा मरीज को ट्रेस किया गया और उसे पूरी सावधानी बरतते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे परिवार को एकट्ठा किया और सभी का सैंपल कलेक्ट कर उसे जांच के लिए भेजा। इस दौरान परिवार को सख्त हिदायत देते हुए घर से बाहर न जाने, लोगों से न मिलने की सलाह दी गई। घनी आबादी के बीच उनके मकान को चारों ओर से सील कर दिया गया। मगर इस परिवार ने हिम्मत नहीं हारी सामान्य सुरक्षा उपाय करते हुए परिवार के सभी छोटे-बड़े सदस्यों ने इस परेशानी का डटकर मुकाबला किया और घरेलू औषधियों का ही नियमित सेवन किया। चौंकाने वाली व राहत की बात यह रही कि युवा मरीज के अलावा परिवार के किसी भी सदस्य की जांच रिपोर्ट पॉजीटिव नहीं आई। इसकी जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के आला अफसर भी हतप्रभ रह गए और परिवार द्वारा बरती गई सावधानी की प्रशंसा करने से नहीं थके। जानकारों का कहना है कि जब युवा मरीज परिवार के अन्य सदस्यों के संपर्क में आया तो निश्चित रूप से परिवार के अन्य सदस्यों में भी कोरोना वायरस का संक्रमण होगा।

मंत्री पटेल ने किया 64 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

रायपुर। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले के ग्राम सरवानी, बरगढ़ और पलगढ़ा में 64 लाख रूपए की लागत से निर्मित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इन गांवो में आंगनबाड़ी भवन, सीसी रोड, इंदिरा आवास, सामुदायिक भवन, पानी टंकी एवं पीडीएस भवन सह गोदाम का निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ग्रामीण विकास के लिए स्वीकृत किये गए विभिन्न निर्माण कार्य अब पूर्ण हो चुके है। गांव के निवासियों को इससे सुविधा मिलेगी। कोरोना संकट के कारण पिछले कुछ समय से निर्माण कार्यों में जो अल्प विराम लगा था, उसे पुनः गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवश्यकता के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रो के लिए विकास कार्य स्वीकृत किया जाएगा। श्री पटेल ने सरवानी ग्राम में निर्मित सीसी रोड की लंबाई को बढ़ाने और इसे मुख्य सड़क तक जोड़ने का कार्य शीघ्र कराने की भी घोषणा की।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य संतोषी राठिया, पूर्णिमा विजय जायसवाल, जनपद पंचायत खरसिया अध्यक्ष मेहत्तर उरांव, उपाध्यक्ष कन्हैया पटेल, जनपद सदस्य बरगढ़ अर्चना रामलाल सिदार, ग्राम पंचायत सरवानी के सरपंच राजकुमारी गिरधर सिदार, उप सरपंच खिरोद्र देवी जायसवाल, बरगढ़ सरपंच सुमित राम राठिया, बरगढ़ उपसरपंच उमा पटेल एवं बड़ी संख्या मेंग्रामवासी उपस्थित थे।

चेतावनी वार्डों के विकास में पूरा ध्यान दें अधिकारी और कर्मचारी

विधायक उपाध्याय की दो टूक : जनहित के कार्यों में लाएं तेजी

■ **विधायक विकास उपाध्याय ने किया बाल गंगाधर तिलक वार्ड का दौरा**

■ **बमलेश्वरी नगर में जनता की मांग पर उद्यान निर्माण का निर्देश**

रायपुर। रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने आज बाल गंगाधर तिलक वार्ड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने वार्ड में ओपन जिम, उद्यान के मरम्मत, बैडमिंटन कोर्ट पाथ-वे निर्माण, शेड निर्माण आदि को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

अपने नियमित वार्ड भ्रमण के दौरान विधायक श्री उपाध्याय आज पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बाल गंगाधर तिलक वार्ड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से प्रत्यक्ष मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनी और वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वार्ड में धीमी गति से चल रहे विकास कार्यों को देखकर उन्होंने नाराजगी भी जताई और संबंधित अधिकारियों से विकास कार्यों में तेजी लाने, जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने वार्ड में बन रहे भव्य बैडमिंटन कोर्ट, उद्यान का निर्माण, ओपन जिम, पाथ-वे निर्माण, शेड निर्माण, चेंगिज रूम, लाइट आदि को जल्द शुरू कराने का निर्देश दिया। श्री उपाध्याय ने बताया कि इनके शुरू हो जाने से वार्डवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक श्री उपाध्याय ने बताया कि पश्चिम विधानसभा के गुढ़ियारी परिक्षेत्र में वृहत बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण से एकता नगर, बम्लेश्वरी नगर, जनता कालोनी, पहाड़ी चौक, आदर्श नगर, आंबेडकर नगर, पहाड़ी पारा, मुर्रा भट्टी, अशोक नगर, विकास नगर, रामनगर, कोटा एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को टहलने के लिए स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

विधायक विकास उपाध्याय ने सम्बंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को जनहित के इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही जनता कालोनी के कुंभारे चौक के उद्यान को सौन्दर्यीकरण कार्य को जल्द पूरा करने कहा। विधायक श्री उपाध्याय ने वार्ड भ्रमण के दौरान जनता की मांग पर जनता के साथ बम्लेश्वरी नगर पहुंचे। यहां रिक्त भूमि पर जनता की मांग के अनुसार उद्यान विकसित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। आज वार्ड भ्रमण के दौरान विधायक विकास उपाध्याय के साथ एमआईसी सदस्य एवं पार्षद श्री कुमार मेनन, नगर निगम जोन एक के कमिश्नर सोमनाथ चंद्राकर, डॉ.अन्नू साहू, निवास राव, प्रवीण झा, निसार अहमद, संतोष साहू, बीरेंद्र शुक्ला, विजय देवांगन, वारेंद्र साहू, डॉ.विकास पाठक, मदन मार्कण्डेय सहित संबंधित जोन अधिकारी, ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण मंडल द्वारा आयोजित ऑनलाईन प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा इस वर्ष 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित ऑनलाईन पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिये गए हैं। इसके तहत पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग (10 वर्ष तक) में प्रथम पुरस्कार, तेजसवीर रैना, मनेन्द्रगढ़, कोरिया को प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार दर्शिल जैन, भिलाई तथा तृतीय पुरस्कार अंशराज पाल, रायपुर और सांत्वना पुरस्कार, चार्वी साहू, दुर्ग, हर्ष कुशवाहा, दुर्ग, मन्नत साहू, दुर्ग, रावी वर्मा, कोरबा को प्राप्त हुए। प्रतियोगिता के द्वितीय वर्ग (11 से 14 वर्ष) में प्रथम पुरस्कार, समीर वर्मा, रायपुर, द्वितीय पुरस्कार, आदित्य देवशिन, दुर्ग तथा तृतीय पुरस्कार, निखिल चक्रधारी, मनेन्द्रगढ़, कोरिया और सात्वना पुरस्कार, ए.श्री नंदिता, रायपुर, चन्द्रकुमारी नागेश, छुरा, गरियाबंद, कुश विनोद राउत, सिमगा, राजवीर चांवला, मनेन्द्रगढ़, कोरिया को प्राप्त हुए। इसके तृतीय आयु वर्ग (15 से 17 वर्ष) में प्रथम पुरस्कार, जसमीत कौर, मनेन्द्रगढ़, कोरिया, द्वितीय पुरस्कार, लालिमा वट्टी, कांकेर तथा तृतीय पुरस्कार, आदित्य जैन, रायपुर और सांत्वना पुरस्कार, निकिता वर्मा, रायपुर, प्रगति अग्रवाल, मनेन्द्रगढ़, कोरिया, विनि शर्मा, रायपुर, प्रतिमा कुम्भकार, रायपुर को प्राप्त हुए।

संपादकीय

राजस्थान में सियासी संकट

राजस्थान में सचिन पायलेट ने बगावत का बिगुल फूंक कर सियासी संकट खड़ा कर दिया है। राजस्थन के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार बचेगी या गिरेगी यह आने वाले समय में पता चलेगा। गौरतलब है कि सचिन पायलेट राजस्थान में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे क्यों कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए उन्होने राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता में वापसी कराने में अग्रणी भूमिका निभाई थी किन्तु उन्हे उपमुख्यमंत्री बना दिया गया और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बन गए थे। जबकि मध्यप्रदेश में कमलनाथ और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए पार्टी को जीत दिलाई थी इसलिए उन्हे मुख्यमंत्री बनाया गया था किन्तु सचिन पायलेट को उपमुख्यमंत्री बना दिया गया था। इसलिए वे शुरू से ही असंतुष्ट चल रहे थे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उन्हे उपेक्षित भी कर रहे थे। सचिन पायलेट के समर्थक मंत्रियों और विधायकों की भी लगातार उपेक्षा की जा रही थी। इस बीच मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बगावत कर दी और कमलनाथ सरकार गिर गई और वहां भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में फिर से सरकार बना ली। ज्योतिरादित्य सिंधिया और सचिन पायलेट गहरे दोस्त रहे है और ये दोनों ही युवा नेता पार्टी में उपेक्षा का शिकार हुए है यही वजह है कि सचिन पायलेट ने भी बगावत कर दी। उन्हे पार्टी ने उपमुख्यमंत्री पद से बर्खास्त कर दिया है और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से भी हटा दिया है। उनके समर्थक दो मंत्रियों को भी बर्खास्त कर दिया गया है ऐसी संभावना है कि सचिन पायलट को कांगेस की प्राथमिक सदस्यता से भी हटा दिया जाए। सचिन पायलट ने अपने खिलाफ हुई इस कार्यवाही पर संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी है कि सच्च परेशान हो सकता है पराजित नहीं। बहरहाल राजस्थान में कांग्रेस के भीतर मची इस कलह से वहां अशोक गहलोत की सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे है। यद्यपि अशोक गहलोत ने दावा किया है कि उनके पास अभी भी विधायकों का बहुमत है और वे सदन में अपना बहुमत साबित कर देंगे लेकिन सचिन पायलट का कहना है कि उनके साथ 30 विधायक है। देखना दिलचस्प होगा कि गहलोत सरकार फ्लोर टेस्ट में सफल हो पाती है या नहीं

विचार-

भारत के लिए नया सिरदर्द

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इन दिनों मुसीबतों के कई छोटे-मोटे बादल भारत पर एक साथ मंडरा रहे हैं। कोरोना, चीन और तालाबंदी की मुसीबतों के साथ-साथ अब लाखों प्रवासी भारतीयों की वापसी के आसार भी दिखाई पड़ रहे हैं। इस समय खाड़ी के देशों में 80 लाख भारतीय काम कर रहे हैं। कोरोना में फैली बेरोजगारी से पीड़ित सैकड़ों भारतीय इन देशों से वापस भारत लौट रहे हैं। यह उनकी मजबूरी है लेकिन बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन देशों के शासकों पर दबाव पड़ रहा है कि वे विदेशी कार्मिकों को भगाएं ताकि स्थानीय लोगों के रोजगार में बढ़ोतरी हो सके। इन देशों के कई उच्चपदस्थ शेखों से आजकल जब मेरी बात होती है तो वे यह कहते हुए पाए जाते हैं कि उनके बच्चे अभी-अभी विदेशों से पढ़कर लौटे हैं लेकिन अपने ही देश में सब अच्छी नौकरियों पर विदेशियों ने कब्जा कर रखा है। इस प्रपंच पर इधर सबसे पहले ठोस हमला किया है, कुवैत ने। कुवैत में कुवैतियों की संख्या सिर्फ 13 लाख है जबकि वहां आजकल 43 लाख लोग रहते हैं याने विदेशियों की संख्या तीन गुनी है। कुवैत में कुवैतियों से ज्यादा भारतीयों की संख्या है। वह है, 15 लाख ! कुवैती प्रधानमंत्री शेख अल-सबाह का कहना है कि कुवैत में विदेशी 30 प्रतिशत रहें और 70 प्रतिशत कुवैती ! यह आदर्श स्थिति होगी। यदि इसी सोच के आधार पर कुवैती संसद ने कानून बना दिया तो 7-8 लाख भारतीयों को अपनी नौकरियां छोड़कर भारत आना पड़ेगा। ये भारतीय अभी अकेले कुवैत से लगभग 5 बिलियन डॉलर हर साल भारत भिजवा देते है।। यदि कुवैत ने सख्त निर्णय कर दिया तो उसे देखकर बहरीन, यूएई, सउदी अरब, ओमान, कतर आदि देश भी वैसी ही घोषणा कर सकते हैं। यदि ऐसा हो गया तो 40-50 लाख लोगों को भारत में नौकरियां कैसे मिलेंगी और कुछ को मिल भी गईं तो उनको उतने पैसे कौन दे पाएगा ? अकेले केरल से 21 लाख लोग खाड़ी-देशों में गए हुए हैं। इसमें शक नहीं कि कोरोना के संकट के कारण इन अति-संपन्न राष्ट्रों की अर्थ-व्यवस्थाएं भी संकट का सामना कर रही हैं लेकिन उनको इतनी समझ तो होनी चाहिए कि प्रवासी भारतीयों को ही सबसे ज्यादा श्रेय इस बात का है कि उन्होंने अपने खून-पसीने से इन देशों की अर्थ-व्यवस्थाओं को सींचा है। इसके अलावा क्या इतनी बड़ी संख्या में भारतीयों के हटने से इन देशों की अर्थ-व्यवस्थाएं बुरी तरह से लंगड़ाने नहीं लगेंगी ? खाड़ी के शेख जरा यह भी सोचें कि वहां भारतीय लोग जिस तरह के छोटे-से-छोटे काम भी खुशी-खुशी करते हैं, क्या अरब लोग करना पसंद करेंगे ? इस तरह के आनन-फानन फैसलों से ये देश अपने लिए तो संकट खड़े करेंगे ही, भारत के लिए भी नया सिरदर्द पैदा कर देंगे।

हे राम, नेपाल के ओली को सद्बुद्धि देना

शिवकुमार विवेक

ओली इतिहास को विकृत करने के लिए प्राचीन समय के आवागमन व पैदल चलने के इतिहास से भी अनभिज्ञता ज़ाहिर कर रहे हैं। ऐसा करके असल में वे राम के महानायकत्व को भी खत्म करना चाहते हैं जिसको पूरा दक्षिण एशिया प्राचीनकाल से आदर देता आ रहा है। रामायण व महाभारत की कथाओं से जनमानस ने अपने को इस तरह जोड़ लिया है कि देश-विदेश में कई स्थानों को उनसे सीधा जुड़ा हुआ बताया गया है। जिस तरह नेपाल के बाल्मीकि आश्रम के बारे में कहा जाता है कि लव-कुश का पालन यहीं हुआ, उसी तरह के बाल्मीकि आश्रम भारत के कई हिस्सों में इसी मान्यता के साथ स्थापित हैं। आस्था इन मान्यताओं को कहीं भी क्षति नहीं पहुंचाती। इंडोनेशिया, मारीशस आदि देशों में अयोध्या और रामकथा से जुड़े प्रतीक स्थापित कर लिए हैं लेकिन वे भी राम की उत्पत्ति के बारे में ऐसे बेहूदा दावे नहीं करते। वहाँ के विद्वान भी रामकथा को एक पैनएशिया फ़िनामिना मानते हैं। ये देश कभी भारतीय सांस्कृतिक आक्रमण की बात नहीं कहते। तो क्या वामपंथी सरकारें ही सांस्कृतिक परंपराओं को विकृत करने और खत्म करने का एजेंडा लेकर आती हैं? नेपाल इसे साबित करता है।

भगवान राम नेपाली थे और उनकी जन्मस्थली अयोध्या भारत में नहीं, नेपाल के बीरगंज जिले में स्थित थी-कहकर नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने दक्षिण एशिया के सांस्कृतिक इतिहास को धता बताने की कोशिश ही नहीं की है बल्कि वर्तमान व भावी पीढ़ियों को गुमराह करने का गहरा षड़यंत्र किया है। यह ओली के पिछले कुछ दिन से चीनी शह पर चल रहे भारत विरोध की सबसे खराब कड़ी है। अब तक वे तीन भारतीय इलाक़ों को नेपाली नक़्शे में दिखाकर शत्रुता की भौगोलिक रेखाएँ खींचने, हिंदी के प्रचलन पर रोक लगाकर भाषायी अलगाववाद खड़ा करने की कोशिश करने और भारत के निजी चैनलों पर पाबंदी आयत कर मनोरंजन व समाचार के भारतीय स्रोत को सुखाने का प्रयास कर चुके हैं। लेकिन 13 जुलाई को उन्होंने नेपाल के आदिकवि भानुभक्त आचार्य की जयंती पर रामायण की ऐतिहासिक व परंपरा को नकारने का बड़ा और गहरा चालाकी भरा क़दम उठाया। यह नई पीढ़ी के सामने नया तथ्य रखकर भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक सूत्रों से अलगाव पैदा करने की चाल है।

कार्ल मार्क्स की धर्म को अफ़ीम मानने की धारणा को मानते हुए कम्युनिस्टों का धर्म के प्रति शत्रुता की हद तक व्यवहार होता है। धर्म के प्रति तटस्थ होना गलत नहीं लेकिन धार्मिक आस्थाओं को अतार्किकता से खंडित करना खराब कम्युनिस्ट होने की निशानी है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के नेता ओली ऐसे ही खराब कम्युनिस्ट हैं। भारत विरोध में वे अपनी ही पार्टी के अन्य नेताओं के विपरीत सांस्कृतिक परंपराओं को नष्ट करने की चेष्टा कर रहे हैं जो दोनों देशों के लोगों के सह अस्तित्व को ही आगे चलकर कठिन बना सकता है। वे इस चेष्टा में अपने देश की लोकस्मृति, लोकचेतना और लोकश्रुति को भी नकारना चाहते हैं।

ओली ने जिन भानुभक्त की जयंती पर रामकथा की नई और मनमानी स्थापना दी, उन्होंने उन्नीसवीं सदी के पूर्वार्ध में तुलसीदास की तरह रामकथा 'सातकांड रामायण' की रचना कर इसे घर-घर तक पहुँचाया था। रोचक बात यह है कि भानुभक्त खुद वाराणसी में पढ़े और यहीं उनकी कृति पहली बार प्रकाशित हुई। उनकी रामकथा बाल्मीकि रामायण व अध्यात्म रामायण से प्रेरित है। इस कथा में भी राम को अयोध्या का राजकुमार बताया गया है। वह अयोध्या जो सरयू नदी के किनारे पर स्थित है। ओली ने इसे नकारते हुए कहा कि भारत ने नेपाल पर सांस्कृतिक आक्रमण किया और इतिहास से छेड़छाड़ की गई। जनकपुर, जो नेपाल में स्थित है, की राजकुमारी का विवाह किसी भारतीय राजकुमार (राम) से नहीं हुआ था। राम नेपाली थे जो बीरगंज जिले के क़स्बे ठोरी के पास अयोध्या में जन्मे थे। यह अटपटी और अद्भुत मान्यता रखी जा रही है। नेपाली लेखक और पूर्व विदेश मंत्री रमेशनाथ पांडेय ने पूछा कि आप अयोध्या को कहीं भी बता देंगे लेकिन वहाँ सरयू कहाँ से लाएँगे। सच यह है कि ठोरी में राम जन्मभूमि की स्थापना से खुद नेपाली ही इत्तेफ़ाक नहीं रखते जबकि वे भी अयोध्या को तीर्थ मानते रहे हैं। ओली का यह सवाल भी बेहूदा ही कहा जाएगा कि राम विवाह करने के लिए इतनी दूर जनकपुर कैसे आते? अयोध्या से नेपाल की सीमा महज़ 167 किमी है और जनकपुर की दूरी 500 किमी से कुछ ही ज्यादा है। जब राम रामेश्वरम तक ढाई हजार किमी की पदयात्रा कर सकते हैं तो जनकपुर दूर कैसे है? बाल्मीकि रामायण में दूरी का उल्लेख इस तरह है-'राजा जनक की आज्ञा पाकर उनके दूत अयोध्या के लिए प्रस्थित हुए। रास्ते में वाहनों के थक जाने के कारण तीन रात विश्राम करके चौथे जिन वे अयोध्यापुरी पहुँचे।'

ओली इतिहास को विकृत करने के लिए प्राचीन समय के आवागमन व पैदल चलने के इतिहास से भी अनभिज्ञता ज़ाहिर कर रहे हैं। ऐसा करके असल में वे राम के महानायकत्व को भी खत्म करना चाहते हैं जिसको पूरा दक्षिण एशिया प्राचीनकाल से आदर देता आ रहा है। रामायण व महाभारत की कथाओं से जनमानस ने अपने को इस तरह जोड़ लिया है कि देश-विदेश में कई स्थानों को उनसे सीधा जुड़ा हुआ बताया गया है। जिस तरह नेपाल के बाल्मीकि आश्रम के बारे में कहा जाता है कि लव-कुश का पालन यहीं हुआ, उसी तरह के बाल्मीकि आश्रम भारत के कई हिस्सों में इसी मान्यता के साथ स्थापित हैं। आस्था इन मान्यताओं को कहीं भी क्षति नहीं पहुंचाती। इंडोनेशिया, मारीशस आदि देशों में अयोध्या और रामकथा से जुड़े प्रतीक स्थापित कर लिए हैं लेकिन वे भी राम की उत्पत्ति के बारे में ऐसे बेहूदा दावे नहीं करते। वहाँ के विद्वान भी रामकथा को एक पैनएशिया फ़िनामिना मानते हैं। ये देश कभी भारतीय सांस्कृतिक आक्रमण की बात नहीं कहते। तो क्या वामपंथी सरकारें ही सांस्कृतिक परंपराओं को विकृत करने और खत्म करने का एजेंडा लेकर आती हैं? नेपाल इसे साबित करता है। ओली की चालाकी यह है कि वे केवल इतिहास में झूठ को ठूँसकर अपने ही लोगों को बहकाना नहीं चाहते बल्कि यह कहकर कि भारत ने नक़ली अयोध्या बना ली है, भारत विरोध को धार्मिक व सांस्कृतिक आक्रामक दृष्टि भी देना चाहते हैं। आश्चर्य है कि कभी दुनिया का एकमात्र हिंदू देश रहा नेपाल एक गुट की राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते जन-मन की आस्था के नायक राम के बारे में विवाद खड़ा कर रहा है। यह भी याद रखना चाहिए कि नेपाल को चीन से आर्थिक लाभ मिल सकता है, भारत की तरह सांस्कृतिक-धार्मिक-सामाजिक रिश्ता नहीं। वर्तमान नेपाल 1768 में अस्तित्व में आया। आदिकाल में अयोध्या और अन्य भारतीय राजवंशों का भौगोलिक भूभाग रहा है। यहां भी तब वर्तमान बिहार और अन्य पड़ोसी राज्यों की तरह अनेक छोटे-छोटे राजकुल विद्यमान थे। जिनमें से कुछ बिहार से संबद्ध रहे। वहाँ के राजवंश अयोध्या के सूर्यवंशी राजाओं के निकट संबंधी रहे हैं। साथ ही वह भारत के सांस्कृतिक और हिंदू इतिहास का अभिन्न हिस्सा रहा है इसलिए इसमें अलग कथानक कहने की गुंजाइश वैसे भी नहीं रही। ओली ऐसा कर इतिहास को नकारना चाहते हैं जिसे नेपाल की जनता ही नहीं स्वीकार कर रही है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के ही उपप्रमुख विष्णु रिजल ने बीबीसी से कहा कि कोई व्यक्ति अप्रमाणित, पुराणविरुद्ध और विवादास्पद बातें कहकर विद्वान नहीं बन जाता। लेकिन मामला विद्वान बनने का ही नहीं है। यह भारत विरोध को नया आधार देने का है।

जैसा कि नेपाल की ही राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सह अध्यक्ष कमल थापा ने कहा कि ओली भारत से रिश्ते बिगाड़ना चाहते हैं। सच यह है ति सरकारों के स्तर पर रिश्ते खराब करने को उतारू ओली इसके जरिये लोगों के स्तर पर भी दुराव और अलगाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह ऐसे समय किया है जब भारत में राम मंदिर बनाए जाने के फ़ैसला समूची दक्षिण एशिया में चर्चा का विषय है।

'सोने की चिड़िया' में भ्रष्टाचार का बोलबाला

जीवन एस साहू

आज देश के जो भी हालात है उसमें काफी हद तक हम और आप भी दोषी हैं जरूरत तो आत्म अवलोकन की है । जरा सोंचे क्या हम गांव स्तर पर वर्तमान बदले परिवेश में स्वच्छ छवि व ईमानदार व्यक्ति को प्रधान बनवा पाते है । शायद नही क्यों कि उस समय हमारे दिलो-दिमाग में राष्ट्र निर्माण व सामाजिक संस्वना का उद्देश्य गायब हो चुका होता है,यही कारण है कि आज लोकतंत्र के लिये भ्रष्टाचार मुक्त सरकार मात्र एक सपना बनकर रह गई है । विश्व में अनोखी पहचान रखने वाले भारत की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को संचालित करने वाले जनप्रतिनिधि राजनेता जातिवाद,परिवारवाद, स्वार्थवाद और क्षेत्रवाद का चोला पहनकर अवसरवादी राजनीति की दूषित चाल से देश के आम नागरिकों को गुमराह कर खुले मन से भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अनैतिक धन उगाही करते हुये देश की जड़ों को खोखला करने में जुटे हुये हैं।

देश में आज की स्थिति किसी से अब छिपी नही है एक तरफबढ़ती अमीरी की चमक से कुछ लोगों की आंखें चकाचौंध हो रही हैं तो दूसरी तरफकरोड़ों-करोड़ भरतीयों की आंखों का अपनी गरीबी व मजबूरी पर आसुओं में डबडबा जाना रोजाना की कहानी है। हकीकत तो ज्यादा बदतर है मगर यदि हम सरकारी आंकड़ों की ही माने तो देश में 37.2 प्रतिशत यानी 40 करोड़ लोगों को दो वक्त का भोजन भी नसीब नहीं है।

देश में 77 प्रतिशत लोगों की प्रतिदिन आमदनी जरूरतों से बहुत कम है। कालाबाजारियों के राज में आसमान छूती महंगाई में करोड़ों लोग कैसे जिंदगी गुजर बसर कर रहें हैं इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे हालात में जी रहे लोग अपने बच्चों को कैसे शिक्षा दे पायेंगे ? कैसे उनके स्वास्थ्य की देख-रेख करेंगें ? उनके भविष्य को कैसे बेहतर बना पायेंगे ? यह आप खुद सोच सकते हैं। जिन बच्चों को ये किसान-मजदूर स्वयं भूखे रहकर किसी तरह इंटरमीडिएट, स्नातक,परास्नातक की शिक्षा दिला भी देते हैं फिर भी उनका क्या हश्र है ? इन डिग्रीधारी करोड़ों युवक-युवतियों की आधी उम्र रोजगार की तलाश में कार्यालयों के चक्कर लगाने में गुजर जा रही है। नौकरी न मिलने पर थके-हारे कुछ युवा स्वरोजगार की योजनाएं बनाते हैं, जिसके लिए लोन हेतु बैंकों का चक्कर लगाते- लगाते आधी ऊर्जा खर्च हो जाती है,किसी ने न सोचा था ?

ऐसा दौर भी आयेगा,शायद किसी ने न सोचा था कि ''सोने की चिड़िया'' कहे जाने वाले देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला इस हद तक होगा कि गरीबी मिटाने का राग अलापने वाले ही गरीबों का हक लील जायेंगे। और गरीब भूखों मरेंगे,,महगाई सुरसा की भांति ऐसा मुंह फैलायेगी कि देश का आम नागरिक त्राहि-त्राहि करेगा और लोग भूखों मरने को विवश होंगे जिसकी शुरुवात हो चुकी है, उपरोक्त ऐसे तमाम सवाल देश के सभी जागरूक नागरिकों के दिलों-दिमाग में हलचल मचाते है। बावजूद इसके हम मौन है चुपचाप बैठे हैं आखिर क्यों ? यह एक यक्ष प्रश्न है ! क्या

यह सोंचकर कि समृद्ध हो चुके भ्रष्टाचार पर अब नियंत्रण नही किया जा सकता, चरित्र से गिर चुके राजनेताओं द्वारा संचालित सरकारों का तख्ता पलट नहीं किया जा सकता । आस्तीन में पलते भ्रष्टाचार विषियर नागों का फन नही कुचला जा सकता ? आज देश के जो भी हालात है उसमें काफी हद तक हम और आप भी दोषी हैं जरूरत तो आत्म अवलोकन की है । जरा सोंचे क्या हम गांव स्तर पर वर्तमान बदले परिवेश में स्वच्छ छवि व ईमानदार व्यक्ति को प्रधान बनवा पाते है । शायद नही क्यों कि उस समय हमारे दिलो-दिमाग में राष्ट्र निर्माण व सामाजिक संस्वना का उद्देश्य गायब हो चुका होता है,यही कारण है कि आज लोकतंत्र के लिये भ्रष्टाचार मुक्त सरकार मात्र एक सपना बनकर रह गई है । विश्व में अनोखी पहचान रखने वाले भारत की लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को संचालित करने वाले जनप्रतिनिधि राजनेता जातिवाद, परिवारवाद, स्वार्थवाद और क्षेत्रवाद का चोला पहनकर अवसरवादी राजनीति की दूषित चाल से देश के आम नागरिकों को गुमराह कर खुले मन से भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अनैतिक धन उगाही करते हुये देश की जड़ों को खोखला करने में जुटे हुये हैं।

इनकी इन करतूतों से देश का आम नागरिक भलीभांति वाकिफ भी है,यही वजह है कि आज देश के हर कोने में बुद्धिजीवी,समाजसेवी,जागरूक वर्ग में आस्तीन में पल रहे इन विषियर नागों के फन की चर्चा बड़े पैमाने पर हो रही है। ये विषियर नाग लगातार देश की आम जनता को डसने में मशगूल है। वर्तमान में देश की स्थिति किसी भारतीय से छिपी नही है आज देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते गरीबों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है ।

ग्रामसभा से लेकर संसद तक देश की आम जनता का शोषण करने वाले राजनेताओं एवं अफसरशाहों की भ्रष्टाचारी नीतियाँ पूरी तरह से जनता की जेबें खाली कर अपनी-अपनी तिजोरियाँ भरने की फेहरिस्त में जुटे हैं। ऐसे में सुनिश्चित है कि यदि इन विषियर नागों के फैलते फन को कुचलने के लिए हम और आप संगठित न हुये या यूँ कहें कि देश का आम नागरिक जागरूक न हुआ तो खुद तो शाषित होते हुये अनचाही अनजानी पीड़ा का शिकार बनेगा ही आने वाली पीढ़ी को भी नारकीय जीवन देकर जायेगा। *(लेखकः दैनिक नवप्रदेश के गरियाबंद जिला ब्यूरो है। यह उनके विचार है।)*

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बादल के चिथड़ों से

बादल के चिथड़ों से बिखरे रिश्तों को नित सींती हूँ। जज्बातों के ढेर लगे फिर भी भीतर से रीती हूँ।। खिलंदड़े अंदाजों में मैं गमेजिन्दगी जीती हूँ । दुःख को यारो अश्रुधार में मिला मिलाकर पीती हूँ ।। नारी हूँ नारी हूँ मैं हर पल समष्टि हित ही जीती हूँ। सुखद सुबह ही बिखरी जग में कभी निशा बन बीती हूं।।

- देवयानी भारद्वाज

कभी, जब उम्र तलाशने

कभी, जब उम्र तलाशने बैठो तो ध्यान से देखना ज़रा, गुज़रे हुए वक्त के उस ढेर में, तुम्हें लेकर मेरे जो.. अरमान थे न दफ़्न मिलेंगे, खुरचकर हथेलियों में बटोर लाना थोड़ी सी वो नमी, जो.. आंखों से पिघलकर मिट्टी में मिल चुकी है मेरी ही तरह!

- निधि भार्गव मानवी

ख़ास पाती | वो सुबह कभी तो आएगी

वो सुबह कभी तो आएगी जब ये दुनिया कोरोनामुक्त हो जाएगी बो सुबह कभी तो आएगी जब तू मुझसे मिलने कल्लू हलवाई के घर के पिछवाड़े आएगी वो सुबह कभी तो आएगी जब तेरी अम्मी मुझे चाय पे बुलायेगी वो सुबह कभी तो आएगी जब तू मेरी दास्तां अपने अब्बू को सुनाएगी वो सुबह कभी तो आएगी जब गंगा जमुनी तहज़ीब फिर से लहलहाएगी वो सुबह कभी तो आएगी जब ईद ओ दीवाली साथ मनायी जाएगी।

- राजीव वर्मा

कुछ लोग कुर्सी के उपर बैठे

कुछ लोग कुर्सी के उपर बैठे हैं कुछ लोग कुर्सी के नीचे बैठे हैं कुछ लोगों ने कुर्सी को घेर रखा है कुछ लोग उचककर बस कुर्सी को ताक रहे हैं और एक भीड़ ऐसी भी है जिसने कभी कुर्सी देखी ही नहीं है पर कुर्सी के ढांचे में जो कील ठोकी गई है वो इसी भीड़ के पसीने का लोहा है देखना है भीड़ कुर्सी को कब देखेगी जब कुर्सी से कील अलग हो जाएगी तब या जब इस कुर्सी पे बैठे व्यक्ति का जमीर जाग जायेगा।

सरीता शैल

मेरे लिए साहित्य का अर्थ मानव कल्याण

मेरे लिए साहित्य का अर्थ मानव कल्याण की भावना से ,मनुष्य की आत्मा को ऊँचा उठा कर नीरस आत्माओं में जीने की उत्कंठा जगाता है। आत्मा की गहराइयों से निकली पवित्रतम अभिव्यक्ति है साहित्य जिसमे देशकाल की कल्पना के चित्र और भविष्य के दिवाश्वप्न भी होते हैं। **- अजय कुमार सिंह भदौरिया**

पाती पा प्रिय की प्रिया

पाती पा प्रिय की प्रिया, पुलकित अति हिय कोर। अनहद शबद रसाल से, गूँज उठे चहुँ ओर। गगन मगन हो लिख रहा, बूँद-बूँद से गीत। धरा मुदित हो बाँचती, सरगम स्वर में प्रीत। मौसम में तूफ़ान हैं, नदियाँ भरें उफ़ान। द्वार द्वार दे दस्तकें, पवन बड़ा शैतान। शिखर नहाते मुग्ध मन, झरने उतरे झील। घन घमण्ड को चीरती, चपला ले कंदील। सावन पावन प्रिय परम, पवन करे बेहाल। बादल आँचल से उड़े, बहके ताल रसाल। **- हरिवल्लभ शर्मा 'हरि'**

वक्त को आते-जाते देखा कितने

वक्त को आते-जाते देखा कितने रंग दिखाते देखा.. पतझड़ में गिरते पत्तों को, फिर बसंत में आते देखा.. इक दिन जो खीचीं रेखाएं, इक दिन साफ मिटाते देखा.. माटी से उपजे जादू को, माटी में मिल जाते देखा। **- निश्चय वाजपेई**

तू करके उचियाँ दीवारां रख

तू करके उचियाँ दीवारां रख ले इस दिल दे चार चौफेरे पावें सांभ के रखी आ कोई दिल ते ना ला ले डेरे ते मेरा पहलां वे दिल टूटेया हाए टूटेया मेरा इक वारी तांहियों दिल दी दीवारां ते मैं इक ना बनाई बारी।

- कल्पना पाण्डेय

आज फिर जब मैंने हाल सुनाया

आज फिर जब मैंने हाल सुनाया सूरज को अपनी उदासी का देखकर मेरी ओर इस बार वह मुस्कुरा उठा डूब जाता हूँ मैं भी तो हर रोज शाम होते ही अंधेरों में ... ओह! समझ गई थी मैं उसका इशारा सीखना ही होगा अब मुझे भी निकलना इन उदासियों से तैरकर मगर। **- प्रेरणा गुप्ता**

QUIZ TIME

1) बिहार का करण्डा कुण्ड किसके जीवन से संबंधित है?

2) किसके जयंती पर नेपाल सेण्ट्रल बैंक ने 100रूपये, 1000रूपये और 2500 (नेपाली रूपये) के मूल्य वर्ग के तीन स्मारक सिक्के जारी किए?

3) किस संस्थान से शोधकर्ता ने पहली बार भारतीय ब्रेन एटलस विकसित किया है?

4) 700 वर्ष की आयु में जलवायु परिवर्तन के कारण किस देश ने ओक्जोकुल ग्लेशियर खो दिया है?

5) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गौतम बुद्ध (2) गुरुनानक देव की 550वीं जयंती पर (3) आईआईआईटी, हैदराबाद (4) आइसलैंड (5) गीता गोपीनाथ

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1795 - 'ला मर्सेइल्लैसे' को फ्रांस का राष्ट्रीय गान घोषित किया गया। 1904 - अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहले बौद्ध मंदिर का निर्माण हुआ। 1910 - एमिल क्रे?पलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया। 1916 - दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरुआत हुई। 1923 - इटली की संसद ने नया संविधान स्वीकार किया। 1926 - बॉम्बे (अब मुंबई) में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत हुई। 1948 - अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन दूसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित हुए। 1955 - प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की।

■ न्यूज गैलरी

औचक निरीक्षण

भिलाई.03। नगर पालिक निगम भिलाई.चरौदा क्षेत्रांतर्गत कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये आयुक्त कीर्तीमान सिंह राठौर द्वारा चरौदा जीई रोड में अपने टीम के साथ तेज बारिश होने के बाद भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिना मास्क लगाये व्यवसाय कर रहे 18 व्यवसायियों से अठ्ठाईस सौ रूपये का दण्ड वसूल किया और व्यवसायियों को सख्ती से हिदायत दी गई है की आप स्वयं मास्क लगावें और अपने ग्राहकों को भी मास्क लगाने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान निगम सहायक यंत्री विमल शर्मा, प्रशांत शुक्ला, डीके पाण्डेय, राजकुमार देवांगन, सुरेश नासरे के साथ अशोक शर्मा, कौशल तिवारी, भीषम वर्मा आदि टीम सदस्य उपस्थित रहें। उक्ताशय की जानकारी निगम जनसंपर्क प्रभारी राजू वर्मा के द्वारा दी गई।

एनजीओ कर रहा है ट्रांसजेंडरो की उपेक्षा

लाखों के फंड का फर्जी ढंग से हो रहा है गबन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग राज्य कंट्रोल सोसायटी द्वारा दुर्ग जिले में ट्रासजेन्डरो (तृतीय लिंग समुदाय) के हितों की रक्षा व संरक्षण हेतु नेहरु नगर वेस्ट 5/12 में संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना विकास अनुसंधान संस्थान की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है। आरोप है कि इस एनजीओ द्वारा तृतीय लिंग समुदाय के लिए कोई पहल नही की जा रही है बल्कि उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। अंचल के तृतीय लिंग समुदाय के लोगों ने जिलाध्यक्ष कंचन सेन्द्रे के नेतृत्व में मंगलवार को जिलाधीश के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सेन्द्रे ने बताया कि एनजीओ को 400 तृतीय लिंग समुदाय के लिए शासन से लगभग 40 से 50 लाख रु की राशि मिलती है। लेकिन दुर्ग जिले के 250 समुदाय के लोगों इसका लाभ नही मिल पा रहा है। एनजीओ के प्रोजेक्ट मैनेजर अनुपम ताम्रकार व प्रोजेक्ट डायरेक्टर कुलवंत सिंह द्वारा समुदाय के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। कंचन का आरोप है कि फर्जी आकड़े दर्शाकर शासन की राशि का गबन किया जा रहा है। कंचन ने बताया कि संस्था का काम तृतीय लिंग समुदाय को एचआईवी से बचाने जागरुक करने के साथ उन्हे स्वास्थ्य लाभ दिलाना है। परंतु एनजीओ द्वारा दुर्ग के समुदाय को ड्रापआउट बताया जा रहा है। कंचन ने जिलाधीश से आग्रह कर इस संस्थान के विरुद्ध कार्यवाही कर बंद करने की मांग की है। किसी अन्य नए एनजीओं को मौका देने का अनुरोध किया। ज्ञापन सौपने के दौरान संतोषी, चंचल, तनुजा सहित अनेक लोग शामिल थे।

जिले में 244 कोरोना पॉजिटिव

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मंगलवार को जिले में 11 नए कोरोना पॉजीटिव मरीज की पहचान हुई है। इस तरह जिले में अब तक 244 कोरोना पॉजीटिव के मामले सामने आ चुके है। नई पहचान में अमलेश्वर बटालियन के 3 जवान शामिल है। जो बाहर से लौटे थे। इसके अतिरिक्त धमधा दारगांव के 3 प्रभावित है। जो सरपंच के परिवार से तालूक रखते है। धमधा बिरझापुर में 3 नए लोगों की पहचान हुई है। ये गुजरात से छत्तीसगढ़ वापस लौटे है। मोहलई धमधा में 1 कोरोना पॉजीटिव मिला है जो सरपंच के परिवार से जुड़ा बताया गया है। पाटन के बटरेल गांव में स्वास्थ्य केन्द्र का 1 कर्मचारी कोरोना पॉजीटिव पाया गया है। जिले में कोरोना का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है।

कन्टेन्मेंट जोन घोषित

जिले के अंतर्गत वैशाली नगर कोहक वार्ड 15, जंजगीरी वार्ड 19, पंचदेवरी, मुरमुंदा एवं ग्राम बिरझापुर धमधा, सिरसाकला सिरसाभाठा, वार्ड 37 चरोदा, सिकोला पाटन, भोथली, अमलेश्वर, जिला दुर्ग में नया कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने पर क्षेत्रों को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया जाता है। उक्त क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित करने के परिणामस्वरूप कन्टेनमेंट जोन में चिन्हांकित क्षेत्र में सभी प्रकार के दुकानें व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेगी। इसके अलावा सभी प्रकार की वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। उक्त क्षेत्र की निगरानी पुलिस विभाग के द्वारा पेट्रोलिंग कर की जावेगी। जिला चिकित्सालय व स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी के साथ ही निर्देशानुसार सेम्पल की जांच की जायेगी।

कन्टेन्मेंट जोन से विमुक्त

जिले के ग्राम कंदई, दारगांव एवं कुम्हारी वार्ड 10, कुम्हारी में कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के उपरांत उक्त क्षेत्र में कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया था। उक्त क्षेत्र में पिछ्ले 14 दिवस में कोई भी नए पॉजिटिव केस नहीं आये है। अतः कंटेनमेंट जोन की अधिसूचना को समाप्त करते हुए चिन्हित क्षेत्र को निम्न निर्देशों के साथ विमुक्त किया जाता है। उक्त कंटेनमेंट क्षेत्र में जिन व्यक्तियों को होम क्वारंटाईन किया गया है उनके क्वारंटाईन अवधि तक यथास्थिति बनी रहेगी। चिन्हांकित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान शासन के नियमानुसार संचालित होंगे। चिन्हिंत क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोरोना से संबंधित लक्षण होने पर तत्काल कंट्रोल रूम पर सूचित करेंगे।

भिलाई के मुदित व अभिषेक का कमाल

कम लागत पर बनाया ऑटोमेटिक सैनिटाइजर मशीन, पेश की मिसाल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। क्रिएटिव कार्यों के लिए पूरे देश में जाना जाता है। भिलाई बिरादरी में सृजनशीलता कूट-कूट कर भरी है। संयंत्र के भीतर हो या बाहर, संयंत्र के कार्मिक हों या उनका परिवार। हर पल कुछ नया करने के लिए आतुर रहता है। इसी कड़ी में दो युवाओं के. मुदित और अभिषेक दास ने अपनी सृजनशीलता से कोरोना से जंग जीतने हेतु कदम बढ़ाया है। जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। कोरोना काल में सैनिटाइजर का हर स्थान पर उपयोग किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों में इसके प्रयोग को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे लोग कोरोना के संक्रमण से बच सकें। आज हर जगह न्यूनतम लागत पर ऑटोमेटिक सैनिटाइजर मशीन की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में भिलाई के दो युवाओं श्री के. मुदित और श्री अभिषेक दास ने कम लागत पर ऑटोमेटिक सैनिटाइजर मशीन बनाने की ठानी। जिससे सैनिटाइजेशन भी हो और लागत भी कम आए। मुदित और अभिषेक ने न केवल कम लागत पर बल्कि कांटेक्टलेस ऑटोमेटिक सैनिटाइजर मशीन का निर्माण कर भिलाई का नाम रोशन किया है। विदित हो कि श्री के मुदित नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट, मुबंई के द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। वहीं उनके साथी अभिषेक दास ने होटल मैनेजमेंट में डिग्री हासिल की है। दोनों ही छात्र केपीएस से स्कूली शिक्षा ग्रहण की है। मुदित की माता सविता संयंत्र में मुख्य महाप्रबंधक मेकेनिकल कार्यालय में निजी सहायक के रूप में पदस्थ हैं।

महापौर ने किया पौधारोपण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम सीमाअन्तर्गत वार्ड 60 स्टील कालोनी पानी टंकी परिसर में महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभापति राजेश यादव, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जयश्री जोशी, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पार्षद निर्मला साहू, उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह, संदीप श्रीवास्तव, निखिल खिचारिया के अलावा सीआरपीएफ के जवानों एव बड़ी संख्या में वार्ड नगरिकगण के मौजूदगी में 30 नग पौधे आम, अमरूद, जामुन, आंवला, मूंनगा, कटहल, नीम, कचनार, कुमुम के अलावा अन्य छायादार एव फलदार पौधे रोपे गए।

इस दौरान श्रीमती अर्चना मिश्रा, संगीता सिंह, शोभा बैयँगी, उषा साहू, लता जैन, श्रद्धा रावएश्री कोठारी, आरएम जैन, डॉ अनिल शुक्ला, अजय जैन, ओम प्रकाश शर्मा, प्रीतम देशमुख, महेंद्र श्रीवास्तव, सीआरपीएफ के जवान पीसी विल्सन, इंद्रजीत सरकार, राजेश कुमार, एस के धुर्वे, मोहित कुमार, के महेश देवानी, प्रवेश कुमार, विश्वनाथ दास, सुरेश ब्रम्हा सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे।

5 वार्डों में आज नहीं मिलेगा पानी

दुर्ग। निगम द्वारा सिकोला भाठा जोन में अमृत मिशन योजना के तहत् इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य 15 जुलाई तक पूरा किया जावेगा। जलगृह विभाग से मिली जानकारी के तहत् इंटरकनेक्शन कार्य के लिए सिकोला जोन के उच्चस्तरीय जलागार से वितरण पाइप लाईन पर स्थित वाल्ब को बंद किया जावेगा। जिसके कारण सिकोला जोन से संबंधित वार्ड सिकोला भाठा, करहीडीह वार्ड, सिकोला बस्ती, उरला वार्ड 57.58 क्षेत्र में 15 जुलाई तक जलप्रदाय प्रभावित रहेगी। उक्त तिथि को पानी नहीं आयेगा।

विजय नगर में घूम रहे मवेशी गौठान में बंद

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम द्वारा कचहरी वार्ड स्थित विजय नगर में घूम रहे 06 भैंसों को रोका.छेका अभियान के तहत् पकड़कर पुलगांव स्थित गौठान में बंद किया गया। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार बंद किये गये भैंसों के लिए चारा.दाना की व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि निगम सीमा क्षेत्र में राज्य शासन के निर्देशानुसार रोका.छेका अभियान शहर में जारी है। इसके अंतर्गत आवारा घूमने वाले पशुओं को निगम द्वारा पकड़ा जा रहा है। कचहरी वार्ड निवासियों की शिकायत पर निगम अमला ने पचरीपारा के जानवर भैंस जो विजय नगर में खुले में घूम रहे थे उसे पकड़ा गया। निवासियों ने बताया कि यह मवेशी पचरीपारा का है रोज मुख्य मार्ग को बाधित करते हुये यह जानवरी रोज यहॉ आते हैं। अतः शहर के समस्त मवेशी मालिकों को हिदायत भी दी जा रही है।

मैत्री विद्या निकेतन के सराहनीय परिणाम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन सी.से. स्कूल रिसाली का सी.बी.एस.ई. 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2019-20 का परिणाम सराहनीय रहा। जिसमें विद्यालय के छात्र हर्ष मेश्राम एवं शिबांग दास ने सर्वश्रेष्ठ अंको के साथ 94.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान में रहे। छात्र हिमांशु यादव 93.8 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, तनमय पाटिल 93.6 तृतीय, चिनमयी दहके 93.2 चतुर्थ, अर्पिता सिंह 92.6 पंचम, रुपाली बघेल 92 छठवें, योगेन्द्र साहू 90.6 सातवां, उत्सव शर्मा 90.4 आठवां, अंजली 90.2 नौवां स्थान पर रहे। विद्यालय 16 छात्रों को पांचो विषयों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त हुई है। वहीं 15 छात्र चार विषयों में योग्यता प्राप्त किए। कुल 90 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियो के सराहनीय परिणाम के लिए शिक्षकों के योगदान, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, पालकों एवं विद्यालय द्वारा दिए गए प्रोत्साहन को सारा श्रेय जाता है। बच्चों के इस प्रदर्शन पर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती राजम सुधाकरन, प्रबंधक एस संजीव, एस साजन विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्य सजीता थम्बी, उपप्राचार्या डॉ. बीना सजीव, प्रधान अध्यापिका निशी साजन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

देर तक खुली दुकानों पर कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। कोरोना वायरस की रोकथाम व नियंत्रण के मद्देनजर जिला प्रशासन के गाइड लाइन की अवहेलना किये जाने के बीच निगम की उड़नदस्ता टीम द्वारा दाण्डिक कार्यवाही की गई। निर्धारित समय के उपरान्त भी व्यवसाय संचालित किये जाने हेतु क्षेत्र के जागरूक लोगों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उड़नदस्ता टीम द्वारा निगम क्षेत्र में शाम 7 बजे के बाद भी व्यवसाय संचालित करने पर हठधर्मी व्यवसायियों को चेतावनी देते हुए दुकान बंद कराया व दाण्डिक शुल्क वसूला। टीम द्वारा प्रतिदिन कोरोना संक्रमण की बढ़ोत्तरी को देखते हुए व्यवसायियों को नियम निर्देशों का पालन करने की सख्त समझाइश दी व टीम द्वारा बिना मॉस्क के घूम रहे लोगों से अर्थदंड वसूल किया गया। अलर्ट निगम की टीम द्वारा लोगों की शिकायत पर औचक निरीक्षण कर रहे है।

समारोह... कोविड-19 की वजह से सादगीपूर्ण ढंग से हुआ आयोजन....

20 कर्मचारियों को सम्मान के साथ दी विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम सभागार में विदाई समारोह हुआ। जहां निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने सहायक अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, पंप सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित कुल 20 कर्मचारियों को श्रीफल, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना के साथ विदाई दी। इस मौके पर आयुक्त ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सेवा कार्य की सराहना की। उनकी पेंशन का शीघ्रता से भुगतान कराने की बात कही। वहीं निगम उपायुक्त तरूण पाल लहरे ने भी कर्मचारियों की सेवा कार्य की सराहना की। उपायुक्त श्री लहर ने कहा कि निगम में मार्च 2020 से जून 2020 तक 20 कर्मचारियों ने 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया था। कोविड.19 के संक्रमण की वजह से निर्धारित तिथियों में विदाई समारोह का आयोजन नहीं किया जा सका। आज सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों के सम्मान में यह आयोजन किया गया है।

ये हुए सेवानिवृत्त

गंगाराम निषाद पंप सहायक, लेड़गा राम देवांगन माली, प्रबोध वासनिक प्रोसेस सर्वर, चिंताराम बंजारे सहायक अधीक्षक, अधन पंप सहायक, गणपतराम वर्मा माली, चुन्नीलाल सफाई कामगार, रमा बाई सफाई कामगार, दुबेलाल सेन राजस्व उप निरीक्षक, मेहत्तरराम स्वच्छता पर्यवेक्षक, किशोर खिरोड़कर पंप सहायक, चंदन बाई चौकीदार, संतराम पाटिल चैकीदार, घसिराराम भारती पंप सहायक, चंद्रिका प्रसाद राजस्व निरीक्षक, राधेलाल भोजवानी चालक, जसपाल कौर सहायक ग्रेड.3, कुंदन तिवारी सफाई कामगार, राधेश्याम साहू सफाई कामगार, पोलैया सफाई कामगार को सम्मान के साथ विदाई गई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400284

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अखिलेख कुमार आ. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह निवासी ऋषभ सिटी प्राईम दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 633/61 रकबा 0.012 हें/ 1350 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400262

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कोम्पेल्ला वेंकट लक्ष्मी आ. स्व. एन वेंकटश्वरलू निवासी आमदी नगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 788/7 रकबा 0.032 हें/ 3500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400244

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कीर्ति भूषण हिरवानी आ. स्व. इश्वरीय लाल निवासी सेक्टर 10 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 758/5, 759/4, 760/4 रकबा 0.018 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विधि अग्रवाल पिता/ पति विपिन कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1314/8 रकबा 0.022 हें. भूमि को दानदाता श्रीमती मनोरमा गुप्ता पति स्व. मुरलीधर गुप्ता निवासी ग्राम सुभाषनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 02.07.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास दास आ. तरुण दास मानिकपुरी निवासी कोड़िया तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोडिया तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 335, 597 रकबा 0.500, 0.080 हें भूमि जो कि मंगलदास मानिकपुरी आ. झाडू दास मानिकपुरी के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु 22.05.2020 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.08.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400234

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक खुलेश्वर साहू आ. तुलाराम साहू निवासी करहीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 28/56 रकबा 0.023 हें/ 2475 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400236

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पुरनलाल आ. श्रवण देवांगन निवासी दल्लीराजहरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 386/15 रकबा 0.017 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400239

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हरदेव सिंह ठाकुर पति निजाम सिंह ठाकुर निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.न. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 93/84 रकबा 0.011 हें/ 1250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अंजनी नेताम पति हरदेव सिंह नेताम निवासी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 722/14 रकबा 0.034 हें/ 3748 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400235

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक विजय कुमार भास्कर आ. गणेश राम निवासी जमहा जिला मुंगेली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.न. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 37/61 रकबा 0.021 हें/ 2250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400246

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री कृष्ण कुमार बांधे आ. श्री गुहाराम बांधे निवासी पिसेगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पिसेगांव प.ह.न. 27 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 735/12 रकबा 0.0120 हें/ 1348,75 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400245

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती निशा बांधे पति श्री कृष्ण कुमार बांधे निवासी पिसेगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पिसेगांव प.ह.न. 27 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 735/5 रकबा 0.0120 हें/ 1276 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

गांव में महिला स्व सहायता समूह बना रही स्वदेशी राखियां

खरोरा। समीप्रसत ग्राम फरहदा के सामाजिक कार्यकर्ता योगेश यादव के नेतृत्व में स्वदेशी राखियां बनाई जा रही है यह राखियां गोबर से तैयार की जा रही है जिसका बनाने का प्रमुख उद्देश्य चीनी राखियो का बहिष्कार करना भी है। इससे जो भी रकम एकत्रित की जाएगी उसे स्थानीय गौशालाओ एवं सामाजिक कार्यो में व्यय की जाएगी। इस स्वदेशी राखी को खरीदने से देश का पैसा देश मे ही रहेगा। हम सभी हिन्दुस्तानियों को इसके लिये गम्भीरता से सोचना चाहिए। अगर हमारे देश में लघु उद्योगों को बढ़ावा मिले। तो देश का पैसा देश में रहेगा, और लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। हम चीन की वस्तुओं पर निर्भर नहीं रहें। अपने देश में बनी वस्तुओं के इस्तेमाल की आदत डालें। एक छोटी सी शुरुआत तो करें, हमें 00कामयाबी ज़रूर मिलेगी। ये देश हित में है, और जो देश हित में हो, वो हमारे हित में भी ज़रूर होगा। इसलिए हम रक्षाबंधन पर सभी से अपील करते हैं कि अपने देश में बना राखी धागे का इस्तेमाल करें। और एक बार उन सैनिकों के दर्द का अहसास ज़रूर करें, जो कश्मीर में चीन की पाकिस्तान में फंडिंग की वजह से शहीद हो रहे हैं। चीनी सीमा पर हमारे सैनिकों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिये हमें भी गम्भीरतापूर्वक सोचकर चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिये। पिछले साल दीपावली पर हमने चीनी सामान का बहिष्कार किया था। अबकी बार भी हम दीपावली से पहले चीनी सामान का बहिष्कार करेंगे। इसलिए व्यापारी भाईयों से हम अपील करते हैं कि दीपावली के लिए चीनी सामान की बुकिंग ना करें।

बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, नगर पंचायत अध्यक्ष ने दी चेतावनी

खरोरा। नगर के आम लोगों की मौजूदगी में बिजली सम्बन्धी समस्याओं पर चर्चा हुई। अध्यक्ष अनिल सोनी ने बिजली आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए स्पष्ट किया कि इसमें स्थानीय स्तर से कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लो-वोल्टेज व बिजली ट्रिप होने की समस्या खत्म करने का विशेष निर्देश दिया।अध्यक्ष ने कहा कि जर्जर तार व पोल की समस्या पूरे नगर में है। इसको ने गम्भीरता से लिया जाय और इसके लिए विशेष रूप से बदला जाय । उन्होंने कहा कि 'सौभाग्य योजना के तहत जहां नया काम हुआ है वहां तो नहीं, लेकिन पहले से जहां विद्युतीकरण हो गया है वहां जर्जर तार बदले जा सकते हैं। बिजली विभाग के अधिकारी। हिदायत दी कि अध्यक्ष के साथ साथ अब उपाध्यक्ष व पार्षद भी इस पर गंभीर है, लिहाजा बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी गम्भीर हो जाएं। अध्यक्ष ने आगे कहा कि अगर कोई बड़ी समस्या है तो समझ सकते है लेकिन प्रतिदिन बिना जानकारी दिए बिजली काटना गलत है वह सब बर्दाश्त कर सकते है लेकिन नगर की जनता को परेशान नही । वही उपाध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा पन्ना देवांगन ने कहा कि अगर अब समस्या हल नही होती तो हम धरना प्रदर्शन करेंगे।

कलेक्टर के निर्देश का हुआ असर, बिना मास्क पहने दिखे लोगो पर सख्ती

कई दुकानों पर हुई चलानी कार्यवाही

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि ईडब्ल्यूएस- 260 न्यू राजेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मंजू लालवानी w/o स्व. दौलतराम लालवानी एवं अन्य के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती दीपिका दास w/o तोमेश्वर दास ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 14/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि प्लाश विहार दुकान क्र. 01 जो कि निगम अभिलेख में 1. भरत कुमार चंदानी 2, उमेश कुमार चंदानी s/o दयाराम चंदानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सुन्दरलाल लमन्या s/o नन्हेराम लमन्या ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 15/2020-21
वार्ड का नाम- डा.राजेन्द्र प्रसाद-52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. राजेन्द्र प्रसाद-52 वार्ड स्थित मकान/ भूमि 52/बी-3 प्रगति विहार जो कि निगम अभिलेख में श्री रॉबिन्सन जॉन s/o जॉन विक्लीफ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री आकाश वर्मा s/o चन्द्रकांत वर्मा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 17/2020-21
वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती-50 वार्ड स्थित मकान/ भूमि B-II गोलछा पार्क जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मदनदेवी बरमट w/o गुलाब चंद बरमट के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सौरभ जैन s/o दीपक बरमट ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 20/2020-21
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद-52

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद 52 वार्ड स्थित मकान/ भूमि जो कि निगम अभिलेख में 1. श्री मोहित कुमार निहिचलानी s/o महेश कुमार 2. दीपक दुल्हानी s/o कन्हैया लाल दुल्हानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती पूजा केशवानी w/o हेमन केशवानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। — जोन कमिश्नर, जोन क्र.-10, नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D2ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी- 426, श्रीमती सुशीला वर्मा पति श्री कुमार सिंह वर्मा को स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 21.12.2016 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत कराने के उपरांत वर्तमान में श्रीमती सरिता नवरंग पति श्री नरेश कुमार नवरंग निवासी- ग्राम मुड़पार, पोस्ट खेड़ा, तहसील नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, सड्डू, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D2ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक- 1299, श्री शरद कुमार अग्रवाल पिता श्री रामलाल अग्रवाल को आफर/ स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 10.03.2011 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत आम मुख्यार श्री अतुल भाई मिरानी पिता श्री शांतिलाल मिरानी द्वारा उक्त भवन/दुकान को वर्तमान में श्रीमती हिलेरिया फ्रेन्कलिन पति श्री जोसेफ फ्रेन्कलिन पता- लक्ष्मी नगर, मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन/दुकान के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, सड्डू, रायपुर

'हुक्का पानी बंद करने की शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस'

महासमुंद। ग्राम चरौदा में एक परिवार का हुक्का पानी बंद करने का मामला सामने आया है। इधर, परेशान परिवार कई बार पुलिस थाने का चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। इसी से परेशान परिवार ने एक बार फिर एसपी से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता लेकर अपने और परिवार के साथ हुई मारपीट की जानकारी पीड़िता दुलारी सिन्हा ने दी। दुलारी ने बताया कि 29 जून 2019 को गांव के एक दंगब ने मामूली सी बात पर उनके साथ मारपीट की। दुलारी ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफखल्लारी थाने में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया। लेकिन बाद भी गांव वालों पर दबाव बनाकर दुलारी और उसके परिवार का हुक्का पानी बंद करा दिया गया। दुलारी ने बताया कि उनके परिवार से बातचीत करने पर ग्रामीणों पर अर्थदंड लगाया गया है। इसी डर से न तो कोई ग्रामीण बात करता है और न ही किसानी कार्य के लिए कोई मजदूर उनके यहां कार्य करने आते। इधर, इस मामले में एडिशनल एसपी मेघा टेंभुरकर ने बताया कि पीड़ित महिला आज मामले की शिकायत लेकर आई थी। मामले में उचित कार्रवाई के लिए खल्लारी टीआई को निर्देशित किया गया है। पीड़ित परिवार को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। मामले में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

केवीए, नवोदय विद्यालय के परिणाम रहे 100 फीसदी

महासमुंद। जिले में स्थित विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के परिणाम भी इस साल बेहतर रहे। जिले के महासमुंद में स्थित केंद्रीय विद्यालय और सरायपाली में स्थित नवोदय विद्यालय के परिणाम शत-प्रतिशत रहे। केंद्रीय विद्यालय में बारहवीं में अध्ययनरत सभी 72 उत्तीर्ण हुए। इसी तरह नवोदय विद्यालय सरायपाली में कुल 69 बच्चे भी उत्तीर्ण हुए हैं। इसी तरह शहर के वेडनर स्कूल में कुल 79 में से 73 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। सरायपाली के प्रतिभा पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं में कुल 116 में से 105 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। जिले से निकिता मिश्रा 97 प्रतिशत (केंद्रीय विद्यालय), हनी अग्रवाल 96.2 प्रतिशत (नवोदय स्कूल), आदर्श अग्रवाल 96.2 प्रतिशत (प्रतिभा स्कूल), आयुषी ध्रुव 95 प्रतिशत (केंद्रीय विद्यालय), पीयूष देवांगन 94.8 प्रतिशत (प्रतिभा स्कूल), रजत प्रधान 94.6 प्रतिशत (नवोदय विद्यालय), लिजा चंद्राकर 94.6 प्रतिशत (वेडनर स्कूल), इशिता देवांगन 94.4 प्रतिशत (नवोदय विद्यालय), लक्ष्मी प्रसुन बारिक 94.4 प्रतिशत (नवोदय विद्यालय), मोइन खान 94.4प्रतिशत (प्रतिभा स्कूल) अंक प्राप्त किया।

आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा स्थगित

महासमुंद। आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरोना (कोविड-19) के संक्रमण एवं रोकथाम को ध्यान में रखते हुए प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में 14 जुलाई को प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा एवं 16 जुलाई को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए होने वाले प्रवेश परीक्षा को आगामी तिथि तक स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में आगामी तिथि के संबंध में समाचार पत्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जानकारी दी जाएगी।

बिजली की समस्या पर गंभीर नहीं होने पर विधायक ने जताई नाराजगी

■ **अफसरों की बैठक में विधायक ने कहा-जनता के प्रति जवाबदारी को समझनी होगी**

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सोमवार को क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने फिल्ड में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देने पर नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जनता के प्रति जवाबदारी को समझनी होगी।

सोमवार की शाम विधायक श्री चंद्राकर अधीक्षण अभियंता के दफ्तर में विभागीय अफसरों व कर्मचारियों की बैठक ली। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बिजली बंद, ट्रान्सफर खराब होने की शिकायत मिल रही है। शिकायत के बाद भी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ली जा रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब शिकायत करने मोबाइल से संपर्क करने के बाद ग्रामीणों का मोबाइल रिसीव नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि तकनीकी समस्या आती हैं, उसे निराकरण करने में समय जरूर लगता है। लेकिन जनता के प्रति जवाबदेही से काम करना होगा। अधीक्षण अभियंता पी एल सिदार ने भी कहा कि ग्रामीणों की शिकायत का निराकरण त्वरित होना चाहिए। उन्होंने भी इस बात पर नाराजगी जताई कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं की जानकारी अधिकारी-कर्मचारियों के माध्यम के बजाय जनप्रतिनिधियों से मिलती है। यह दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने भी अपने मातहत अधिकारी-कर्मचारियों को ग्रामीणों के मोबाइल रिसीव करने के निर्देश दिए। बैठक में एई वीके टंडन, डीई एमएल साहू, महेश नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

पार्षदों और एल्डरमैनों को एकजुट होकर काम करने दिए निर्देश

महासमुंद। नगर पालिका में कांग्रेस पार्षदों की भूमिका तय करने विधायक विनोद चंद्राकर ने कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर की विशेष उपस्थिति में कांग्रेस पार्षदों एवं एल्डरमैनों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस हरदेव ढिल्लो, जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, पूर्व पार्षदद्वय नानू भाई, संजय शर्मा भी मौजूद रहे। विधायक चंद्राकर ने कांग्रेस पार्षदों और एल्डरमैनों से कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा है, यहां नगर पालिका में अध्यक्ष ना सही, लेकिन उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के कृष्णा चंद्राकर हैं। आप लोग सभी एकजुट होकर रहे और किसी भी जनविरोधी, विकासरोधी कार्य का खुलकर विरोध करें, हमारे सभी पार्षद उपाध्यक्ष का सहयोग करें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि हमारे पार्षदगण एवं एल्डरमैन हर हाल में एकजुट

महासमुंद विधायक विनोद चंद्राकर ने ली बैठक

रहे और प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जरूरतमंदों को दिलाएं एवं विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक कर हमारी सरकार के कार्यों से लोगों को अवगत कराएं। ताकि शहर में कांग्रेस पार्षदों का अलग पहचान बने। जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार है। अतः यहां जितने भी विकास हो रहे हैं, उसमें हमारे पार्षदों की महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, पार्षदगण अमन चंद्राकर, राशि महिलांग, निखिलकांत साहू, उर्मिला साहू, अनीता विजय साव, प्रीति बादल मक्कड़, राजेश नेताम, एल्डरमैनगण सुनील चंद्राकर, गुरमीत चावला, अनवर हुसैन, योजना सिंह, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, आवेज़ खान, हार्दिक सोना, ममता चंद्राकर, नितिन बनर्जी आदि उपस्थित थे।

तुमगांव पुलिस पर बच्चों से मारपीट का आरोप

■ **पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग**

महासमुंद। ग्राम पिरदा निवासी भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री ने तुमगांव पुलिस पर बच्चों से मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस पर आरोप है कि भाजपा नेता की गैरमौजूदगी में पुलिस उसके घर पहुंचीं और बच्चों के साथ मारपीट की। भाजपा नेता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर मामले की जांच और दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। मामले की शिकायत डीजीपी और सांसद से भी की है। घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सोमवार को यहां भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने पत्रकारवार्ता में कहा कि जिले के भाजपा नेता और उनके परिवार के साथ ज्यादती की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा नेता पर 20 से अधिक मामले हैं तो पुलिस पहले इन मामलों को सार्वजनिक करे। भाजपा नेता भूषण साहू ने बताया कि घटना 11 जुलाई की है। वे काम से बाहर गए थे। तुमगांव टीआई शरद ताम्रकार पुलिस बल के साथ घर पहुंचे। घर के बाहर गेट पर ताला लगा हुआ था, जिसे मेरे बेटे ने खोला। बेटे ने बताया कि मैं दवा लेने आरंग गया हूं। टीआई झूठ बोलते हो कहकर बेटे से अपशब्द कहते मारपीट करने लगे। बेटी के साथ भी महिला पुलिसकर्मियों ने मारपीट की।

एडिशनल एसपी मेघा टेंभुरकर ने बताया कि शिकायत आई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उसके खिलाफ25 मामले दर्ज हैं। डीजीपी के निर्देश पर टीआई रूटीन जांच के लिए गए थे, लेकिन उसका बेटा पेचकश लेकर पुलिस वालों को मारने दौड़ गया। बावजूद नाबालिग होने से पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले की जांच कराएंगे।

शिशु संस्कार केंद्र में एलुमनी मीट व सम्मान समारोह आयोजित

मुख्य अतिथि चंद्राकर ने खिलाड़ियों का किया सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। जिला हैंडबाल संघ के द्वारा वर्ष 2020 के लिए स्थानीय मिनी स्टेडियम शिशु संस्कार केंद्र में एलुमनी मीट एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां पहुंचे खिलाड़ियों का मुख्य अतिथि ने साल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

जिसमे मुख्य अतिथि विधायक एवं चेयरमेन छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर, उपाध्यक्ष राज्य ओलिंपिक संघ बशीर अहमद खान, अध्यक्ष जिला हैंडबॉल संघ प्रदीप चंद्राक, प्रशिक्षक भारतीय हैंडबाल संघ एम सुरेश उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसके बाद हैंडबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी कलीम खान ने पुरानी यादों की ताजा करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इसके पश्चात जिला हैंडबाल संघ के सचिव एवं एनआईएस कोच सैय्यद इमरान अली ने प्रतिवेदन पाठन करते हुए संघ के सभी उपलब्धियों को मंच के माध्यम से अतिथियों के सामने रखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने अपने पुरानी यादों को बताते हुए वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मान देते हुए कहा कि महासमुन्द हैंडबाल के खिलाड़ियों ने प्रारम्भ से ही अपने खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि कम संसाधन के बावजूद यहां के खिलाड़ियों ने राज्य व नेशनल लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ हैंडबॉल खिलाड़ियों से जूनियर खिलाड़ियों बहुत कुछ नया सीखने अवसर प्राप्त होगा। संघ के सचिव इमरान अली ने मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों को अभ्यास करने में आ रही मूलभूत समस्याओं से अवगत कराते हुए एक मांग पत्र सौंपा।

90 के दशक के खिलाड़ियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान हैंडबाल के प्रथम गुरु अदालत प्रसाद दुबे जी एवं विकास शर्मा का मुख्यअतिथि ने शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात महासमुन्द जिला हैंडबॉल संघ के 90 के दशक लगभग 140 सभी वरिष्ठ हैंडबॉल खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन हैंडबाल संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी राजेश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन संघ के सचिव इमरान अली ने किया। इस अवसर पर हैंडबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी लवेश चंद्राकर, राजेश शर्मा, राशि महिलांग, भारती सोनी, खिलावन बघेल मिनहाज खान, सलेष राज, जमुलीद्दीन जिम्मी, सयैद इरफान अली, जाहिद चैहान, इकबाल चैहान, सरोश अहमद, भारती विदानी, साइमा अंजुम, विनीता दास, अनू भोई, रुया चंद्राकर सहित रूपेश महिलांग, अनिल नायक, आशिष कुशवाहा, कपिल पेंदरिया, मनीष चंद्राकर, कोनेंन अहमद, धनंजय चलेक, सागर यादव, मोहित ठाकुर, प्रशांत, विवेक दास आदि उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

27% आरक्षण..

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति,जन जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारी संगठन (APAAX) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. ए पी पटेल, भोपाल व प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव इंजी. शैलेन्द्र वागद्रे सारनी ने प्रधानमंत्री व केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

गोधन न्याय योजना...

की दर से गोवंशी और भैसवंशी मवेशियों के गोबर क्रय की अनुशंसा की गई थी। मंत्रिपरिषद की बैठक में गोबर के क्रय की दर को 2 रूपए प्रति किलो परिवहन व्यय सहित करने का अनुमोदन किया गया। योजना में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट का सहकारी समितियों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर किसानों को 8 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किए जाने के साथ ही लैम्पस एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के अल्पकालीन कृषि ऋण के अंतर्गत सामग्री घटक में जैविक खाद (वर्मी कम्पोस्ट) को शामिल करने का अनुमोदन किया गया। आबंटन/व्यवस्थापन तथा भूमि स्वामी अधिकार में हस्तांतरित किए जाने वाले विलेखो पर देय स्टाम्प शुल्क 5 प्रतिशत तथा उपकर में छूट प्रदान करते हुए अधिकतम 2 हजार रूपए निर्धारित किया गया। आबंटन/व्यवस्थापन तथा भूमि स्वामी अधिकार के पंजीयन विलेखों पर देय पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत की छूट प्रदान करते हुए अधिकतम 2 हजार रूपए निर्धारित किया गया। आबंटन/व्यवस्थापन तथा भूमि स्वामी अधिकार में परिवर्तन पर देय स्टाम्प शुल्क पर एक प्रतिशत अतिरिक्त (नगरीय निकाय) शुल्क को पूर्णतः माफ किया गया। ये सभी छूट 31 मार्च 2021 तक प्रभावशील रहेंगी। छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी राशनकार्डों (एपीएल श्रेणी को छोड़कर) पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के राशनकार्ड के समान ही 5 किलोग्राम चावल प्रति व्यक्ति प्रतिमाह जुलाई 2020 से नवंबर 2020 तक निःशुल्क वितरण किए जाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में प्रति व्यक्ति/कार्ड, प्रतिमाह कुल खाद्यान्न की अधिकतम पात्रता CGFS और NFSA के तहत जारी किए गए खाद्यान्न की अधिकतम पात्रता के बराबर होगी।

छत्तीसगढ़ी संस्कृत...

का चयन हुआ है। शपथ समारोह में पहुंचे सभी 15 विधायकों के चेहरे खुशी से खिले हुए थे। एक-एक कर सभी ने पद और गोपनीयता की शपथ उठाई। किसी ने संस्कृत में तो किसी ने छत्तीसगढ़िया और कोई हिंदी में शपथ लिया। एकमात्र विधायक सामरी चिंतामणी महाराज ने संस्कृत में शपथ लिए। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के सियासी इतिहास में पहली बार एक साथ 15 विधायक संसदीय सचिव नियुक्ति हुए।

पिता-पुत्री डाक्टर...

जिसका खामियाजा अन्य मरीजो को भी भुगतना पड़ सकता है। महिला चिकित्सक व उनके पिता की रिपोर्ट पोजेटिव आते ही जिला अस्पताल को शील कर दिया गया है।साथ ही जिला अस्पताल के सभी स्टाफका भी कोरोना टेस्ट किया जाएगा व महिला चिकित्सक के संपर्क में आये मरीजो व अन्य की भी जांच की जाएगी। बताते हैं कि पति आईटीबीपी में पदस्थ हैं। ऐसे में उनके भी पॉजिटिव होने की आशंका है। पिता-पुत्री की जांच रिपोर्ट में वे पॉजिटिव पाए गए हैं। इसके बाद पति भी फोर्स में है और लगातार पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी के जवानों के भी संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। पति की टेस्ट रिपोर्ट आई नहीं है पर सभी को संदेह है कि वो भी कहीं पॉजिटिव हुए तो कोंडागांव में इनके संपर्क में कई लोग आए होंगे तो पूरा इलाका कोरोना हॉटस्पॉट न बन जाए। बता दें कि बाहर से आने वाले पूरे परिवार को क्वारेंटाइन होना पड़ता है। लेकिन नासमझी कहें या फिर जानबूझकर दूसरों के लिए खतरा बने ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी भी या नहीं। 'डॉ काव्य महिला चिकित्सक हैं उनके माता पिता हैदराबाद से आये थे तो जांच कराने आये थे जहा आरडी किट रेपिड इग्नोस्टिक एंटीजन किट में डॉ काव्य व उनके पिता पोजेटिव पाए गए हैं। पोजेटिव आने पर उन्हें तत्काल आइसोलेट कर दिया है।वही जो भी उनके सम्पर्क में आये है उनकी भी जांच की जाएगी। **डॉ. संजय बशाक , सिविल सर्जन, जिला अस्पताल कोंडागांव।**

झांसी से लौटे...

के लिए कुछ महीने पहले उत्तरप्रदेश के झांसी गया हुआ था। उसके साथ कुछ और लोग वहां मौजूद थे। कोविड संक्रमण के बाद उपजी परिस्थितियों में प्रवासियों को काफी समय वहां बिताना पड़ा। सरकार के द्वारा दी गई व्यवस्था के अंतर्गत ऐसे लोगों की वापसी हुई। धन सिंह सहित पांच लोग एक जुलाई को झांसी से यहां लौटे थे।

उन्हें लैंगी के सरकारी स्कूल में कोविड प्रोटोकॉल के तहत क्वारेंटाइन किया गया था। पसान टीआई राणा ने बताया कि चूंकि जंगल की संरचना घने जंगल के करीब है और वहां जीव-जंतुओं का भय हर समय बना रहता है। इसलिए ऐसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षात्मक बिंदुओं पर गंभीरता दिखाई गई। क्वारंटाइन किये गए लोगों को बेंच उपलब्ध कराई गई थी। इसके बावजूद बीती रात दो लोग ही बेंच में सोए थे और तीन लोग फर्श पर दरी बिछाकर सो रहे थे। रात 12 बजे यहां एक जहरीला सर्प घुस आया जिसने धन सिंह को निशाना बनाया। गनीमत रही कि दूसरे लोग उसका शिकार नहीं बने। जहरीले जंतु के काटने से धन सिंह की नींद टूटी। उसने आवाज देकर अपने साथियों को जानकारी दी। हरकत में आए क्वारेंटाइन प्रभारी के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। टीआई के अनुसार 12.20 बजे एम्बुलेंस के जरिए पीड़ित को पेंड्रा के सरकारी अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया। वहां उसे एंटी स्नैक वेनम दिए गए। लेकिन इससे पहले सर्प का जहर शरीर में काम कर चुका था। इन कारणों से उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को इस बारे में सूचना दे दी गई है। पेण्ड्रा से मेमो आने पर यहां मर्ग कायम करने के साथ अगली कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने बताया कि मामला चूंकि सर्पदंश का है इसलिए शव के पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रियाओं को करने में समस्याएं नहीं होंगी।कोरबा जिले में प्रवासी के साथ इस तरह की यह पहली घटना है। जिसमें उसकी मौत हुई।

MUNICIPAL COUNCIL, LAILUNGA
E-Procurement Tender Notice (1st Call)

SYSTEM TENDER NO: 66219 NIT NO. LAILUNGA, dated 13.07.2020

Online bids in three envelop system are invited for the following construction on works/ supply works up to date 04.08.2020 at 17.30 Hours

Sl. No.	Description	Cost of Tender/ Bid Submission Frees
1	CONSTRUCTION OF POUNI PASARI YOJNA BAZAR AT LAILUNGA (CGPWD ROAD AND BUILDING S.O.R. 01.01.2015 ELECTRICAL SOR 01.07.2015)	(1) Rs. 25.03 Lacs (2) Rs. 311/-

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal *http://eproc.cgstate.gov.in* From 13.07.2020 at 17:30 Hours (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL
LAILUNGA (C.G.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर

क्रमांक-3689/NIT-6/2020-2021/व.ले.लि. दिनांक 08/07/2020

तृतीय आमंत्रण

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 25/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29/07/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम No Of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) साल्वेंसी राशि (रु.में)
1	2	3
6 T0024	हीरापुर उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
6 T0025	कबीर नगर उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	2.00 2000.00 30000.00
6 T0026	आयुर्वेदिक कालेज उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
6 T0027	साईंस कालेज सेक्शन अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
6 T0028	तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
6 T0029	तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत गिट्टी/मुरूम/रेती सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
6 T0030	विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत बाजार सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
6 T0031	विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत विजेता काम्पलेक्स सेक्शन में पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
6 T0032	साईंस कालेज सेक्शन एवं आडिटोरियम गार्डन का रख-रखाव का कार्य। प्रथम आमंत्रण (12 माह हेतु)	7.43 5573.00 111450.00
6 T0033	विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत कांशीराम नगर सेक्शन अंतर्गत बाजार सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00

// नियम व शर्तें //

निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

G-82279/4

Executive Engineer
P.W.D. Vidhan Sabha Dn.
Raipur (C.G.)

लोन लेने के लिए ITR बनवाएं मात्र 500/- में

ITR GST

हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।

G.S.T. रिटर्न
इंकम TAX फाईल
TDS रिफंड
IT नोटिस
Food Licence
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
डिजिटल सिग्नेचर

शेखर गुप्ता 9300755544
ONLY TDS.COM 8878655544

कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Email ID - cmolwan@gmail.com

क्रमांक/493/लो.नि.वि./न.पं./2020 लवन, दिनांक 14/07/2020

// रूचि की अभिव्यक्ति //

नगर पंचायत लवन क्षेत्रांतर्गत राज्य शासन द्वारा सामुदायिक शौचालयों के रख रखाव एवं संचालन हेतु ''स्वच्छता श्रृंगार'' योजना के तहत निकाय द्वारा निर्मित 02 नग सामुदायिक शौचालयों के रख रखाव/ संचालन कार्य कराए जाने हेतु निर्धारित आर्हताधारी पंजीकृत अशासकीय संगठनों एन.जी.ओ./ स्व सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) मुहरबंद लिफाफा में दिनांक 29/07/2020 को समय 3.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्रस्तुत ऑफर दिनांक 29.07.2020 को सायं 4.30 बजे उपस्थित एन.जी.ओ./ स्व सहायता समूहों के अध्यक्ष/ अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जावेगा। अमानत राशि 10000.00 रुपए का TDR जमा किया जाना होगा। विस्तृत नियम व शर्तें, सामुदायिक शौचालयों की सूची, सीट संख्या आदि की जानकारी ऑफर प्रस्तुत करने के दिनांक तक कार्यालय में तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

....लगी आज सावन की फिर से झड़ी है

मुंबई (वार्ता)। प्रकृति के श्रृंगार माह के रूप में माने जाने वाले श्रावण (सावन) माह के रिमझिम फुहारों पर आधारित गीतों की रचना कर फिल्मकारों ने प्यार के विभिन्न रूपों का खूबसूरती से चित्रण किया है। हिंदी फिल्मों में सावन का सीधा संबंध रोमांस से रहा है। दौर कोई भी हो फिल्मों में सावन के गाने दर्शकों को पसंद आते रहे हैं। फिल्मों के बदलते ट्रीटमेंट की वजह से हाल के कुछ सालों में हिंदी फिल्मों से सावन पर आधारित गीतों की संख्या भले ही कम हो गयी हो लेकिन दर्शकों को आज भी यह गीत लुभाते हैं। फिल्म की कहानी की मांग के अनुरूप गीतकारों ने अपनी रचनाओं में 'सावन' शब्द का कई बार प्रयोग किया है। पहले से जमाने में सावन के गीतों की शूटिंग के लिए फिल्मकार लंबा इंतजार करते थे जिससे प्रकृति के वास्तविक सौंदर्य को कैमरे के जरिए दर्शकों को दिखाया जा सके। बाद में तकनीक के सहारे के कृत्रिम बारिश कराकर ऐसे सीन को शूट किया जाने लगा।

सावन को केन्द्र में रखकर रचित गीतों में सावन को आने दो, रिमझिम गिरे सावन, पतझड़ सावन बसंत बहार, हरियाला सवान ढ़ोला बजाता आया, कुछ कहता है ये सावन, आया सावन झूम के,अबके बरस सावन में ,लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है, सावन का महीना पवन करे शोर, मेरे नैना सावन भादो ,ओ सावन राजा कहां से आये तुम, सावन के झूलों ने मुझको बुलाया, दिल में आग लगाये सावन का महीना, अजहूं न आए बालमा सावन बीता जाए, सावन के झूले पड़े तुम चले आओ, मैं प्यासा तुम सावन, रिमझिम के गीत सावन गाये अधिक चर्चित है।

मुंबई के डब्बे वालों की मदद के लिये आगे आये संजय-सुनील

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन संजय दत्त और सुनील शेट्टी डब्बे वालों की मदद के लिये आगे आये हैं। कोरोना वायरस संकट काल में बॉलीवुड सेलेब्स ने जरुरतमंदों और गरीबों की हर संभव मदद की। संजय दत्त और सुनील शेट्टी ने भी लोगों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। उन्होंने मुंबई के डब्बा वालों को राशन किट उपलब्ध करवाने में अपनी ओर से सहायता दी है। मंत्री असलम शेख ने ट्वीट कर लिखा, ÷मुंबई की जान डब्बा वाला को हमारी जरुरत है अभी। हमारे डब्बावाले भाईयों और उनके परिवार को ड्राई राशन किट पहुंचाने में संजय दत्त, सुनील शेट्टी, रेडियो सिटी इंडिया और मुझे ज्वॉइन करें।

सुशांत को याद कर भावुक हुयी संजना

सुशांत के निधन के आज एक महीने पूरे हो गये हैं। संजना सांघी ने सुशांत सिंह राजपूत के साथ फिल्म 'दिल बेचारा' में काम किया है। संजना ने सुशांत की याद में एक इमोशनल पोस्ट लिखी है। संजना ने इस पोस्ट में बताया कि किस तरह सुशांत और उन्होंने मिलकर अपने ड्रीम्स के बारे में बातें की थीं। सुशांत की मौत से उन्हें कितनी चोट पहुंची है और वह अपना वादा उनसे पूरा न कर पाए, इसके बारे में भी संजना ने कई बात लिखी हैं।

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री संजना संघी , अंकिता लोखंडे और रिया चकवर्ती दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को याद कर भावुक हो गयी है। गौरतलब है कि सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म दिल बेचारा 24 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म द फॉल्ट इन आर स्टार्स की ऑफिशियल हिंदी रीमेक है।

इसी बीच सुशांत की एक्स गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है जो मंदिर की तस्वीर है। फोटो पोस्ट करते हुए अंकिता ने कैप्शन में लिखा है 'भगवान का बच्चा।'

सुशांत की कथित गर्लफ्रेंड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर इमोशनल नोट लिखा है। रिया ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ÷अभी भी अपनी भावनाओं से सामना करने के लिए संघर्ष कर रही हूं... तुम वही हो जिसने मुझे प्यार पर विश्वास करना सिखाया, उसकी ताकत के बारे में अहसास कराया। मुझे सिखाया कि कैसे एक सरल गणितीय समीकरण से जीवन का अर्थ समझ सकती हूं। मैं प्रोमिस कर रही हूं कि मैंने तुमसे हर दिन सीखा है। मुझे पता है कि अब आप और अधिक शांतिपूर्ण जगह पर हैं। चंद्रमा, तारों, आकाशगंगाओं ने खुले हाथों से तुम्हारा स्वागत किया होगा। मैं तुम्हारे लिए इंतजार करूंगी और मांगूंगी कि वापस आ जाओ। तुम वह सबकुछ थे, जो एक खूबसूरत इंसान हो सकता है।

रिया ने लिखा ÷मेरे शब्द हमारे प्यार को व्यक्त करने में असमर्थ हैं। तुम खुले दिल से सबकुछ पसंद करते थे और अब तुमने मुझे सिखाया कि हमारा प्यार वास्तव में एक्स्पोनेंशियल है। शांति में रहो सुशी। तुम्हें गए हुए 30 दिन हो चुके हैं।

प्रियंका ने महिलाओं के बिजनेस को सपोर्ट करने की अपील की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कोरोना संकट काल में महिलाओं के बिजनेस को सपोर्ट करने की लोगों से अपील की है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम एक वीडियो शेयर कर महिलाओं को प्रेरित करके चलने वाले बिजनेस को सपोर्ट करने की अपील की है। उनका कहना है कि कोरोना वायरस महामारी ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। यहां तक कि छोटे बिजनेस को भी। बिजनेस के ठप पड़ने और हार्डवर्क करने वाले कर्मचारियों को देख कर मुझे काफी तकलीफ हुई है। लेकिन मैं महिलाओं से जुड़े कुछ छोटे बिजनेस का समर्थन करके एक छोटी सी शुरुआत करती हूं ताकि उनकी गाड़ी दोबारा पटरी पर लौट सके। प्रियंका ने कहा, ÷हम सभी हमेशा अपना बेस्ट देकर आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। फिलहाल कोरोना से दुनिया प्रभावित है। इसलिए जरूरी है कि इस समय सभी एक-दूसरे के साथ मजबूती से खड़े रहें। मैंने एक छोटी सी पहल की शुरुआत की है। मैंने उनकी प्रोफाइल मेरे इंस्टाग्राम स्टोरी में साझा की हैं। कृपया उनका समर्थन करें। उन्हें फॉलो करें या खरीददारी करें। जो कुछ भी आप मदद कर सकते हैं। यदि आप भी किसी ऐसे बिजनेस को जानते हैं जिसको सपोर्ट की सबसे ज्यादा जरूरत है तो उसे कमेंट बॉक्स में टैग करें। मुझे उसके बारे में बताए और मैं उनमें से कुछ साझा करने का प्रयास करूंगी। मैं आप सभी से गुजारिश करती हूं, आप जो भी मदद कर सके उसके लिए आगे आए।

स्टोक्स ने ब्रॉड को नहीं खिलाने के निर्णय का किया बचाव

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कार्यवाहक कप्तान बेन स्टोक्स ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज स्टुअर्ड ब्रॉड को एकादश से बाहर रखने के निर्णय का बचाव किया है। इंग्लैंड पहला टेस्ट चार विकेट से हार गया।

वेस्ट इंडीज के खिलाफपहले टेस्ट मुकाबले में सीनियर ब्रॉड की जगह दरअसल तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शामिल किया गया था। ब्रॉड खुद को एकादश से बाहर रखने पर काफी नाराज भी हुए थे और इस बात को उन्होंने जाहिर भी किया था। ब्रॉड ने अंतिम एकादश में शामिल नहीं किये जाने को लेकर कहा था कि वह 'निराश' और 'गुस्से' में हैं। ब्रॉड 500 टेस्ट विकेटों में महज 15 कदम दूर हैं। उन्होंने 138 टेस्ट मुकाबलों में अभी तक 485 और 121 एकदिवसीय मुकाबलों में 178 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड ने पहली पारी में 204 रन बनाये थे जबकि वेस्ट इंडीज ने 318 रन बनाकर पहली पारी में 114 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी जो अंत में निर्णायक साबित हुई थी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 313 रन बनाये थे। वेस्ट इंडीज ने छह विकेट पर 200 रन बनाकर जीत हासिल की थी। आर्चर को पहली पारी में कोई विकेट नहीं मिला था जबकि दूसरी पारी में उन्होंने तीन विकेट लिए थे। स्टोक्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मुकाबले में हार का सामना करने के बाद कहा कि मैच हारने के बावजूद उन्हें ब्रॉड को अंतिम एकादश में नहीं खेलाने को लेकर कोई पछतावा नहीं है क्योंकि इससे टीम के अन्य खिलाड़ियों को गलत सन्देश जाएगा। ब्रॉड ने मैच में जगह नहीं मिलने पर कहा था, ÷मैं बहुत भावुक इंसान नहीं हूं, लेकिन पिछले कुछ दिन मेरे लिये काफी कठिन रहे हैं। अगर मैं कहूं मैं निराश था तो यह कम होगा। मैं निराश और क्रोधित हूं। इसे समझना कठिन है। मैंने पिछले दो वर्षों में सबसे अच्छी गेंदबाजी की है। मैं एशेज खेलने वाली टीम में शामिल था और दक्षिण अफ्रीका के दौरे के लिये भी टीम का हिस्सा था। ब्रॉड के इस बयान के बाद स्टोक्स ने प्रतिक्रिया देते हुए सीनियर खिलाड़ियों के टीम में खेलने के उत्साह की प्रशंसा की हैं।

एक पल के लिए लगा विश्वकप निकल गया : इयोन मोर्गन

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड के विश्व विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने पिछले साल हुए आईसीसी विश्वकप के फाइनल को याद करते हुए कहा है कि उन्हें एक पल के लिए लगा था कि उनकी टीम मैच हार जाएगी और उनके हाथ से विश्वकप निकल गया है। इंग्लैंड ने पिछले साल 14 जुलाई को न्यूजीलैंड को विश्वकप के फाइनल में नाटकीय रुप से सुपर ओवर में हराकर विश्वकप का खिताब जीता था। मैच निर्धारित ओवर और सुपर ओवर दोनों में टाई रहा था लेकिन इंग्लैंड ने बॉउंड्री काउंटबैक पर खिताब जीत लिया था। मोर्गन ने कहा कि कोरोना के कारण लॉकडाउन के दौरान उन्होंने विश्वकप का फाइनल मुकाबला देखा। उन्होंने कहा, ÷पिछले चार महीने काफी चुनौतीपूर्ण रहे हैं लेकिन इस दौरान मुझे विश्वकप फाइनल मुकाबला दोबारा देखने का मौका मिला। मैं फाइनल अब तक तीन बार देख चुका हूं और मैंने आराम से पूरा मुकाबला देखा। विश्व विजेता कप्तान ने कहा, ÷जब मैंने दूसरी बार यह मुकाबला देखा तो मैंने देखा कि जिमी नीशम ने बेन स्टोक्स को धीमी गेंद की और स्टोक्स ने उसे जोर से मारा। मुझे याद है कि गेंद हवा में थी लेकिन यह उतनी दूर नहीं गयी जितना उन्होंने सोचा था।

गुरबक्श और क्रिकेटर पलाश नंदी को मोहन बागान रत्न

कोलकाता (वार्ता)। हॉकी के पूर्व खिलाड़ी एवं ओलंपियन गुरबक्श सिंह और पूर्व क्रिकेटर पलाश नंदी को मोहन बागान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मोहन बागान की कार्यकारी समिति ने सोमवार को यह घोषणा की। हर वर्ष 29 जुलाई को आयोजित होने वाला मोहन बागान दिवस 1911 में दर्ज की शानदार जीत को याद रखते हुए मनाया जाता है लेकिन कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण इस वर्ष कार्यकारी समिति ने यह दिवस नहीं मनाने का निर्णय किया है। हॉकी खिलाड़ी गुरबक्श सिंह और क्रिकेट खिलाड़ी पलाश नंदी को मोहन बागान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार, फुटबॉल खिलाड़ी प्रणब गांगुली और एथलीट मनोरंजन पोरल को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी (सीनियर) का पुरस्कार जसोबा बेतिया को और सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार सजल बाग को दिया जाएगा।

हेमांग अमीन बीसीसीआई के अंतरिम मुख्य कार्यकारी नियुक्त

मुंबई (वार्ता)। आईपीएल के मुख्य परिचालन अधिकारी हेमांग अमीन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जय शाह ने ई-मेल के जरिए इसकी जानकारी दी। हाल ही में बीसीसीआई ने राहुल जौहरी के मुख्य कार्यकारी पद से इस्तीफे को स्वीकार किया था जिसके बाद हेमांग को अंतरिम मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया गया है। जय शाह ने ई-मेल में लिखा, ÷जैसा कि आपको पता है कि राहुल ने कुछ दिनों पहले अपने पद से इस्तीफा दिया था और वह अब बीसीसीआई के साथ नहीं जुड़े हैं। हम आईपीएल के सीओओ हेमांग को बीसीसीआई का अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त कर रहे हैं। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि आप हेमांग को उनकी नयी भूमिका में अपना सहयोग दें।

गोंजालेज एफसी गोवा के कंडीशनिंग कोच नियुक्त

पणजी (वार्ता)। एफसी गोवा ने ला लीगा और यूएफा यूरोपियन लीग में काम कर चुके जेवियर गोंजालेज को टीम का नया कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया है। स्पेन के गोंजालेज एफसी गोवा टीम के नए प्रमुख कोच के अहम हिस्से के तौर पर काम रहे है जबकि जुआन फेरांडो कोचिंग स्टाफ संभालेंगे तथा गोंजालेज आईएसएल और एएफसी चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए काम करेंगे।

राज्यों के खेल मंत्रियों के साथ खेल विकास की रूपरेखा बनाएंगे रिजिजू

केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू 14-15 जुलाई को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के खेल मंत्रियों के साथ दो दिवसीय वीडियो कॉन्फ्रेंस करेंगे और उनके साथ ग्रास रुट स्तर पर खेलों के विकास के लिए रूपरेखा पर विचार विमर्श करेंगे।

नई दिल्ली (वार्ता)। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में मंत्रियों के साथ जमीनी स्तर पर खेल के विकास की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही देश भर में नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की गतिविधियां तय करने पर बात होगी। रिजिजू ने इस बैठक को आयोजित करने के फैसले के बारे में बात करते हुए कहा कि देश अभी कोविड-19 की वजह से लगे प्रतिबंध को हटाने (अनलॉक) के दूसरे चरण में है और ऐसे में खेल और युवाओं से संबंधित गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए राज्यों के साथ बातचीत करना महत्वपूर्ण है। प्रतिबंध (लॉकडाउन) के दौरान खेल और युवा मामलों के दोनों विभाग सक्रिय रहे और निर्धारित किए गए बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के काम में जुटे रहे।

उन्होंने कहा कि खुले मैदान में (ऑन-फील्ड) प्रशिक्षण को बंद करने के बावजूद,सभी स्तर के एथलीटों के साथ-साथ सभी कोचों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया ताकि एथलीटों और कोचों का खेल से करीबी जुड़ाव बना रहे। उन्होंने बताया कि इसी तरह एनवाईकेएस और एनएसएस के स्वयं सेवकों ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में मदद करने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर लगातार काम किया है। रिजिजू ने कहा कि लगभग 75 लाख स्वयंसेवक सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूकता फैलाने, मास्क के वितरण, बुजुर्गों की मदद करने जैसे कई काम अन्य में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम इन सभी गतिविधियों के प्रभाव का आकलन करना चाहते हैं और राज्यों के सहयोग से आगे की योजना भी बनाएंगे। बैठक के एजेंडे में कोविड-19के दौरान की गई कार्रवाई की समीक्षा के साथ ही साथ राज्य स्तर पर खेल गतिविधियों को फिर से शुरू करने और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में प्रखंड और जिला स्तरों पर प्रतियोगिताओं के माध्यम से नवोदित खेल प्रतिभाओं की पहचान करना शामिल है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में देश के सभी स्कूलों में पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में तंदुरूस्ती और खेल को शामिल करने पर भी चर्चा की जाएगी। इसमें इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं और युवा उत्सवों (यूथ फेस्टिवल्स) को आयोजित करने की योजना तय की जाएगी। रिजिजू ने कहा कि यदि 2028 में ओलंपिक मंच पर हम भारत को शीर्ष 10 देशों में से एक बनाने के सपने को साकार करना चाहते हैं।

कोरोना से उबरने के संदेश के तौर पर आयोजित हो ओलंपिक : यूरिको

टोक्यो (वार्ता)। जापान की राजधानी टोक्यो की गवर्नर यूरिको कोइके ने सोमवार को कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से एकजुटता के साथ उबरने का संदेश देने के रूप अगले साल ओलम्पिक का आयोजन हर हाल में किया जाना चाहिए। जापान में कोरोना वायरस का बहुत अधिक प्रभाव नहीं हुआ है और स्थिति अभी तक काफी नियंत्रण में है लेकिन टोक्यो में हाल ही में सामने आये नए मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। जापान में कोरोना के फिलहाल करीब 20 हजार मामले है जिसमें एक तिहाई मामले अकेले टोक्यो में दर्ज किये गए है।

ओलम्पिक हालांकि 24 जुलाई से आयोजित किये जाने थे लेकिन कोरोना वायरस के कारण ओलम्पिक को अगले साल के लिए स्थगित कर दिया गया। टोक्यो के गवर्नर ने ओलंपिक आयोजित करने के लिए लोगों का समर्थन मांगा है लेकिन मिडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अधिकतर लोगों का मानना है कि या तो ओलम्पिक को स्थगित या फिर रद्द कर देना चाहिए।

तेज रफ्तार जिदंगी से कदम नहीं मिला पा रही बैलगाड़ी

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। एक समय था जब लोग खेती किसानी के लिए सुबह अपनी बैलगाड़ी में जाते थे और शाम के समय घर लौटने के लिए इसी बैलगाड़ी में बैठकर घर को लौटते थे। बैल के गले में बंधी हुई घंटी आवाज करती थी। लेकिन अब आधुनिकता की दौड़ में बैल की घंटी की आवाज पूरी तरह गुम होने लगी है।

ज्ञात हो कि बदलते समय के साथ ही आज घरों से लेकर निजी उपयोग में आधुनिक यंत्रों का उपयोग काफी हद तक बढ़ चुका है और लोग इसके आदि भी होते जा रहे हैं एक समय वह भी था जब लोग पुरानी परंपराओं के अनुसार वस्तुओं का उपयोग उपयोगिता के अनुसार किया करते थे लेकिन आज के बदलते युग में आधुनिकता इतना ज्यादा हावी हो चुका है कि लोग अब किसी भी कार्य के लिए ज्यादातर उपकरणों का ही उपयोग कर रहे हैं। कुछ समय पहले जहां खेती किसानी मैं बैलगाड़ी का उपयोग किया जाता था वही अब बैलगाड़ी की उपयोगिता कम हो चुकी है खेत की जुताई के लिए अब ज्यादातर ट्रैक्टर का उपयोग किया जा रहा है। धान आदि फसलों को ले जाने के लिए बैलगाड़ी की उपयोगिता होती थी लेकिन बदलते दौर में बैलगाड़ी की जगह ट्रैक्टर सहित अन्य वाहन ले चुके हैं जिसके चलते अब धीरे-धीरे बैलगाड़ी की उपयोगिता कम सी हो गई है आज भी कुछ वनांचल क्षेत्रों में बैलगाड़ी का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन कृषको की माने तो ज्यादातर उपयोग ट्रैक्टर का ही किया जा रहा है ऐसा ना हो कि आने वाले समय में बैलगाड़ी कहीं म्यूजियम में ही ना रखा जाए क्योंकि बढाई के दुकान में भी बैलगाड़ी के पहिए बनते दिखाई नहीं दे रहे हैं। गिने-चुने लोगों के पास ही अब बैलगाड़ी रखी हुई है वह भी शोभा बढ़ा रही है ज्यादातर लोग इस बैलगाड़ी को भूलते जा रहे हैं आधुनिकता की दौर में लोग आज पुरानी परंपराओं को भूल कर नए उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

पुलिस अधीक्षक ने 4 आरक्षकों को किया पदोन्नत

कवर्धा-(नवप्रदेश)। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज , दुर्ग के आदेशानुसार पदोन्नति जारी योग्यता सूची वर्ष 2020 जिला पुलिस कबीरधाम के आरक्षक का प्रधान आरक्षक (अ) वर्ग के पद पर पदोन्नति हुई है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. ध्रुव के निर्देशन में आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इन आरक्षको को पदोन्नति दी गई जिसमें थाना अजाक में पदस्थ महिला आरक्षक इन्द्राणी नेताम , आरक्षक ओमन मेरावी थाना पिपरिया , आरक्षक आदित्य कुमार कृषे रक्षित केन्द्र , आरक्षक उमाशंकर नाग थाना चिल्फी को पुलिस अधीक्षक श्री के.एल.ध्रुव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी , उप पुलिस अधीक्षक बी.आर. मण्डावी , अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला अजीत ओगरे , रक्षित निरीक्षक श्रीमती खिष्ट नरगिस तिग्गा बघेल ने फित्ती लगाकर प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई । साथ ही पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को पदोन्नति की शुभकामनाएं दी गई ।

पारिवारिक विवाद में आई गंभीर चोट

कवर्धा। रविवार की रात्रि समय लगभग 9.00 बजे डायल 112 कमांड सेंटर रायपुर में सूचना प्राप्त हुई कि जिला-कबीरधाम थाना-कुंडा चैकी-दामापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम-पटुवा में पारिवारिक झगड़ा हो रहा हैं। सूचना पर डायल 112 टीम- पिपरिया पैन्थर 2 को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर रामकमल निषाद पिता सहच राम निषाद उम्र 40 वर्ष को उसके बड़े बेटे द्वारा पारिवारिक विवाद के चलते हाथ-मुक्का से मारपीट कर रहा है । रामकमल निषाद के चेहरे पर गंभीर चोट आने से खून बह रहा था जिसे डायल 112 की टीम द्वार उपचार हेतु कुंडा ले जाकर भर्ती कराया गया। इस कार्यवाही में आरक्षक 518 हीरा पांडे एवं चालक पोषण निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

14 को होने वाली परीक्षा निरस्त

कवर्धा (नवप्रदेश)। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई को होने वाली परीक्षा राज्य में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के कारण निरस्त किया गया है। इस परीक्षा के लिए आगामी तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

4 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा (नवप्रदेश)। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसके तहत कवर्धा तहसील के कवर्धा निवासी श्री चारूदत्त कोरान्ने का ग्राम सिल्हाटी फारेस्ट बैरियर के पास तालाब में नहाते समय मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती अनिता कोरान्ने को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

सीबीएसई डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

कवर्धा (नवप्रदेश)। वर्तमान सत्र में 12वीं का परीक्षा परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित किया गया जिसमें डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धरमपुरा का परीक्षा परिणाम विगत वर्षो की अपेक्षा अच्छा एवं संतोषजनक रहा। विद्यालय में दीक्षा गंधर्व (साइंस) 88.6: अंक प्राप्त कर प्रथम, मोरध्वज साहू(साइंस) 78.6: द्वितीय एवं ललितेश्वरी योगी 74.6 तृतीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में विद्यालय सतत प्रोग्रेस कर रहा है। डीएवी विद्यालय प्रबंधन ,शिक्षक एवं अभिभावकों के प्रेरणात्मक प्रयासों से बच्चों ने विद्यालय एवं अपने पालकों को गौरवान्वित किया। प्राचार्य ने बच्चों को सफलतम परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।

सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में गुरूकुल स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

कवर्धा (नवप्रदेश)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक परिषद, नई दिल्ली की कक्षा दसवी की परीक्षा-2018 में शत्-प्रतिशत परिणाम लाकर शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा दसवी की परीक्षा कुल 86 छात्र-छात्राओं ने दी थी, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत देकर कवर्धा शहर में ही नही बल्कि पूरे जिले में शाला का नाम गौरान्वित किया। सभी के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर, जिसमें गणित में 95/100 , सामाजिक विज्ञान 98/100, विज्ञान 94/100, अॅग्रेजी 92/100 एवं हिन्दी में 94/100 अंको के साथ इन विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सी.बी.एस.ई, नई दिल्ली की परीक्षा पास की, जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। छात्र अंकुश जैन ने (93 प्रतिशत) अंको के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला परिवार एवं नगर को गौरवान्वित किया है, द्वितीय स्थान सेजल जैन (89 प्रतिशत) एवं तृतीय स्थान कोस्तुब मिश्रा (88 प्रतिशत) पाकर उक्त स्थानों में रहे। विद्यालय के सभी विषय शिक्षकों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं मार्गदर्शन के साथ छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता से प्राप्त इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया है। कक्षा दसवी के उत्कृष्ट परिणाम हेतु विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य श्री वीरेन्द्र किशोर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन से आये इस परीक्षा परिणाम हेतु, उन्होने सभी विषय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुये प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के कठिन एवं उचित मार्गदर्शन में पढ़ाई करने का सुपरिणाम है।

तहसीलदार को मिला ग्राम पंचायत बम्हनी से बेजा कब्जा खाली कराने निर्देश

आजिवीका के लिए 10 एकड़ जमीन मिलेगी, महिलाएं बनेगीं स्वावलंबी

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कवर्धा के ग्राम पंचायत बम्हनी में 10 एकड़ भूमि पर आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित करते हुए स्थानीय ग्रामीणों को इसमे होने वाले कार्यो से जोड़ा जाएगा। ग्राम बम्हनी में उपलब्ध भूमि को पंचायत व ग्रामीण विकास की पहल पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से महिला स्व-सहायता समहू को नियमित आय का साधन उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीण महिलाएं स्वालंबन बनेगी। आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे कार्यो की प्रगति देखने कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा और जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के. ने विभागीय अधिकारियों के साथ बम्हनी का दौरा किया।

निरीक्षण में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने तहसीलदार को निर्देश देते हुए कहा कि बम्हनी कार्य स्थल के सामने हुए बेजा कब्जा को खाली कराते हुए वृक्षारोपण किया जाए। मछली पालन के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से डबरी का निर्माण कार्य तत्काल पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने सहायक संचालक उद्यान को दो दिवस के भीतर बम्हनी में आम, नीबू ,कटहल, जामुन, अमरूद, मूंनगा के साथ अन्य उपयोगी पौधों को लगाने के निर्देश दिए, जिससे इनका लाभ समूह की महिलाओं को जल्द प्राप्त हो। कृषि अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश कर कहा गया कि भूमि में सब्जी उत्पादन के लिए क्यारी बनाए जाने के लिए तत्काल मशीन लगाकर कार्य प्रारम्भ किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विजय दयाराम के. ने ग्राम बम्हनी में निरीक्षण के दौरान चर्चा करते हुए कहा कि विकासखण्ड बोड़ला के राजानवागांव मल्टीयूटिलिटि सेन्टर की तर्ज पर बम्हनी में समहू की महिलाएं दैनिक उपयोग के सब्जियों का उत्पादन कर लाभ प्राप्त करेगी। उन्होंने आगे निर्देश देते हुए कहा की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के साथ कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग और अन्य विभागों के योजनाओं को मिलाकर सब्जी-भाजी उत्पादन के साथ फलदार वृक्षारोपण और सुगंधित फूल-पौधों को लगाकर तैयार करने के दिशा निर्देश संबंधितों को दिए गए। साथ ही निर्देश दिया गया की बेजा कब्जा से खाली होने वाली भूमि की ऑक्सीजोने के रूप में विकसित किया जाए।

सीईओ ने कृषि एवं अन्य विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि हरेली त्यौहार में प्राम्भ होने वाले गोधन न्याय योजना के अवसर पर बड़े पैमाने में वृक्षारोपण किया जाए। बम्हनी के 10 एकड़ भूमि में कार्य के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना बिहान के अंतर्गत पांच महिला स्व. सहायता समहू को जोड़ा गया है, जिन्हें निमियत रोजगार और आय प्राप्त होगा। समहू की महिलाओं को इन कार्यो के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है।

प्रतिनिधि मंडल ने की सहायक संचालक से मुलाकात

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की विभागीय उपसमिति ने स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव के सहायक संचालक से सौजन्य मुलाकात की, तथा विभागीय उपसमिति की कार्यकारिणी बाबत् संघ-अधिसूचना संबंधी प्रति सौंपी गई। इसके साथ ही कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय कराया गया। मुलाकात के मध्य संघ के जिला उपाध्यक्ष व विभागीय उपसमिति के जिला संयोजक आनंदकुमार श्रीवास्तव ने कर्मचारियों की अत्यन्त ही कमी को देखते हुए में रिक्त पदों पर भर्ती, कर्मचारियों की पदोन्नति, क्रमोन्नति, मुद्रणालय भवन की बेहद जर्जर अवस्था आदि सहित अन्य विषयों पर मौखिक चर्चा की। इस अवसर पर सभी सदस्य उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी विभागीय उपसमिति के प्रवक्ता कमल कुलदीप के द्वारा दी गई।

74 सोलर पंप की स्थापना के लिए 20 करोड़ 87 लाख 99 हजार की स्वीकृति

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सोलर पंप जल प्रदाय योजना के तहत प्रथम चरण में 74 सोलर पंप की स्थापना के लिए 20 करोड़ 87 लाख 99 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के विकासखंड छुईखदान में 28, विकासखंड छुरिया में 9, विकासखंड अंबागढ़ चौकी में 8, विकासखंड डोंगरगांव में 2, विकासखंड डोंगरगढ़ में 4, विकासखंड खैरागढ़ में 11, विकासखंड मानपुर में 5 तथा विकासखंड मोहला में 7 सोलर पंप जल प्रदाय योजना के तहत स्वीकृति दी गई है।

जप्त शुदा वाहन की सुनवाई 19 को

राजनांदगांव। न्यायालय कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत चार पहिया वाहन सफारी एल.एक्स. क्रमांक 04 एच.डी. 8169 को जप्त किया गया है। इस संबंध में अनावेदक या वाहन स्वामी द्वारिका प्रसाद वर्मा आत्मज पल्टन वर्मा निवासी सी/ओ जी.आर. रावटे सिलतरा रायपुर जिला रायपुर के उपस्थिति के लिए चौकी प्रभारी पुलिस चौकी मोहारा के माध्यम से सूचना पत्र तामिली के लिए प्रषित किया गया है। सूचना पत्र में अनावेदक या वाहन स्वामी को घटना तिथि से फरार होना बताते हुए नोटिस अदम तामिली किया गया है। न्यायालय कलेक्टर राजनांदगांव के प्रचलित प्रकरण में सुनवाई 19 अगस्त 2020 को स्वतः या अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है। निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने पर जप्तशुदा वाहन सफारी एल.एक्स. क्रमांक 04 एच.डी. 8169 की राजसात की कार्रवाई की जाएगी।

प्रयास एवं एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा स्थगित

राजनांदगांव। प्रयास बालक/ कन्या आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा को स्थगित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एमएल देशलहरे ने बताया कि पूर्व में प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई को तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 16 जुलाई को प्रवेश परीक्षा होनी थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। प्रवेश परीक्षा की नवीन तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा ग्राम मुढ़ीपार में किया गया पौध रोपण

राजनांदगांव। सांसद आदर्श ग्राम मुढ़ीपार राजनांदगांव में महिला सामुदायिक भवन, सड़क किनारे, श्मशान घाट में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ गोपाल सिंह कंवर, एडीओ डीएल पौसार्य, करारोपण अधिकारी मुकेश बंछोर, संचार संक्रमण सभापति मोहनीश धनकर, सरपंच श्रीमती मुनिया दवेदी, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कबीरधाम जिले में मिले 5 नए कोरोना पाजिटिव

कवर्धा और पंडरिया में कोरोना ने दी दस्तक

कवर्धा (नव प्रदेश)। कबीरधाम जिले में सोमवार को एम्स से जारी रिपोर्ट के आधार पर कोरोना वायरस से संक्रमित 4 से बढ़कर कर 5 नए व्यक्तियों की पहचान की गई है। इस रिपोर्ट के बाद एक मरीज और बढ़ गया है। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ गौरव परिहार ने इसकी पुष्टि की है। इस संक्रमित व्यक्तियों में जिले के पंडरिया नगर पंचायत में सेलून में काम करने वाले 2 व्यक्ति है। इसी तहत कवर्धा शहर में 1' 'व्यक्ति की रिपोर्ट पाजेटिव आई है। यह व्यक्ति बीमा कंपनी में काम करता है। शुक्रवार को कवर्धा के बीमा कंपनी कार्यालय में काम करने वाले पाजेटिव मिले थे। इसी के संपर्क में आने के बाद कैलास' 'नगर निवासी कोरोना वायरस से संक्रमित हुआ है। यह व्यक्ति कैलास नगर का रहने वाला है। बीमा कंपनी में काम करता है। सहसपुर लोहरा के भाटकुंडेरा ग्राम में एक व्यक्ति' 'संक्रमित हुआ है। इसकी पत्नी पहले से' 'संक्रमित है। प्रायमरी संपर्क के आने का बाद सैम्पल जांच के लिए भेजा गया था। सहसपुर लोहरा विकास खण्ड के मोहभट्ठा' 'में एक व्यक्ति कोरोना से संक्रमित मिले है। वह होम क्वारेंटिन में थे। कवर्धा-नगरीय क्षेत्रांतर्गत मिले कोरोना संक्रमित व्यक्ति व नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने व एहतियात बरतने हेतु नगर पालिका कार्यालय को सैनेटाईज करते हुए आगामी आदेश तक सील कर दिया गया है।

लखोली में वृक्ष प्रेमी मधु साहू की जयंती पर हुआ पौधरोपण

कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शहर के लखोली वार्ड में वृक्ष प्रेमी स्वर्गीय मधु साहू की जयंती के अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में 13 जुलाई को पौधरोपण कर उन्हें याद किया गया।

वृक्ष प्रेमी स्वर्गीय मधु साहू के पुत्र हर्ष साहू ने बताया कि अपने पिता की स्मृति में उनके जयंती के अवसर पर जिसमें उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्री एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा तथा पार्षद गण व कांग्रेस के पदाधिकारी और लखोली के गणमान्य नागरिक एवं समस्त वार्डवासियों की उपस्थिति में उन्हें याद करने के साथ-साथ उनके याद में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय मधु साहू हमारे दिलों में उनकी यादें हमेशा जीवित रहेंगे तथा उनके द्वारा लगाए गए वृक्ष लखोली सहित पूरे छत्तीसगढ़ में याद किया जाएगा।

श्री हर्ष साहू ने आगे बताया कि वृक्ष प्रेमी स्वर्गीय मधु साहू के जयंती के उपलक्ष्य में आज लखोली वार्ड क्रमांक 33 के बैगा पारा, संतोषी नगर रोड, कंचन बाग, पानी टंकी, दुर्गा चौक सोनू गुरु जी के घर के सामने, जनता कॉलोनी साईं मंदिर, मुक्तिधाम बैगा पारा, बाईपास, सनसिटी बैगा पारा, संतोषी नगर तालाब के पास वृहद वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान करन, नीम, गुलमोहर, शीशम, सतपन्नी, आंवला, आम, पेंड्रा, बबूल और पदम जैसे लगभग 60 से 70 पौधे फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए। इस दौरान वृक्ष प्रेमी स्वर्गीय मधु साहू के परिवार के अलावा कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, लखोली वार्ड क्रमांक 33 के पार्षद श्रीमती दुलारी बाई साहू, पार्षद मनीष साहू महेश साहू वाह भागचंद साहू ,पार्षद प्रतिनिधि गणेश साहू, स्वर्गीय मधु साहू की पत्नी ममता साहू, मुकेश साहू, पवन, टोमन, योगेश, भूपेंद्र साहू, शकुर चौहान, शुभम, सोहेल एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।

प्राईवेट स्कूल करेगें आरटीई दस्तावेजों की जांच, भड़के पालक

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शिक्षा का अधिकार भर्ती को लेकर लगातार हो रही परेशानीयां कम होती नजर नहीं आ रही है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र दिनांक 03/07/2020 ने पालकों की परेशानी को बढ़ा दिया, क्योंकि उनके द्वारा इस समय निजी स्कूलों को आरटीई के अंतर्गत प्रवेश देने के संबंध में दस्तावेज परीक्षण और दूरी की जांच करने का अधिकार दे दिया है, जिसको लेकर छत्तीगसढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन ने आपत्ति जताई है और आरटीई भर्ती तत्काल प्रभाव से स्थगित रखने की मांग किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि कई निजी स्कूल जिन्हें शिक्षा का अधिकार कानून, नियम, समय-समय में जारी दिशा-निर्देशों और मा. उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश वर्ष 2016 की जानकारी तक नहीं है और कई निजी स्कूलों के द्वारा आरटीई के अंतर्गत गरीब बच्चों को अपने स्कूलों में प्रवेश देने मे हिला-हवाला किया जाता रहा है, वे अब आरटीई के प्रवेश से संबंधित दस्तावेजों की जांच कैसे कर सकते हैं।

श्री पॉल का आरोप है कि कई बड़े निजी स्कूलों के द्वारा आरटीई की सीटों को छिपाया जा रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन की शिकायत पर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर ने दिनांक 4 जुलाई 2020 को और संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग, शिक्षा विभाग, दुर्ग के द्वारा राजनांदगांव जिले के सभी बड़े प्राईवेट स्कूलों की आरटीई के अंतर्गत विगत

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन

तीन वर्षो की एंट्री क्लास और आरटीई के अंतर्गत आरक्षित सीट्स की जांच कर 15 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संबंध में दिनांक 27/06/2020 को पत्र जारी किया गया है, जो कोरोना के बढ़ते मरीजों के कारण ठंडे बस्ते में है।

राजनांदगांव में और कई जगहों को रेड जोन और कंटेंमेट जोन घोषित किया गया है। कई लोगों को मरेंटाईन सेंटरों में रखा गया है जिसको लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संचालक से आवेदन करने की तिथि बढ़ाने का आग्रह किया गया है, क्योंकि दस्तावेजों का परीक्षण और फिर 15 जुलाई को लॉटरी निकाला जाना संभव नहीं हो पा रहा है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के द्वारा भी जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाता तब तक भर्ती प्रक्रिया स्थगित करने की मांग किया गया है। राजनांदगांव जिले में इस सत्र में कुल 313 प्राईवेट स्कूलों में कुल 4558 सीटों के लिए 4492 आवेदन भरे जा चुके है।

प्राइवेट स्कूलों को फायदा पहुंचाने किया जा रहा प्रयास

विगत दो वर्षो से गरीब बच्चों की प्राईवेट स्कूलों में आधी सीटों में भर्ती कर अपना पीठ स्वयं थपथपाने वाली सरकार अब नया दांव खेलना चाहती है। इस वर्ष उससे से भी कम सीटों पर भर्ती कर प्राईवेट स्कूलों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

क्रिष्टोफर पॉल, प्रदेश अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन

न्यूज गैलरी

रिलायंस एजीएम में 5जी और अरामको डील पर रहेगी निगाहें

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की सबसे मूल्यवान रिलायंस इंडस्ट्रीज की बुधवार को होने वाली 43वीं वार्षिक आम बैठक में सबकी नजरें इस बात पर रहेंगी कि मुकेश अंबानी जियोमार्ट, 5जी और अरामको डील पर कंपनी की योजना पर क्या खुलासा करते हैं। कोरोना वायरस की वजह से इस बार रिलायंस की एजीएम वर्चुअल होगी जिसमें देश विदेश से 500 स्थानों से एक लाख तक शेयरहोल्डर्स के भाग लेने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही कंपनी ने शेयरहोल्डर्स के लिए एक खास चैटबॉट भी लॉन्च किया है। श्री अंबानी एजीएम में अक्सर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते रहे हैं। इस बार उत्सुकता यह है कि जब वह बुधवार को दो बजे निवशकों से आनलाइन रूबरू होंगे तो कंपनी को और आगे ले जाने के लिए क्या ऐलान करते हैं।

जून में कारों की ब्रिकी घटकर आधी हुयी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना संकट और उससे बचाव के लिए लगाए गए लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित ऑटो कंपनियों के कारोबार में अब सुधार होने लगी है। जून में देश में कारों की बिक्री पिछले साल के मुकाबले करीब आधी रह गई जबकि अप्रैल और मई की तुलना में इसमें तेजी रही। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन आटोमाबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में यात्री वाहनों की बिक्री जून में एक साल पहले के की तुलना में 49.59 प्रतिशत घटकर 1,05,617 इकाई रही। सियाम के अनुसार जून में दुपहिया वाहनों की बिक्री 38.56 प्रतिशत घटकर 10,13,431 इकाई रही जो कि एक साल पहले इसी महीने में 16,49,475 रही थी। दुपहिया वाहनों में मोटरसाइकिल की बिक्री जून 2020 में 7,02,970 इकाई रही जबकि एक साल पहले इसी महीने में 10,84,596 मोटरसाइकिलें बेची गई थी।

रुपया 23 पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही तेजी के साथ ही घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में हुयी करीब दो फीसदी की गिरावट के दबाव में मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 23 पैसे फिसलकर 75.42 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले दिवस रुपया 75.19 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 14पैसे की गिरावट लेकर 75.33 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के शुरूआत में ही यह 75.28 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद शेयर बाजार में शुरू हुयी बिकवाली के साथ ही अमेरिकी मुद्रा में रही तेजी के दबाव में यह 75.49 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक फिसला।

कोरोना संकट बाजार पर भारी, सेंसेक्स 660 अंक और निफ्टी 195 अंक फिसला

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस संक्रमण में बढोतरी होने के साथ ही घरेलू स्तर पर इसके संक्रमण के तीव्र विस्तार को रोकने के लिए प्रमुख आईटी हब बेंगलुरु के साथ ही पूरे बिहार में और कई अन्य राज्यों में जिला स्तर लॉकडाउन लगाये जाने से निराश निवेशकों की बिकवाली का असर मंगलवार को शेयर बाजार पर दिखा जिससे बीएसई का सेंसेक्स 660.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 195.35 अंक फिसल गया।

बीएसई में इसके साथ ही तेजी पर ब्रेक लग गया। बीएसई का सेंसेक्स 660.63 अंक गिरकर 36033.06 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 195.35 अंक उतरकर 10607.35 अंक पर रहा। इस गिरावट का असर छोटी और मझौली कंपनियों पर भी दिखा जहां बीएसई का मिडकैप 0.95 प्रतिशत उतरकर 13276.60 अंक पर और स्मॉलकैप 0.93 प्रतिशत गिरकर 12665.18 अंक पर रहा।

बीएसई में टेलीकॉम 0.04 प्रतिशत और हेल्थकेयर 0.01

प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष सभी समूह गिरावट में रहे जिसमें बैंकिंग 3.06 प्रतिशत, वित्त 2.56 प्रतिशत और धातु 2.49 प्रतिशत की सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई में कुल 2805 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1854 गिरावट में और 831 बढ़त में रहे जबकि 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर कोरोना पीड़ितों की संख्या में हो रही बढोतरी का असर देखा गया जिससे सभी प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे। ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.21 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स् 1.44 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.14 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.87 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.83 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 176 अंकों की गिरावट लेकर 36517.28 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 36538.10 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इसके बाद शुरू हुयी बिकवाली के दबाव में यह बीच सत्र में 35877.42 अंक के निचले स्तर तक फिसला। अंत में यह पिछले दिवस के 36693.69 अंक की तुलना में 1.80 प्रतिशत अर्थात 660.63 अंक गिरकर 36033.06 अंक पर रहा।

एनएसई का निफ्टी 52 अंकों की गिरावट के साथ 10750.85 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 10755. 65 अंक के उच्चतम स्तर तक गया लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 10562.90 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 10802.70 अंकों की तुलना में 195.35 अंक अर्थात 1.81 प्रतिशत गिरकर 10607.35 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 46 कंपनियां लाल निशान में रही जबकि एक हरे निशान में और एक में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से गिरावट में रहने वालों में इंड्सइंड बैंक 5.33 प्रतिशत शामिल है।

नीति आयोग ने पेश की भारत की दूसरी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा

एचएलपीएफकी जुलाई में आठ दिनों के लिए सालाना बैठक में की गई समीक्षा

नीति आयोग ने संयुक्त राष्ट्र उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएफ) पर सतत विकास, 2020 पर भारत का दूसरा स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (वीएनआर) प्रस्तुत की।

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच (एचएलपीएफ) 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में प्रगति की निरंतरता और समीक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मंच है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (वीएनआर) प्रस्तुत की। 'कार्रवाई का एक दशकः एसडीजी को वैश्विक से स्थानीय स्तर पर ले जाना' शीर्षक से इंडिया वीएनआर 2020 की रिपोर्ट नीति आयोग के उपाध्यक्ष , नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी. के. पॉल, नीति अयोग के सीईओ अमिताभ कांत और नीति आयोग

में एसडीजी पर सलाहकार संयुक्ता समददार द्वारा जारी की गई। कोविड-19 महामारी की वजह से वर्चुअल तरीके से आयोजित इस वर्ष एचएलपीएफ में 47 सदस्य देश 10 से 16 जुलाई के बीच अपने वीएनआर प्रस्तुत करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के तत्वावधान में एचएलपीएफ की जुलाई में आठ दिनों के लिए सालाना बैठक होती है। एचएलपीएफ में सदस्य देशों द्वारा प्रस्तुत किए गए वीएनआर 2030 एजेंडा और एसडीजी की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह समीक्षा स्वैच्छिक और सदस्य देशों द्वारा खुद की जाती है। इसका उद्देश्य एजेंडा को लागू करने में मिली सफलताओं, चुनौतियों और सबक सहित प्राप्त अनुभवों को साझा करने की सुविधा प्रदान करना है। किसी देश के वीएनआर की तैयारी की प्रक्रिया विभिन्न प्रासंगिक हितधारकों की भागीदारी के माध्यम से साझेदारी के लिए एक मंच प्रदान करती है। नीति आयोग ने वर्ष 2017 में भारत का पहला वीएनआर तैयार किया और उसे मंच पर प्रस्तुत किया।

भारत ने बांग्लादेश, जॉर्जिया, केन्या, मोरक्को, नेपाल, नाइजर, नाइजीरिया और युगांडा जैसे अन्य दूसरी बार के प्रस्तुतकर्ताओं के साथ अपनी वीएनआर प्रस्तुत की। इस प्रस्तुति में एक लघु फिल्म भी शामिल थी जिसमें दूसरी वीएनआर को तैयार करने की प्रक्रियात्मक पहलुओं को समझाया गया और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कुछ क्षेत्रों में भारत की प्रमुख प्रगति के बारे में भी बताया गया। डॉ. कुमार ने आत्म-निर्भर भारत अभियान के तहत कोविड महामारी से निपटने के भारत के तरीकों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उन सभी देशों के साथ एकजुटता जाहिर की जो कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रहे हैं।

> **भारत ने बांग्लादेश, जॉर्जिया, केन्या, मोरक्को, नेपाल, नाइजर, नाइजीरिया और युगांडा जैसे अन्य दूसरी बार के प्रस्तुतकर्ताओं के साथ अपनी वीएनआर प्रस्तुत की। इस प्रस्तुति में एक लघु फिल्म भी शामिल थी जिसमें दूसरी वीएनआर को तैयार करने की प्रक्रियात्मक पहलुओं को समझाया गया और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कुछ क्षेत्रों में भारत की प्रमुख प्रगति के बारे में भी बताया गया। डॉ. कुमार ने आत्म-निर्भर भारत अभियान के तहत कोविड महामारी से निपटने के भारत के तरीकों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उन सभी देशों के साथ एकजुटता जाहिर की जो कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रहे हैं।**

टोयोटा ने अभिनव वित्त योजनाओं की घोषणा की

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशेष फाइनेंस स्कीम की घोषणा की। इसका मकसद खरीदने के निर्णय को आसान करना है। विशेष लाभ की विस्तृत श्रृंखला में अनूठी बायबैक पेशकश से लेकर कुछ सबसे निम्न ईएमआई शामिल हैं। ये पेशकशें हाल की ग्राहक केंद्रित पहल के क्रम में है जिसे कंपनी ने पेश किया था ताकि खरीद की प्रक्रिया और आसान, पहुंच में तथा सभी ग्राहकों के लिए तनाव मुक्त हो सके। नई डील्स में एक अनूठी आश्वस्त बायबैक पेशकश है जो यारिस और ग्लांजा पर 55त्न है। इसके अलावा, कंपनी ने कई अन्य उल्लेखनीय योजनाएं शुरू की हैं। इनमें इनोवा और क्रिस्टा के लिए 9999 रुपए की निम्न ईएमआई योजना शामिल है। इसके अलावा, देश में टोयोटा के सभी मॉडल पर तीन महीने की ईएमआई टालने की पेशकश है ताकि ग्राहकों की वित्तीय योजना को स्थिर रखा जा सके। पेशकशों के विशिष्ट और विशेष सेट पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड सर्विसेज श्री नवीन सोनी ने कहा, ÷टोयोटा में हम 'ग्राहक सबसे पहले' के दर्शन पर दृढ़ता से विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप काम करना है और इसके लिए शीघ्र, किफायती, पारदर्शी और व्यैक्तिक सेवाएं मुहैया कराना है। अच्छी खबर यह है कि बाजार में हमें कुछ अच्छी गति देखने तो मिली हैं। इससे मई में जितनी बिक्री हुई थी उसके मुकाबले बिक्री में दूनी वृद्धि हुई है। ग्राहकों का भरोसा और ध्यान हासिल करने में हमें जिन अन्य घटकों से सहायता मिली है वे हैं नई और अभिनव वित्तीय योजनाएं जो हम अपने ग्राहकों को इस मुश्किल समय में आवाजाही की उनकी निजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए देते रहे हैं। हममें भरोसा करने के लिए हम अपने ग्राहकों का शुक्रिया अदा करते हैं। हम ऐसी योजनाएं लाना जारी रखना चाहते हैं ताकि चुनने के लिए सबसे अनूठी पेशकशें की जाती रहें।

आत्मनिर्भरता | खरीद की दशकों पुरानी एल1 प्रणाली पर पुनर्विचार करने और समाप्त करने की मांग

सरकार एल1 निविदा एवं खरीद प्रणाली खत्म करे: सीईएआई

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कंसल्टिंग इंजीनियरों की शीर्ष संस्था कंसल्टिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीईएआई) ने सरकार से अनुरोध किया है कि कोरोना के बाद की स्थिति देखते हुए और आत्म निर्भर भारत की दिशा में पहला कदम उठाते हुए देश मे निविदा और खरीद की दशकों पुरानी एल1 प्रणाली पर पुनर्विचार किया जाए और उसे खत्म किया जाए।

सीईएआई ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि एल1 में सबसे कम लागत के आधार पर चयन किया जाता है। लंबे अरसे से चली आ रही इस प्रक्रिया के तहत ठेकेदारों, सलाहकारों का काम चुनते समय और वस्तुओं की खरीद के लिए पैमाना यह रहता है कि सबसे कम बोली

CONSULTING ENGINEERS ASSOCIATION OF INDIA

किसने लगाई है। इसका नतीजा अक्सर यह होता है कि काम और खरीदा गया माल घटिया निकलता है। इसके कारण चयन की प्रक्रिया को फौरन बदलने और 'वाजिब दरों' पर खरीद प्रणाली की दिशा में बढ़ने की जरूरत हो गई है।

सीईएआई की बुनियादी ढांचा समिति के चेयरमैन और इस पहल के मार्गदर्शक के के कपिला ने कहा, ÷बदली हुई खरीद प्रणाली में पारदर्शी तरीके से कारगर दरें हासिल करने के कई विकल्प हैं और इससे योग्य एवं सक्षम फर्मों को परियोजनाओं के लिए वाजिब दरों पर योजना तैयार करने और बोली लगाने का मौका मिलेगा। इस तरह परियोजनाओं का प्रबंधन और क्रियान्वयन बेहतर होगा, जिसका असर उनकी गुणवत्ता और उनमें लगने वाले समय पर भी दिखेगा। एल1 प्रणाली में देर होती है और लागत भी बढ़ जाती है, जिससे व्यर्थ विवाद होता है और अधिक खर्च होता है। उन्होंने कहा, एल1 प्रणाली से दूसरी प्रणाली पर जाना देश के लिए बहुत जरूरी है। हम एल1 के जरिये बुलेटप्रूफ जैकेट कैसे खरीद सकते हैं? हम पीपीई किट को एल1 के जरिये कैसे खरीद पाएंगे? हमें मोर्चे पर खड़े अपने जवानों को बचाना है या उन्हें केवल इसलिए शहीद होने देना है क्योंकि हम व्यवस्था में जरूरी बदलाव नहीं कर रहे। हमें आत्मनिर्भर भारत का मिशन पूरा करना है तो इस जरूरी बदलाव की फौरी जरूरत को समझना होगा और इस दिशा में काम करना होगा।

> **सीईएआई के अध्यक्ष अमिताभ घोषाल ने कहा, यह बदलाव तभी आएगा, जब आम जनतो यह समझ आ जाएगा कि सबसे कम लागत पर जोर देने के कारण ही हम विश्व स्तर का बुनियादी ढांचा तैयार नहीं कर पाए हैं या अच्छा सामान एवं सेवाएं हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि देश को सार्वजनिक खरीद की ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की सभी गतिविधियों में गुणवत्ता एवं लागत पर जोर दिया जाए। साथ ही इस समय विदेशी कंपनियों को भी बहुत कम बोली लगाने से रोकने पर विचार किया जाए ताकि वे भारतीय कंपनियों को स्पर्द्धा करने से तथा अवसर हासिल करने से रोक नहीं सकें। श्री घोषाल ने कहा, इंटरनेशल फेडरेशन ऑफकंसल्टिंग इंजीनियर्स (फिडिक) को विभिन्न प्रकार के कामों के लिए ठेकेदारों, सलाहकारों तथा माल आपूर्तिकर्ताओं के चयन में इस्तेमाल होने वाली प्रक्रियाओं में बहुत दिलचस्पी है।**

आरएसडीसी द्वारा रबर सेक्टर में प्रवासी मजदूरों का कौशल विकास

नई दिल्ली (वार्ता)। सबड़े रबर क्लस्टर वाले राज्यों से भारी संख्या में मजदूरों के पलायन कर जाने के बाद रबर स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आरएसडीसी) ने वहां स्थानीय लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए प्रशिक्षित करना प्रारंभ किया है, ताकि रबर मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट सुचारू तरीके से काम कर सकें।

आरएसडीसी के अध्यक्ष विनोद साइमन ने आज कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब एवं हरियाणा तथा दक्षिणी राज्यों जैसे केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना से भी बड़े पैमाने पर मजदूरों का पलायन हुआ है। संयोगवश ये ऐसे राज्य हैं जहां बड़ी संख्या में रबर मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयां हैं। मजदूरों के चले जाने से इन मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट्स को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन इकाइयों में स्थानीय और कुशल मानव संसाधन की मांग बढ़ी है। इसे देखते हुए हमने रबर मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट्स की जरूरत वाली भूमिकाओं के हिसाब से स्थानीय लोगों के कौशल विकास का लक्ष्य रखा है।

इसी के साथ-साथ, आरएसडीसी ने उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड राज्यों से भी हाथ मिलाया है, जहां इन दिनों बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों ने घर वापसी की है। इन मजदूरों को भी बड़ी संख्या में रोजगार की आवश्यकता है। इन्हें मिल ऑपरेटर, मॉल्डिंग ऑपरेटर, मिक्सिंग ऑपरेटर जैसी विभिन्न भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

श्री साइमन ने आगे कहा कि अपने गृह राज्यों में वापस लौटे ज्यादातर प्रवासी मजदूरों को रोजगार की जरूरत है।

आज का भविष्यफल

मेषः मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का आज अवसर प्राप्त होगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

वृषभः आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में पराजय, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

मिथुनः आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा।

कर्कः आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे, आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा।

सिंहः दिन वैसे तो व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-आध्यात्म के मामले थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में रूकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं।

कन्याः आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। कुछ अनचाही यात्राओं का योग है।

वृश्चिकः माली-हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

धनुः आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

मकरः आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का सुनहरा मौका है। कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है।

कुंभः आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

मीनः आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

सू- दोकू क्र.083

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.82 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -083

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जलविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरव 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अवकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. पैसा की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 82 का हल

स्वा	द	■	सा	म	ना	■	कै	दी
व	■	ख़	ल	ना	य	क	■	वा
लं	प	ट	■	ना	क	क	ट	ना
बी	■	ए	■	■	■	ड़ी	■	प
■	अ	ट	प	टा	■	■	शा	न
स	ह	■	यो	■	■	र	ति	■
ह	म	■	द	र	ब	द	र	■
म	क	र	■	सी	स	■	■	■
त	■	क्षा	■	द	वा	खा	ना	■

विश्रामपुरी के बिहान समूह द्वारा निर्मित राखियॉ कर रही हैं लोगों को आकर्षित

■ **एक दिन में सात सौ रूपये से अधिक की राखियॉ समूह की दुकान से की गई विक्रय**

■ **सलना क्लस्टर के 10 समूहो के 20 सदस्यों ने 5 दिनो में तैयार की 15 सौ राखियॉ तैयार**

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। देश में धीरे-धीरे चांइनीस समानो को लेकर उठ रहे बहिष्कारी आवाजो के बीच स्वदेशी निर्माताओं को आगे बढ़ने का एक अवसर प्राप्त हुआ हैं। विगत कुछ सालो से देखा जाता रहा हैं कि राखी का त्यौहार निकट आते ही बाजार चांइनीस राखियों से पट जाते थे जो मूल्य में स्वदेशी निर्मित राखियों से सस्ती होती थी। परन्तु इस वर्ष लोगों को स्वदेशी राखियों का विकल्प दिलाने जिले की कई बिहान समूह राखियों के निर्माण कार्य में जुट गये हैं।

इन्ही में से मॉडल दिव्या महिला क्लस्टर विश्रामपुरी के अंतर्गत आकाश महिला क्लस्टर सलना की महिलायें भी शामिल हैं। इसके अंतर्गत क्लस्टर सलना में 10 समुहों की 20 महिलायें प्रतिदिन कार्यरत हैं। इन 10 महिला समूहो की 20 सदस्यों ने विगत 5 दिनो में 15 सौ से अधिक राखियां तैयार की हैं। इस संबंध में क्लस्टर के यंग प्रोफेशनल वाय.पी.महेश्वर ने बताया कि जनपद पंचायत सीईओ अशोक ठाकुर की प्रेरणा से क्लस्टर की अध्यक्षा देवन्तीन नेताम एवं प्रीती सोनी ने समुहों से चर्चा कर राखी बनाने के काम में रूची लेने वाले समूहों को इस काम से जोड़ा इसके लिए कच्चा माल रायपुर से मंगाने के पश्चात विगत 5 दिनो से लगातार समूह की महिलायें राखी बनाने के काम में जुट गई। इस काम के लिए उन्हे प्रति राखी के मूल्य एवं डिजाइन के अनुसार राशि प्राप्त होती है। हर महिला प्रतिदिन 50 से लेकर 150 तक राखी तैयार कर लेती है।

केनोपी लगाकर समूह कर रहा राखियों का विक्रय

इस संबध में जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह ने बताया कि राखियों के निर्माण के पश्चात क्लस्टर के द्वारा राखियों के फुटकर विक्रय के लिए विश्रामपुरी में मुख्य मार्ग पर केनोपी लगाकर राखियों का विक्रय किया जा रहा है। जिसमे प्रतिदिन समुह की दो महिलायें राखी विक्रय करती है। यह राखियां बाजार के अन्य राखियों से सस्ती एवं डिजाइन में बहुत अच्छी है। इन राखियों की कीमत 5 रूपये से लेकर 50 रूपये तक डिजाईन के अनुसार समूहों द्वारा तय की गई है। वर्तमान में दो हजार राखियों का ही लक्ष्य रखा गया है। केवल 1 दिन में ही 780 रूपये की राखी विक्रय की जा चुकी है। आने वाले दिनो में इनकी मांग को देखते हुए और अधिक समुहों को जोड़कर उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा।

आर्डर के इंतजार में बप्पा, मूर्तिकारों की बढ़ी चिंता

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। वर्तमान में मूर्तिकार गणेश भगवान की मूर्ति बना तो रहे है। लेकिन इन्हे विभिन्न गणेश समितियों से मिलने वाले आर्डर का इंतजार है। समीपस्थ ग्राम अछोली के मूर्तिकार खिलावन निषाद व उनके सहयोगी दिनेश नायक का कहना है की अपने मूर्ति बनाने के जीवन काल में ऐसा पहली बार हुआ है जब उसे मूर्ति बनाने का आर्डर पहले से ना मिला हो। उनके मुताबिक उन्हें तीन महीने पहले बड़ी प्रतिमा बनाने का आर्डर व एडवांस मिल जाया करता था जिनसे वे इनसे जुड़ी हुई आवश्यक सामग्री इकट्ठी कर लिया करते थे। 24 अगस्त को गणेश चतुर्थी है। इस वक्त मूर्तिकार छोटे से लेकर बड़ी प्रतिमा बनाने में लगे हुए है। दरअसल मूर्तिकार के रोजगार का यह एक मात्र जरिया है। वह भी कोरोना संक्रमण काल मे चलते मर्तिकारों के रोजगार पर असर होने लगा है। मूर्तिकारों के मुताबिक वे मूर्ति निर्माण कार्य से अपने और अपने परिवार के लिए आय का साधन जुटाते थे लेकिन अब वह भी छीन गया है । लिहाजा क्षेत्र के मूर्तिकार अब बेरोजगार हो गए हैं । वे मूर्ति निर्माण कार्य का ऑडर आने का इंतजार करने लगे है। इस समस्या का मूर्तिकारों को कब तक सामना करना पड़ेगा फिलहाल यह भी कह पाना मुश्किल है। गणेश उत्सव समिति के लोगों ने बताया कि कोरोना के कारण देश में हालांकि अब आनलॉक है । फिर भी लोग सजगता के चलते सामाजिक समारोह से दूरी बना कर चल रहे है । इसके चलते एक साथ बैठक करने की मनाही है । इसलिए अब तक इस संबंध में समितियों की बैठक भी नहीं हुई है । इस सब चीज को देखते हुए इस बार मूर्तिकारों को चिंता सता रही है । पहली बार खाली बैठे मूर्तिकार अपने परिवार के जीवन-यापन के लिए कुछ मूर्तिकार छोटी मूर्तियों के निर्माण कर रहे हैं।

बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत

■ **जिले के छह माह से पांच साल तक के लगभग 61,812 बच्चों को दी जाएगी विटामिन 'ए' की खुराक**

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। आज से आगामी 14 अगस्त तक प्रदेश सहित जिले में शिशु संरक्षण माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिला अस्पताल धमतरी के ओपीडी में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.आदित्य सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.के.साहू एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजीव सिंह ने आज बच्चों को विटामिन 'ए' का खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। गौरतलब है कि यह अभियान 10 सत्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों में चलाया जाएगा। इसमें जिले की 1099 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 10795 मितानिन सहयोग करेंगे। इस मौके पर जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि धमतरी जिले के ग्राम, मजरा-टोला, स्लम, झुग्गी इत्यादि स्थानों को चिन्हांकित कर कार्ययोजना अनुसार 06 माह से पांच साल तक के लगभग 61 हजार 812 बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दी जाएगी। साथ ही नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों का टीकाकरण भी इस दौरान किया जाएगा तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर जरूरी स्वास्थ्य सलाह, आयरन सिरप पिलाया जाएगा और कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजने का प्रयास किया जाएगा। कार्ययोजना के तहत निर्धारित तिथि अनुसार गांव के उप स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा पंचायत भवन में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार एवं शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी.के.तुर्रे ने लोगों से अपील किया है कि शिशु संरक्षण माह के दौरान पांच साल तक के बच्चों को अपने नजदीक के शिशु संरक्षण बूथ तक ले जाएं तथा अन्य को भी प्रेरित करें।

निगम-मंडलों के लिए सूची जल्द होगी जारी : पीएल पुनिया

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास में आज होने वाली कैबिनेट की बैठक के ठीक बाद संसदीय सचिवों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया राजधानी पहुंच गए हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया ने भी स्पष्ट संकेत दे दिया है कि संसदीय सचिवों के शपथ ग्रहण के बाद कभी भी निगम-मंडलों में नियुक्ति को लेकर पहली सूची जारी हो सकती है। इस लिहाज से आज देर शाम-रात अथवा कल सुबह निगम-मंडलों के लिए पहली सूची जारी हो सकती है। ज्ञात हो कि आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरांत संसदीय सचिवों का शपथ ग्रहण होगा।

कलेक्टर ने किया अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

■ **कार्यालय में साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश**

■ **अनुपस्थित 6 अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिन का वेतन तत्काल प्रभाव से कटौती के दिए निर्देश**

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई न देखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कार्यालय भवन, शौचालय एवं कार्यालय के आस-पास सफाई अभियान चलाकर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर को दिए। उन्होंने स्थापना एवं लेखा शाखा, सर्वर रूम, लाईसेंस नवीनीकरण, लर्निंग लाईसेंस, स्मॉट चिप रूम, बॉयोमेट्रिक, स्टोर रूम, नवीन पंजीयन कक्ष, कार एवं परिवहन यान पंजीयन कक्ष, कर शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में अनुपस्थित परिवहन सब इन्सपेक्टर रघुवीर सिंह ध्रुव, विष्णु ध्रुव सहायक ग्रेड-1 अधीक्षक, सहायक ग्रेड-1 शिवलाल सिंह कंवर, सहायक ग्रेड-1 रामकुमार रात्रे, सहायक ग्रेड-3 लाल राजीव सिंह, सहायक ग्रेड-3 हरक राम नेताम का एक दिन का वेतन तत्काल प्रभाव से कटौती करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालय में स्थित चिप्स के दो कर्मचारी विजय भत्ते एवं जोगेन्द्र शर्मा को भी अनुपस्थित रहने के संबंध में पृथक से पत्र लिखने के आरटीओ अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कार्यालय में सभी आवश्यक फाईल व्यवस्थित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए।

मंदिर की पवित्रता बचाने भक्तों ने एसपी से लगाई गुहार

■ **एक कबाड़ी परिवार द्वारा मंदिर में दहशत फैलाने का आरोप**

बिलासपुर। शीतला मां शारदा मंदिर समिति और इंदिरा कॉलोनी तार बाहर चौक के निवासियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए मंदिर की सुरक्षा की मांग की है।

तारबाहर चौक के पास इंदिरा कॉलोनी मोड़ के करीब स्थित करीब सौ साल पुराने सार्वजनिक मां शीतला देवी के मंदिर के सामने रहने वाले कबाड़ी कार्तिक दत्ता और उसके परिवार से क्षेत्र के वासी हलाकान है। आरोप है कि इस मंदिर में बार-बार चोरी और अन्य अपराधिक घटनाएं घट रही है इसके पीछे इसी कबाड़ी परिवार का हाथ होने की बात क्षेत्र के लोग कह रहे हैं। जिनका आरोप है कि इस परिवार द्वारा मंदिर की पवित्रता लगातार भंग की जा रही है ।

ज्ञापन देकर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया कि कार्तिक दत्ता कबाड़ के काम की आड़ में तमाम आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है। जिसके पूर्व में भी अपराधिक रिकॉर्ड है। कबाड़ी के धंधे की आड़ में गैर कानूनी काम को अंजाम देने में उसका परिवार भी उसका सहयोगी है, जिनके द्वारा मंदिर में चोरी ,मंदिर आने वाले भक्तों के साथ अभद्रता ,गाली गलौज और हथियार लहरा कर उन्हें धमकाने की भी शिकायत लोगों ने की है। जिन्होंने बताया कि बाहर से आने वाली महिला श्रद्धालुओं के साथ भी कार्तिक का बेटा सालिक दत्ता छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करता है, तो वही यह लोग हथियार लहरा कर लोगों को धमकाने का भी काम करते हैं। लोगों ने शिकायत करते हुए कहा कि इस कबाड़ी परिवार के कारण पूरे क्षेत्र में लोग भयभीत है क्योंकि कार्तिक दत्ता अपने घर की महिलाओं को आगे कर लोगों को झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी देता है और पूर्व में उसके द्वारा ऐसा किया भी गया है।

कार्तिक दत्ता और उसके परिवार के सदस्यों के कारण क्षेत्र की शांति भंग होने और मंदिर की पवित्रता नष्ट होने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने और उक्त स्थान से उन्हें हटाने की मांग की गई है।

मामला धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है इसलिए यहां स्थिति कभी भी बेकाबू हो सकती है , लिहाजा पुलिस से भी अपेक्षा की जा रही है कि वे मामले की गंभीरता को समझेंगे और मामले की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही जल्द से जल्द की जाएगी । मंदिर एक पवित्र स्थान है जिसके आसपास इस तरह की अवांछित हरकतें स्वीकार्य नहीं हो सकती। अगर बड़ी संख्या में लोग यह आरोप लगा रहे हैं कि उन की आराध्य देवी मां शीतला के साथ एक परिवार द्वारा अभद्रता की जा रही है तो फिर उसे रोकने की जरूरत है।

अच्छी बारिश से किसानों के खिले चेहरे, 70 फीसदी से ज्यादा हुई बोनी

■ **धान रोपाई करती महिलायें गा रही खुशी के गीत**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। महासमुंद जिले में शनिवार और रविवार को हुई बारिश ने किसानों की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। पानी बरसा तो किसान खुशी से झूम उठे। यह बारिश किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। पिछले कई दिनों से बारिश न होने से किसान बेहद परेशान थे। उनको अपनी फसलों के बर्बाद होने की चिंता सता रही थी। यही दुआ कर रहे थे कि किसी भी तरह पानी बरसा दो।

मानसून आने के बाद जिले में खरीफ की बुआई भी हो चुकी है और धान के साथ अन्य फसल भी खेतों में नजर आने लगी है। लेकिन, आसमान से बादल जैसे गायब ही हो गए। प्रचंड गर्मी से लोग बेहाल हुए तो खेतों की फसलें भी मुरझाने लगीं। यह देखकर किसान फिक्रमंद हो गए थे। अब तक अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही है।

किसानों ने खरीफ 2020 में लगभग 70 प्रतिशत बोनी पूरी कर ली है। किसान धान रोपा मेंव्यस्त हो गए है। हर तरफ खेतों में महिलाएं रोपा लगाती हुई नजर आ रही है। धान रोपती महिलाएं खुशी के गीत गाती दिखाई देने लगी है। कृषि विभाग द्वारा जिले में तकरीबन 2 लाख 66 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोनी करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध अब तक लगभग 1 लाख 87 हजार हेक्टेयर में किसानों द्वारा खरीफ मौसम की धान, मक्का, दलहन और तिलहन फसलों की बुआई पूरी की जा चुकी है। पिछले साल इस अवधि में बोनी का प्रतिशत कम था। जिले में चालू मानसून के दौरान विगत एक जून से 10 जुलाई तक 407 मिलीमीटर औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में किसानों द्वारा धान रोपाई का काम किया जा रहा है।

कृषि अधिकारियों ने बताया कि विभाग की ओर से जिले के किसानों को 61350 क्विंटल प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों द्वारा विभिन्न खरीफ फसलों के लिए लक्ष्य से अधिक 73110 हजार क्विंटल बीजों का वितरण किया जा चुका है। इस में स्थानीय बीज विक्रेता भी शामिल है, वहीं 51538 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया गया है। लक्ष्य 64590 मेट्रिक टन था। प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियों में मांग के अनुसार किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराने की कार्रवाई की चल रही है। किसानों के लिए सस्ता कृषि लोन मिल रहा है। वही खेती में तकनीकी प्रयोग बढ़ाने पर केन्द्र और राज्य सरकार का विशेष जोर है। साथ ही कृषि उपज की लागत कम करने पर भी जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को उपज का सही मूल्य दिलाने के प्रति वचनबद्ध है। कृषि बीमा योजना से किसानों को राहत भी मिल रही है।